✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 61 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 27 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



कारगिल विजय दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं अन्य

## संक्षिप्त समाचार

### 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिला खुफिया इकाई और स्पेशल टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी मोहम्मद नसीम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नसीम कोचाधामन थाना क्षेत्र के बुढ़ीमारी गांव में 1 से 2 फरवरी 2024 की रात हुई डकैती और पुलिस पर हमले के मामले में वांछित था। घटना के दौरान जब पुलिस की गश्ती टीम मौके पर पहुंची तो अपराधियों ने गोलियां चलाईं और बम से हमला कर दिया। इस हमले में एक जवान घायल हो गया था।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**गयाजी (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के विष्णुपद थाना क्षेत्र स्थित घुघड़ीटाड़ मोहल्ले के पास कब्रिस्तान के समीप पेड़ से लटका युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान उसी मोहल्ले के रहने वाले सौरभ कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही विष्णुपद थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही परिजनों ने शव को पेड़ से उतारकर अपने घर ले गए। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

### सड़क हादसे में महिला कांवरिया की मौत

**मोतिहारी (नबिटा ब्यूरो)।** कोटवा थाना क्षेत्र के बेलवा पेट्रोल पंप के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 पर सड़क हादसे में महिला कांवरिया की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। देवरिया से कांवर यात्रा पर निकले श्रद्धालु पिकअप वाहन से देवघर जा रहे थे। बेलवा पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर तेज रफ्तार ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण एक महिला कांवरिया सड़क पर गिर पड़ी। वह ट्रक की चपेट में आ गयी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पोखर में डूबने से छात्र की मौत

**बेगूसराय (नबिटा ब्यूरो)।** चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के सकरबासा गढसाइल स्थित बहियार में पोखर में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। स्कूल में छुट्टी के बाद स्नान करने के लिए पहुंचा था। इस दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई है। मृतक की पहचान सकरबासा निवासी उपेंद्र यादव के बेटे प्रणव कुमार के तौर पर हुई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है।

### स्पर्शाघात से मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के कोचस प्रखंड स्थित डढाव गांव निवासी स्व. सुनील सिंह की पत्नी रूबी देवी की मौत शनिवार को स्पर्शाघात से हो गयी। बताया जाता है कि वह घरेलू कार्यों से निवृत्त होकर किसी काम से छत पर जा रही थीं तभी उसके ऊपर से गुजर रही विद्युत प्रवाहित नंगी तार की चपेट में आ गईं। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## मुख्यमंत्री ने मधुबनी को दी 426 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

# विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सरकार का करें सहयोग : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मधुबनी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज जिले के लौकही में प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित विकास योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। उन्होंने लौकही के सूर्य प्रसाद प्लस टू उच्च विद्यालय के परिसर में बने हेलीपैड पर उतरने के बाद निश्चय रथ पर सवार होकर कार्यक्रम स्थल तक रोड शो किया। इस दौरान वहां उपस्थित जनसमूह ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कुल 426 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 178 करोड़ रुपये की लागत की पथ निर्माण विभाग द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ-527 बी एवं खजौली रेलवे स्टेशन-जयनगर रेलवे स्टेशन के बीच अवस्थित रेलवे समपार संख्या-39सी (रेलवे किमी चैनेज-47+445) पर आरओबी सहित पहुंच पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 264.93 करोड़ की लागत की जल संसाधन विभाग द्वारा पुरानी कमलाधार, जीवछ कमला का पुनर्जीवन कार्य तथा 161.08 करोड़ रुपये लागत की पुरानी कमला नदी एवं जीवछ कमला नदी पर 04 अदद बीयर एवं अन्य संरचना के निर्माण कार्य एवं इससे सिंचाई सुविधा बढ़ाने तथा बाढ़ न्यूनीकरण कार्य का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 14.53 करोड़ रुपये की लागत की नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नगर निगम, मधुबनी क्षेत्रान्तर्गत बस स्टैंड निर्माण योजना का शिलान्यास तथा 31.13 करोड़ रुपये लागत की पर्यटन विभाग द्वारा फूलहर स्थान, हरलाखी में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास कार्य का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व. हरि प्रसाद साह की मूर्ति का अनावरण किया और माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सीएम नीतीश ने कहा कि ये सभी योजनाएं क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को तो मजबूत करेंगे ही, साथ-साथ स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगी। इसके अलावा रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगे। सीएम नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में लोगों से अपील की कि वे विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में प्रशासन और सरकार का सहयोग करें। इससे इनके लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौरी, सांसद संजय (शेष पृष्ठ 10 पर)

# नीतीश सरकार ने बढ़ाया पत्रकारों का पेंशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पत्रकारों का पेंशन बढ़ाने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि 'बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना' के तहत अब पत्रकारों को 6,000 की जगह 15,000 रुपए प्रतिमाह पेंशन मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इसे तुरंत लागू करने के निर्देश भी दे दिए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि जिन पत्रकारों की मृत्यु हो चुकी है उनके आश्रित पति या पत्नी को भी जीवन भर 10 हजार रुपए प्रति माह की पेंशन दी जाएगी। पहले यह राशि केवल तीन हजार रुपए थी। यह फैसला उनके सम्मानजनक जीवन-यापन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा है कि लोकतंत्र में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं और सामाजिक विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। पत्रकारों की सुविधाओं का हम लोग शुरू से ख्याल रख रहे हैं ताकि वे निष्पक्ष होकर अपनी पत्रकारिता कर सकें और सेवानिवृति के उपरांत सम्मानजनक तरीके से अपना जीवन-यापन कर सकें। इस बीच बिहार वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा

#### ■ बिहार वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

सेवानिवृत्त पत्रकारों की मासिक पेंशन 6000 से बढ़ाकर 15,000 करने की घोषणा का गर्मजोशी से स्वागत किया है। यूनियन के अध्यक्ष महेश कुमार सिन्हा एवं उपाध्यक्ष कमल किशोर, विष्णुकांत मिश्र ने कहा कि यह पेंशन योजना वर्ष 2020 में सरकार द्वारा शुरू की गई थी जिसकी यूनियन की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा यह निर्णय पत्रकार समुदाय के लिए बेहद राहतकारी है जो सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक कठिनाइयों से जूझते हैं। भारतीय पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष अमर मोहन प्रसाद, राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य शिवेंद्र नारायण सिंह, वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल किशोर, विष्णुकांत मिश्रा, एस. पी. सिन्हा सहित कई वरिष्ठ पत्रकारों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस निर्णय की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है। बिहार वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन ने मुख्यमंत्री के इस फैसले को पत्रकार हित में ऐतिहासिक कदम बताया है।

## स्कूलों में 15 अगस्त से पहले बहाल होंगी बुनियादी सुविधाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने राज्य के सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशकों और जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है कि आगामी स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त से पहले राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। एस सिद्धार्थ ने अपने पत्र में यह लिखा कि सरकारी स्कूलों को सुविधा से लैस बनाने के लिए विभाग द्वारा लगातार किए गए प्रयासों के बावजूद निरीक्षण के दौरान कई कमियां पायी गई हैं जबकि स्कूलों में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उन्हें जिला शिक्षा पदाधिकारियों के माध्यम से 50-50 हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने 15 अगस्त को स्कूलों में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर विद्यालय परिसर में स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित तस्वीरें ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। डॉ. सिद्धार्थ ने अपने पत्र में कहा है कि सभी सरकारी स्कूलों में विद्यालय का विद्युतिकरण सुनिश्चित किया जाए। कक्षाओं में पर्याप्त संख्या में बल्ब, ट्यूब लाइट्स और पंखे चालू हालत में हों। उन्होंने लिखा है कि पेयजल के लिए निर्मित वाटरपोस्ट के सभी नल खराब स्थिति में (शेष पृष्ठ 10 पर)

## अंचल कार्यालयों की रैंकिंग में हसपुरा अंचल सूबे में पहले स्थान पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य के सभी 534 अंचल कार्यालयों की समीक्षा कर उनकी जून माह की रैंकिंग जारी कर दी है जिसमें औरंगाबाद का हसुपरा अंचल पहले स्थान पर है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से नियमित रूप से अंचल कार्यालयों से लेकर जिलों में किये जा रहे राजस्व कार्यों की समीक्षा की जा रही है। इसका उद्देश्य आम जनता को राजस्व विभाग की सेवाओं का लाभ समय से और समुचित रूप से उपलब्ध कराना है। विभाग की ओर से राज्य के सभी 534 अंचल कार्यालयों के कार्यों की समीक्षा कर उनकी जून महीने की रैंकिंग जारी की गई है। विभाग ने बताया कि जून माह की रैंकिंग में औरंगाबाद का हसपुरा अंचल, बांका के फुल्लीडुमर अंचल को पछाड़कर पहले स्थान पर पहुंच गया है। इस माह फुल्लीडुमर छठे स्थान पर खिसक गया है। सीतामढ़ी का बैरगनिया अंचल पिछले माह के 28 वें स्थान से लंबी छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर आ गया है। बेगूसराय का खोदाबंदपुर अंचल लगातार तीसरे माह अपना तीसरा स्थान बरकरार रखे हुए है। जमुई का लक्ष्मीपुर अंचल छठे से चौथे स्थान पर तो मुजफ्फरपुर का पारू अंचल इस माह चौथे से पांचवें स्थान पर खिसक गया है। बक्सर का चक्की अंचल नौवें से सातवें, पूर्वी चंपारण का केसरिया अंचल 12 वें आठवें, नालंदा का राजगीर अंचल 52 वें नौवें और जहानाबाद का रतनी फरीदपुर अंचल 11 वें से 10 वें स्थान पर आ गया है। विभाग के अनुसार अंचल कार्यालयों की रैंकिंग परिमार्जन प्लस, म्यूटेशन, अभियान बसेरा-2, आधार सीडिंग की स्थिति के आधार पर की जाती है। रैंकिंग में अंचल कार्यालयों को म्यूटेशन पर 20 अंक, परिमार्जन प्लस पर 25 अंक, अभियान बसेरा-2 पर 15 अंक, आधार सीडिंग पर 2.5 अंक, ऑनलाइन एलपीसी पर 2.5 अंक, ई मापी पर 15 अंक, अतिक्रमणवाद निबटारे पर पांच अंक, जमाबंदी पर पांच अंक और सरकारी जमीन की इंट्री और वेरीफिकेशन पर 10 अंक दिये जाते हैं। इनमें सबसे अधिक अंक परिमार्जन प्लस पर मिलते हैं। विभाग ने बताया कि जून माह में जारी रैंकिंग में कई अंचलों की कार्यप्रणाली में व्यापक स्तर पर सुधार हुआ है। पूर्णिया का बायसी अंचल 180 वें स्थान से इस माह 11 वें, बेगूसराय का मंसूरचक अंचल 47 वें से 13 वें, समस्तीपुर का खानपुर अंचल 324 वें स्थान से 18 वें पर आ गया है।

## बिहार में और तेज होगा राशन कार्ड बनाने का अभियान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने राशन कार्ड निर्माण की गति और तेज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों से कहा कि मौजूदा अभियान में तेजी लायी जाए। दरअसल, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राज्य में कैंप मोड में राशन कार्ड निर्माण का अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सभी जिलों में योग्य एवं वांछित लाभुकों की पहचान कर उनका राशन कार्ड बनवाया जा रहा है। विशेषकर अनुसूचित जाति, जनजाति, महादलित परिवारों के लिए सरकार विशेष पहल कर रही है। विभाग के अनुसार डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान एवं महिला संवाद में मिले राशन कार्ड के आवेदन पर तीव्रता से कार्रवाई की जा रही है।

## अयोध्या की तर्ज पर विकसित होगी श्री जानकी जन्मभूमि : सीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सीतामढ़ी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज़ सीतामढ़ी जिला अंतर्गत पुनौरा धाम में स्थित श्री जानकी जन्मभूमि मंदिर परिक्षेत्र के लिए स्वीकृत समग्र विकास योजना का स्थल भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने माँ सीता उर्विजा कुंड (माँ जानकी की प्रकाट्य स्थली) का भी मुआयना कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा श्रद्धालुओं हेतु उपलब्ध करायी जानेवाली सुविधाओं, आगामी 8 अगस्त को होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या के समग्र विकास की तर्ज पर पुनौरा धाम में स्थित श्री जानकी जन्मभूमि, पुनौरा धाम मंदिर परिक्षेत्र का समग्र विकास तथा निर्मित होने वाले भव्य मंदिर भवन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मां जानकी मंदिर भवन की पुरानी संरचना को ज्यों का त्यों रखा जायेगा। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मां जानकी मंदिर परिसर में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान, श्रद्धालुओं एवं नागरिक सुविधाओं का विकास ठीक ढंग से हो सके, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि यहां राज्य सरकार द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या के समग्र विकास की तर्ज पर पुनौरा धाम में स्थित श्री जानकी जन्मभूमि, पुनौरा धाम मंदिर परिक्षेत्र का समग्र विकास किया जाएगा, इसके लिए हमलोगों ने मंत्रिपरिषद की बैठक में मंजूरी दे दी है। यहां भव्य मंदिर बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां मां जानकी की पूजा-अर्चना करने आएंगे। पर्यटकों के आगमन से रोजगार का भी सृजन होगा। मुख्यमंत्री ने मां जानकी मंदिर, पुनौरा धाम में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री को पाग एवं चुनरी भेंटकर उनका स्वागत किया गया।

## दो अगस्त को ग्राहकों के लिए बंद रहेंगे राज्य के 8417 डाकघर

**पटना(नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** डाक विभाग बिहार सर्किल के 22 डिवीजन के सभी 8417 डाकघरों में अब दो अगस्त को ग्राहकों का कोई काम नहीं होगा। इसमें पटना जीपीओ समेत 33 मुख्य डाकघर, 933 उप डाकघर और 7450 शाखा डाकघर शामिल है। सभी डाकघरों को दो अगस्त को ग्राहकों के लिए बंद रखा जाएगा। तीन अगस्त को रविवार है और चार अगस्त सोमवार के दिन से नये आईटी 2.0 सॉफ्टवेयर से काम शुरू हो जाएगा। पहले डाक विभाग बिहार सर्किल ने आईटी 2.0 सॉफ्टवेयर को पांच अगस्त से शुरू किया जाना था लेकिन नौ अगस्त को रक्षाबंधन होने के कारण इसे अब चार अगस्त को ही शुरू करने का निर्णय लिया गया है। राखी भेजने के लिए तमाम डाकघर में लोग पहुंच रहे हैं। इसको देखते हुए विभाग ने यह निर्णय लिया है। बता दें कि डाक विभाग बिहार सर्किल के सभी डाकघरों में नये सॉफ्टवेयर से काम शुरू किया जा रहा है।




# प्राकृतिक सिंदूर की खेती आश्चर्यजनक : राज्यपाल

पुष्पांकर / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक कृषि क्षेत्र के भविष्य हैं और प्रोद्यौगिकी एवं नवाचार के माध्यम से देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने शनिवार को जिले के सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में यह विश्वविद्यालय कई उत्पादों को पहचान दिलाने में भूमिका निभा रही है। खासकर, प्राकृतिक सिंदूर की खेती आश्चर्यजनक है। मैंने कभी सोचा नहीं था कि सिंदूर के उत्पादन के साथ-साथ उसका खाने में भी प्रयोग होगा। यह उपलब्धि कृषि वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। श्री खान ने कहा कि पहली बार इस विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के द्वारा नीरा के पाउडर और लिक्विड तैयार किया गया है और इसे छह महीने तक प्रयोग में लाया जा सकता है। यह दुनिया में अपने तरह का पहला उत्पाद है। इसके अलावे नई दिल्ली स्थित पैकेजिंग इंस्टीट्यूट के सहयोग से बिहार कृषि विश्वविद्यालय कतरनी चूड़ा और चावल की पैकेजिंग करने जा रही है। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आज कृषि क्षेत्र में नये तकनीक एवं विभिन्न उत्पाद के खेती से किसानों की उन्नति हुई है। केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर कृषि क्षेत्र में तेजी से काम कर रही है। यह विश्वविद्यालय अपने होनहार छात्रों और वैज्ञानिकों के सहयोग से नये-नये उत्पादों को पहचान देने में लगी हुई है जिससे प्रदेश के किसानों को काफी लाभ मिल रहा है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास कृषि कार्य से जुड़ा हुआ है और आज किसान सरकारी योजनाओं से लाभ उठाकर तरक्की कर (शेष पृष्ठ 10 पर)

# सरकारी स्कूलों में सुनिश्चित हो बुनियादी सुविधाएं : एस सिद्धार्थ

## बालक व बालिकाओं के लिए हो साफ-सुथरे शौचालय की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने राज्य के सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशकों और जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है कि आगामी स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त से पहले राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि सरकारी स्कूलों को सुविधायुक्त बनाने के लिए विभाग द्वारा लगातार किए गए प्रयासों के बावजूद निरीक्षण के क्रम में कई कमियां पायी गई हैं जबकि स्कूलों में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उन्हें जिला शिक्षा पदाधिकारियों के माध्यम से 50-50 हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने आगामी 15 अगस्त को स्कूलों में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर विद्यालय परिसर में स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित तस्वीरें ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। डॉ. एस सिद्धार्थ ने अपने पत्र में कहा है कि सभी सरकारी स्कूलों में विद्यालय का विद्युतिकरण सुनिश्चित किया जाए। कक्षाओं में पर्याप्त संख्या में बल्ब, ट्यूब लाइट्स और पंखे चालू हालत में हों। उन्होंने लिखा है कि निरीक्षण के क्रम में पाया गया है कि पेयजल के लिए निर्मित वाटरपोस्ट के सभी नल खराब स्थिति में हैं। शौचालयों में रनिंग वाटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कई स्कूलों के शौचालयों में मिट्टी भरा हुआ पाया गया है। शिक्षा विभाग के एसीएस ने सभी स्कूलों में बालक एवं बालिकाओं के लिए तीन-तीन शौचालय और महिला शिक्षिकाओं के लिए भी अलग से शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। एस सिद्धार्थ ने स्कूलों के गलियारों में बेतरतीब तरीके से रखे गए टूटे हुए फर्नीचर और कबाड़ को भी हटाने का निर्देश दिया है। कहा कि स्कूल के अच्छे कमरों में कबाड़ भरकर बच्चों की कक्षाएं कहीं अन्यत्र न लगाई जाए। साथ ही कमरों के अभाव में अलग से पुस्तकालय और आईसीटी लैब स्थापित न किया जाए।

## डॉ. ए. पी.जे.अब्दुल कलाम को दी गयी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र, पटना एवं बिहार राज्य सिविल सर्विसेज फाउंडेशन, पटना के द्वारा डॉ. ए. पी.जे.अब्दुल कलाम की 10वीं पुण्यतिथि के पूर्व दिवस पर अनेक प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता (डॉ. कलाम के जीवन पर आधारित) संपन्न हुई। आज के दिन सभी लोगों के द्वारा डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि दी गई। ललित कुमार सिंह, फाउंडर, बिहार राज्य सिविल सर्विसेज फाउंडेशन, सह-उप निदेशक, बापू टावर पटना ने विषय प्रवेश करते हुए डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के साथ रहते हुए उनकी कथा सुनाई तथा विषय प्रवेश कराया। बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए हुए लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में डॉ. गोपाल शर्मा, नवीन कुमार एवं कर्नल अमित सिन्हा बनाए गए थे। पारितोषिक वितरण पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सह मुख्य अतिथि प्रो. रास बिहारी प्रसाद सिंह के हाथों डॉ. कलाम साहब की पुण्य तिथि के अवसर पर राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र, पटना में पूर्वाह्न 11:00 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम का उदघाटन भाषण करते हुए राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र, पटना निदेशक डॉ. गोपाल शर्मा ने विद्यार्थियों को कला अथवा अन्य प्रतिभा निखारने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि आज से ही किसी कला या विधा में रुचि का विकास करें। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इन प्रतियोगिता में भाग लेकर डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## पूर्व सीएम कृष्ण बल्लभ सहाय की आदमकद प्रतिमा को खंडित किए जाने पर 'जीकेसी' ने जताई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना / नई दिल्ली।** झारखंड के हजारीबाग में देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्मृति शेष कृष्ण बल्लभ सहाय की आदमकद प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किए जाने की घटना पर ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) ने गहरी नाराजगी जताई है और इस घटना में शामिल दोषियों का पता लगाकर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, राष्ट्रीय महासचिव नवीन कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने आज जारी बयान में कहा कि शुक्रवार को हजारीबाग के संत कोलंबस कॉलेज के सामने स्थापित केबी सहाय की आदमकद प्रतिमा को खंडित किए जाने की शर्मनाक घटना घटी है और यह ऐतिहासिक विरासत का अपमान तथा सामाजिक मूल्यों पर हमला है। बयान में कहा गया है कि केबी सहाय जैसे महामानव की प्रतिमा को खंडित करना न केवल शर्मनाक है बल्कि राष्ट्र के गौरव पर सीधा प्रहार है। जीकेसी की ओर से मांग की गई है कि मामले में दोषियों को गिरफ्तार कर शीघ्र उन पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। बयान में झारखंड सरकार और हजारीबाग जिला प्रशासन से खंडित प्रतिमा की तत्काल मरम्मत किए जाने और उसकी पुनर्स्थापना की भी मांग की गई है।

जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल किशोर ने कहा कि यह घटना ऐतिहासिक स्मारकों की सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक जिम्मेदारी पर भी सवाल खड़ा करती है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो, इसके लिए प्रभावी निगरानी, सीसीटीवी कैमरे और स्मारक स्थल पर सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित किया जाना भी जरूरी है। गौरतलब है कि कृष्ण बल्लभ सहाय ने न सिर्फ देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी बल्कि उनके नेतृत्व में संयुक्त बिहार में बरौनी रिफाइनरी, बोकारो स्टील प्लांट, तिलैया सैनिक स्कूल जैसे दर्जनों बड़े संस्थान, प्रतिष्ठान स्थापित किए गए जो आज भी उनकी दूरदर्शिता और जन सेवा के प्रतीक के रूप में देखा जाता है।

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जल्द होगा पूरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भवन निर्माण विभाग की ओर से बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक और आवासीय भवनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत कई भवनों का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है जबकि कुछ भवनों का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। विश्वविद्यालय का निर्माण 224.53 एकड़ भूखंड में किया जा रहा है। भवन में 1200 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम भी बनाया जाएगा जिसमें कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। खेल प्रेमियों के लिए आउटडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है जिसका कार्य प्रगति पर है। गेस्ट हाउस में ठहरने वालों के लिए 40 सिंगल कमरे, 10 वीआईपी कमरे और 20 डोरमेटरी बेड का निर्माण किया जाएगा। ब्वॉयज हॉस्टल में 350 स्नातक छात्रों के लिए डबल सीटर बेड, 210 स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सिंगल सीटर बेड और 140 पीएचडी छात्रों के लिए सिंगल सीटर बेड लगाए जाएंगे। साथ ही छात्राओं के लिए हॉस्टल में 200 स्नातक छात्राओं के लिए डबल सीटर बेड, 90 स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए सिंगल सीटर बेड और 60 पीएचडी छात्राओं के लिए सिंगल सीटर बेड की सुविधा रहेगी। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। डेयरी इंजीनियरिंग सहित कई भवनों का निर्माण पूर्ण हो गया है। बचे हुए कार्य को जल्द पूरा करने का निदेश दिया गया है। भवन आधुनिक तकनीक और नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित है। अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के लिए यहां बेहतर सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा जिसमें अनुसंधान केंद्र, प्रशिक्षण सुविधाएं और छात्रों के लिए बेहतर आवास की व्यवस्था होगी। छात्र-छात्राओं के साथ ही वैज्ञानिकों के रहने की भी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। ग्रीन बिल्डिंग फीचर्स का ध्यान रखा जा रहा है। डेयरी इंजीनियरिंग का निर्माण क्षेत्रफल 5 हजार 704 वर्गमीटर है। इसमें डेयरी प्रोसेस इंजीनियरिंग लैब, फूड इंजीनियरिंग लैब एवं कम्प्युटर लैब समेत अन्य कई तरह के लेबोरेटरी बनाए गए हैं। इसके अलावा एक वर्कशॉप तथा चार सेमिनार हॉल का निर्माण किया गया है। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में तीन मंजिला डेयरी इंजीनियरिंग भवन, आईएलएफसी प्रशासनिक ब्लॉक, कम्युनिटी सेंटर, शॉपिंग भवन, सेंट्रल स्टोर, पशु प्रयोगशाला, फीड विश्लेषण एवं क्वालिटी कंट्रोल प्रयोगशाला, कुलपति आवास सहित कई भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

## गयाजी और दरभंगा में गैंगरेप की वीभत्स घटना सरकार के मुंह पर तमाचा : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गयाजी में होमगार्ड की बहाली में दौड़ के दौरान बेसुध हुई महिला को अस्पताल ले जाने के क्रम में एंबुलेंस में गैंगरेप किए जाने और दरभंगा के बिरौल में युवती के साथ गैंगरेप की घटनाओं को वीभत्स अपराध बताते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार में अपराधियों के अंदर से कानून व्यवस्था और पुलिस का भय समाप्त हो चुका है। इस तरीके से महिलाओं के साथ राज्य में हो रहे अपराध पर कांग्रेस पार्टी सरकार से अपेक्षा करती है कि पीड़िताओं के साथ त्वरित न्याय हो और अपराधियों को कड़ी सजा मिले। बिहार कांग्रेस लगातार महिलाओं के साथ घटित हो रहे अपराध की निंदा करती है और हम पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ उनके संघर्ष में मजबूती से खड़े रहेंगे। प्रदेश में स्थापित गुंडाराज से महिलाएं, किसान, युवा, व्यवसायी सभी बेहाल हो चुके हैं, लेकिन एनडीए सरकार ने अपराधियों के हाथों बिहार को गिरवी रख दिया है। इसकी हम कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हैं और पीड़ित को न्याय दिलाने और अपराधियों में कानून व्यवस्था का भय बनाने की मांग सरकार से करते हैं। एनडीए सरकार सदन के अंदर भी गुंडाराज स्थापित की है और बाहर अपराधियों को संरक्षण देकर राज्य की जनता को अपराधियों के भरोसे छोड़ दिया है।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने धनबाद-टोरी-शिवपुर रेलखंड एवं शिवपुर साइडिंग का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा धनबाद-टोरी-शिवपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा इस रेलखंड के मध्य स्थित स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई एवं रेलवे ट्रैक का संरक्षा की दृष्टिकोण से गहन जायजा लिया गया। इसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा शिवपुर साइडिंग स्टेशन पर सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साइडिंग के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास तथा कोल लोडिंग को बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने शिवपुर स्टेशन केक्रू-लॉबी एवं पैनल रूम का भी गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का 8वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विद्यापीठ, पटना के अधीन संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के 8वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज देशरत्न सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय अवसर की अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी विजय प्रकाश ने की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ जिसमें महाविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने महाविद्यालय में वर्ष भर संचालित शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत थॉमस अल्वा एडिसन पर आधारित प्रेरणादायक नाटक, पारंपरिक कजरी गीत, मनमोहक नृत्य प्रस्तुति और भावविभोर कर देने वाली गजल गायन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में विजय प्रकाश ने शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी हस्तक्षेप और उसकी आवश्यकता पर बल देते हुए कहा वर्तमान युग में तकनीक की तीव्र गति ने मानव संसाधन के समक्ष अपनी उपयोगिता प्रमाणित करने की नई चुनौतियां प्रस्तुत की हैं। ऐसे में शिक्षक प्रशिक्षुओं को समय के साथ कदमताल मिलाकर चलने की आवश्यकता है। समारोह का कुशल संचालन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका कुमारी श्रुति द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश, निदेशक डॉ. मृदुला प्रकाश, संयुक्त सचिव अवधेश कुमार नारायण, वित्त मंत्री नीरज कुमार सिन्हा, पूर्व वित्त मंत्री विवेक रंजन, एआईसी के सी.ओ.ओ. प्रमोद कर्ण, महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण, प्रशिक्षु तथा बिहार विद्यापीठ के अन्य सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

## बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने गठित की स्क्रीनिंग कमेटी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने के लिए कांग्रेस ने अपनी स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर गठित इस समिति की जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता अजय माकन को सौंपी गई है। समिति में प्रणति शिंदे, इमरान प्रतापगढ़ी और कुणाल चौधरी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह कमेटी तत्काल प्रभाव से सक्रिय हो गई है और आगामी चुनाव में उम्मीदवारों के चयन से लेकर पार्टी की रणनीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। स्क्रीनिंग कमेटी में कई पदेन सदस्य भी शामिल किए गए हैं जिनमें बिहार कांग्रेस मामलों के एआईसीसी प्रभारी कृष्ण अल्लावारु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, विधान परिषद में नेता मदन मोहन झा, एआईसीसी सचिव देवेंद्र यादव, शाहनवाज आलम और सुशील कुमार पासी शामिल हैं। कांग्रेस की यह कवायद राज्य में संगठन को मजबूत करने और सीटों के संतुलित बंटवारे के साथ उपयुक्त उम्मीदवार तय करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार स्क्रीनिंग कमेटी जल्द ही बिहार के विभिन्न जिलों के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेगी और संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार करेगी। बिहार में राजनीतिक सरगर्मियों के बीच कांग्रेस की यह पहल आगामी चुनावी मोर्चे के लिए उसकी सक्रियता और गंभीरता को दर्शाती है।

## बिहार के बिना विकसित भारत नहीं बन सकता : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** शनिवार की शाम शहर के होटल मौर्य में एडवांटेज डायलॉग मैं हूं बिहार (एपिसोड-7) का आयोजन किया गया। 'कन्वर्जेंट मीडिया एंड बिहार, माजी से मुस्तकबिल तक' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शिरकत की और अपने विचार रखे। इसमें उन्होंने कहा कि मैं हूं बिहार, अपने आप में ही बेहद महत्वपूर्ण शब्द है। बिहार जिसे कभी मगध कहते थे उसने अखंड भारत भी बनाया। लंबे समय से बिहार की राजनीति में काम कर रहा हूं, कई सरकारों को देखा और काम करने का तरीका भी देखा। नीतीश कुमार जब सत्ता में आए तब जाकर बिहार ने काफी तेजी से तरक्की की है। हमारे बजट को देखें यह आज काफी बढ़ चुका है। विकास के हर क्षेत्र में बिहार ने तेज तरक्की की है। अब बिहार बदल चुका है। आज बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय का उद्घाटन हो चुका है। आज पटना में एक करोड़ यात्रियों की क्षमता वाला एयरपोर्ट बन चुका है। दरभंगा में एयरपोर्ट बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट इंडस्ट्री के बिना राज्य का तेज विकास नहीं हो सकता है। राज्य में आधारभूत संरचना का काफी विकास हो चुका है यहां अब निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने की जरूरत है। बिहार के बिना देश विकसित नहीं होगा। हमारी कोशिश है कि बिहार आगे बढ़े। कार्यक्रम में देश के नामचीन पत्रकारों और चर्चित शख्सियतों ने बिहार के राजनैतिक परिदृश्य में मीडिया, इसकी चुनौतियां और जिम्मेदारियों पर अपनी बातें रखी।

## धूमधाम से मनाई गयी श्री दादीजी झूलनोत्सव तथा सिंधारा महोत्सव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शक्तिधाम सेवा न्यास द्वारा आज बैंक रोड स्थित शक्तिधाम मंदिर में श्री राणीसती दादीजी का झूलनोत्सव सिंधारा एवं सावन तीज महोत्सव बड़े हीं धूम धाम से मनाया गया। मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल के बताया कि दादीजी की सेवा में विशेष श्रृंगार किया गया, मेहंदी लगाई गयी तथा पूरे मन्दिर को बहुत हीं आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा छप्पन भोग लगाया गया जो सभी के मन को मोह रहा था। इस अवसर सैकड़ों की संख्या में महिलायें राजस्थानी वेश भूषा में सजकर लाल पीली साड़ी, चुनड़ी ओढ़े श्री दादीजी को झूलन झुलाते हुए गा रही थी।

## पटना में दो-तीन अगस्त को आयोजित होगा 'बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी' का 37वां संस्करण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** राजधानी पटना एक बार फिर फैशन और परंपरा के रंगों से सराबोर होने जा रही है। देशभर में प्रसिद्ध बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का अगला भव्य आयोजन पटना में होने जा रहा है जिसका 37वां संस्करण आगामी 2 और 3 अगस्त को होटल मौर्या में आयोजित किया जाएगा। यह दो दिवसीय भव्य प्रदर्शनी शहरवासियों को फैशन और जीवनशैली की नई परिभाषा से रूबरू कराएगी। इस फेस्टिव संस्करण में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिष्ठित डिजाइनर और ब्रांड्स भाग लेंगे जहां परंपरागत पोशाकों से लेकर आधुनिक इंडो-वेस्टर्न, डिजाइनर ज्वेलरी, लाइफस्टाइल और होम डेकोर प्रोडक्ट्स तक की आकर्षक रेंज पेश की जाएगी। करीब 40 से अधिक स्टॉल्स में विविधता से भरपूर बेहतरीन कलेक्शन देखने को मिलेगा जिसे खासतौर पर आगामी त्योहारों और शादी-विवाह के सीजन को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रदर्शनी के आयोजक संजय अग्रवाल ने बताया बुटीक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का उद्देश्य सिर्फ एक एग्जीबिशन आयोजित करना नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जो देशभर के उभरते और स्थापित डिजाइनरों को सीधे ग्राहकों से जोड़ता है। पटना में फैशन को लेकर जिस प्रकार की जागरूकता और उत्साह हाल के वर्षों में देखा गया है, वह सराहनीय है। यही कारण है कि हम अपने हर संस्करण में शहर को कुछ नया और विशेष देने का प्रयास करते हैं। 37वें संस्करण में 40 से अधिक स्टॉल्स में क्यूरेटेड और प्रीमियम कलेक्शन पेश किया जाएगा जो फैशन प्रेमियों को एक नया अनुभव देगा।

## सावन की मस्ती में झूमीं इनरव्हील क्लब की महिलाएं




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इनरव्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र की ओर हरिलाल राजेन्द्र नगर में सावन मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम का संचालन क्लब के लावणी ग्रुप ने किया। इसमें क्लब की सदस्यों ने सावन के उल्लास को पूरे उत्साह और मनोरंजन के साथ मनाया। समारोह में आईएसओ सुधा बिदसरिया ने मॉकटेल मेकिंग और अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की। इसमें सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंच पर प्रस्तुत हुए नृत्य और संगीत ने समां बांध दिया और उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# नीतू कुमारी नवगीत और शुभम करेंगे गंगा की सफाई हेतु जन जागरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो






**पटना।** बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड बिहार ने प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत और गंगा स्वच्छता के लिए काम करने वाले शुभम कुमार को देश की राष्ट्रीय नदी गंगा की स्वच्छता, संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये ब्रांड एंबेसडर के रूप में जोड़ा जा रहा है। बुडको एमडी अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि शुभम कुमार द्वारा गंगा सफाई के लिये अपना योगदान करेंगे। शुभम एवं उनकी संस्था द्वारा गंगा सफाई के प्रति अटूट समर्पण और नीतू कुमारी नवगीत कला के माध्यम से जनजागरण करती हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि ये दोनों प्रेरणास्रोत 'नमामि गंगे' के मिशन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हम उनके साथ मिलकर स्वच्छ और निर्मल गंगा के लिए और बेहतर कार्य करेंगे।

**नीतू कुमारी नवगीत संगीत से जगाती स्वच्छता की अलख**

डॉ. नीतू कुमारी नवगीत पहले से ही पटना नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के रूप में सक्रिय हैं। उनकी विशेषता है।

**कला के माध्यम से जागरूकता:** वे अपने मधुर लोक गीतों और नवगीतों के जरिए आम जनता को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और विशेषकर गंगा की स्वच्छता के प्रति प्रेरित करती हैं।

**'नमामि गंगे' को मिलेगा नया जोश**

इन दोनों प्रतिबद्ध हस्तियों को 'नमामि गंगे' का ब्रांड एंबेसडर बनाना इस महत्वाकांक्षी परियोजना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों अपनी-अपनी विशिष्ट शैली में गंगा संरक्षण के संदेश को बिहार के कोने-कोने तक पहुंचाएंगे और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करेंगी। शुभम कुमार 'बिंग हेल्पर फाउंडेशन' के संस्थापक है और गंगा घाटों की स्वच्छता के लिए सात वर्षों से अथक प्रयासरत हैं।

**बोतल फॉर ट्री प्रोटेक्शन अभियान:** इस पहल के तहत उन्होंने प्लास्टिक कचरे को संसाधन में बदला।

2.6 लाख से अधिक प्लास्टिक बोतलों को रिसाइकल करके ट्री गार्ड बनाए गए। इससे लगभग 50,000 पौधों को सहज सिंचाई और सुरक्षा प्रदान करने में सफलता मिली।

**निरंतर स्वच्छता अभियान:** गंगा घाटों पर हर रविवार को लगातार सात वर्षों से चल रहे उनके सफाई अभियान ने जनभागीदारी और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

CMYK

# जिलाधिकारी ने किया लोक शिकायत निवारण अंतर्गत मामलों का निस्तारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** लोक शिकायत निवारण अन्तर्गत प्राप्त 3 अपील आवेदनों पर जिलाधिकारी, रोहतास द्वारा सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान लोक प्राधिकार के रूप में जिला पंचायत राज पदाधिकारी रोहतास, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल सासाराम उपस्थित रहे। परन्तु दो अपीलार्थी सुनवाई के क्रम में उपस्थित नहीं हुये। लोक प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गई तथा उपस्थित पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान लक्ष्मी नारायण पाण्डेय एवं सुजीत प्रकाश के शिकायतों का निराकरण करते हुये निष्पादित किया गया। पंकज कुमार सिंहा के मामले में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को स्वयं जांचकर अनुपालन की कार्रवाई करते हुये प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहे। साथ ही लोक प्राधिकार को परिवादों के निस्तारण हेतु कई निर्देश दिये गये।

# विद्युत स्पर्शाघात से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस।** डढांव गांव में विद्युत स्पर्शाघात से महिला की मौत हो गयी। महिला बिजली प्रवाहित हो रहे तार के संपर्क में आ गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। मृत महिला डढांव गांव निवासी स्व. सुनील सिंह की 38 वर्षीय पत्नी रूबी देवी बतायी गयी है। घटना के संबंध में बताया गया है कि महिला घर में कार्य कर रही थी, कार्य समापन के बाद महिला किसी कार्य से छत पर जा रही थी जहां घर में लगे विद्युत धारा प्रवाहित नंगे तार के स्पर्श में आ गंभीर रूप में घायल हो गई। कुछ देर बाद परिजनों ने जब खोजबीन शुरू किया तो देखा कि मूर्छित अवस्था में जमीन पर पड़ी हुई है। घबराकर परिजन महिला को उपचार के लिए आनन-फानन में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक उपचार उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला के एक पुत्र है, पति की एक वर्ष पूर्व डढाव गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर शाम मे टहलने गए सड़क किनारे गड्ढे में भरे पानी में डूब कर मौत हो चुकी है।

# सीता कुंड में डूबने से श्रद्धालु की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** सीता कुंड में डूबने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई। बाबा गुप्तेश्वर नाथ के दर्शन को लेकर जिले के प्रसिद्ध गुप्ता धाम में कांवरियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी क्रम में गुरुवार को मंदिर परिसर स्थित सीता कुंड में स्नान करते समय एक कांवरिया की डूबने से मौत हो गई। मृतक कांवरिया की पहचान प्रदुमन कुमार, पिता जनक सिंह, ग्राम-कोरोना, थाना-मसौढ़ी, जिला- पटना के रूप में हुई। वह अपने साथियों के साथ बाबा गुप्तेश्वर नाथ के दर्शन के लिए आया था। साथ आए श्रद्धालुओं के अनुसार स्नान करते समय प्रदुमन कुमार फिसलकर गहरे पानी में चला गया। लगातार बारिश के कारण कुंड में जलस्तर बढ़ा हुआ था और तेज बहाव भी था। माना जा रहा है कि तेज धारा की चपेट में आने से वह डूब गया। घटना की सूचना पर चेनारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुंड से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। सावन में बढ़ती भीड़ के मद्देनजर गुप्ता धाम परिसर और स्नान घाटों पर अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया नवीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन का दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने मंडल के महत्वपूर्ण मल्टीट्रैक रेल पुल सोन ब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुल की संरचना, ट्रैक, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य तकनीकी एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं तथा पुल पर चल रहे निरंतर रेल संचालन का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हमेशा संरक्षा को प्राथमिकता देने एवं पुल की नियमित निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके उपरांत मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अंकोरहा रेलवे स्टेशन के पास स्थित नवीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने पावर प्लांट की रेल कनेक्टिविटी, कोयला आपूर्ति प्रक्रिया एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक ने कोयला अनलोडिंग टिप्पलर पर पहुंचकर कोयला उतारने की प्रक्रिया तथा रेक संचालन की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही पावर प्लांट के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें रेल संचालन, रेक मूवमेंट, यार्ड प्रबंधन और भविष्य की आवश्यकताओं पर चर्चा हुई। प्लांट प्रशासन द्वारा रेलवे से संबंधित विभिन्न सुझाव भी साझा किए गए। इस अवसर पर डीडीयू मंडल के संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य रेलवे और पावर प्लांट के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय स्थापित करते हुए रेल संबंधी कार्य प्रणाली को और बेहतर करना रहा।

अंकोरहा से लौटते समय मंडल रेल प्रबंधक ने डालमियानगर स्थित रेलवे भूमि का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर उसकी स्थिति देखी और आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही डिहरी ऑन सोन स्टेशन से वहां तक की रेल कनेक्टिविटी की स्थिति को दिखा।

# कांवरियों का जत्था बक्सर रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नासरीगंज (रोहतास)।** इटिम्हा गांव से सावन के पावन महीने में नवयुवक कांवरिया संघ के सौ श्रद्धालुओं का जत्था बस से बक्सर के लिए रवाना हुआ। कांवरियों के जत्था को मुखिया संघ के अध्यक्ष शशि कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कांवरियों का जत्था बक्सर से गंगा जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए सोमवार की सुबह इटिम्हा शिव मंदिर में आकर जलाभिषेक करेंगे। मुखिया ने बताया कि नवयुवक कांवरिया संघ का जत्था हर साल बक्सर जल लाने के लिए जाता है जहां से जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए इटिम्हा शिव मंदिर में भगवान भोले शंकर पर जलाभिषेक और पूजा अर्चना करते हैं। मौके पर सरपंच अजय प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद अनिल सिंह, उप मुखिया वीरेंद्र चौधरी, प्रेम कुमार, डॉ. गुड्डू पंडित, लाल बहादुर राम, अशोक साह, शिबू कुमार, जयप्रकाश, सिंहासन ठाकुर, सोनू गुप्ता व मंजेश आदि मौजूद थे।

# पैरवी संस्था के बैनर तले सामुदायिक सभा का आयोजन

## विचाराधीन बंदियों को न्याय तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क और मानवीय सहायता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** गायत्री मंदिर परिसर में पैरवी संस्था के बैनर तले एक महत्वपूर्ण सामुदायिक सभा का आयोजन किया गया जिसमें विधिक जोखिम में फंसे किशोरों और जेल में बंद विचाराधीन बंदियों की निःशुल्क जमानत सुनिश्चित करने तथा गांव स्तर पर बाल संरक्षण समिति को सशक्त बनाने के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। सभा के मुख्य अतिथि दीनबंधु वत्स (पैरवी, नई दिल्ली) ने कहा कि 'हमारा प्रयास है कि विधि के चक्रव्यूह में फंसे किशोरों तथा विचाराधीन बंदियों को न्याय तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क और मानवीय सहायता दी जाए। बाल अधिकारों की रक्षा के लिए गांव स्तर पर बाल संरक्षण समितियों को सक्रिय और सशक्त बनाना आज की आवश्यकता है।'

विशिष्ट अतिथि एडवोकेट पंकज कुमार सिंह (पटना हाईकोर्ट) ने कहा कि डिहरी, सासाराम से लेकर पटना हाईकोर्ट तक कानूनी सहायता देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। सभा की अध्यक्षता रोहतासगढ़ के मुखिया नागेंद्र यादव ने की। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग द्वारा फर्जी मुकदमों के माध्यम से ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। समहूता पंचायत के मुखिया रणजीत कुमार ने सभा में जेल में बंद पीड़ितों की एक सूची प्रस्तुत की जिनकी बेल प्रक्रिया पैरवी संस्था के माध्यम से शीघ्र शुरू की जाएगी। सभा में सरपंच पटेल शाह, पूर्व मुखिया संतोष कुमार भोला, कुमार कार्तिकेय, संजय कुमार यादव, अर्जुन कुमार, बलराम यादव, सिकन्दर कश्यप, अजित यादव, राजबल्लभ सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभा का संचालन मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'बाल संरक्षण समिति को गांव स्तर पर मजबूती से पुनर्गठित और प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि हर गांव में किशोरों के अधिकारों की रक्षा और विधिक सहायता की पहुंच सुनिश्चित हो सके।'

# भूमि अधिग्रहण मुआवजा को लेकर गांवों में विशेष शिविर का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर ( कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के बेलाव पंचायत के राजा के अकोढी गांव में शनिवार को भूमि अधिग्रहण मुआवजा को लेकर पंचायत भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया जहां किसानों की भूमि अधिग्रहण का मुआवजा देने का निर्देश मध्यस्थता कोर्ट से है जिनका भूमि भारत माला एक्सप्रेसवे पथ में जा रहा है जिसको लेकर सम्बंधित किसानों से कागजात लेने के लिए पंचायत भवन अकोढ़ी में सीओ अनु कुमारी द्वारा शिविर लगाया गया जहां किसानों ने अपना कागजात देने से इंकार किया। इस स्थिति में शिविर में आये पदाधिकारी व कर्मी खाली हाथ लौटना पड़ा किसान सोनू सिंह, तिलेश्वर दुबे, केश नाथ साह आदि ने बताया कि क्षेत्र के दर्जनों किसानों के भूमि से होकर भारत माला एक्सप्रेस वे पथ बनवाया जाना है। सम्बंधित किसानों को पहले के निर्धारित दर से दुगुना राशि देने के लिए आर्बिट्रेटर द्वारा आदेश दिया गया है। उसके हिसाब से राशि प्राप्त करने के लिए क्षेत्र के 39 किसानों ने भू-अर्जन कार्यालय में आवेदन दो माह पहले से दिया है जब उन किसानों को पैसा नहीं मिला तो हम लोग कैसे विश्वास करें कि कागजात जमा करने के बाद पैसा हम लोगों को भी मिल जाएगा।

# अखिल भारतीय हलवाई वैश्य महासभा की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय कानू हलवाई वैश्य महासभा की जिला कोर कमेटी की बैठक शनिवार को डिहरी में जिला कोषाध्यक्ष काजू गुप्ता के आवास पर जिलाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन संजीव कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों में संगठन का विस्तार किया जा रहा है जिसमें पिछले महीने में चेनारी विधानसभा का गठन किया गया। आगामी समय में डिहरी विधानसभा एवं सासाराम विधानसभा के साथ-साथ पूरे जिले में प्रखंड स्तरीय कमेटी की गठन की योजना बनाई गई जो 15 अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी। इसके उपरांत अगस्त के अंतिम सप्ताह में जिला महासम्मेलन करने पर सभी उपस्थित पदाधिकारी ने एक स्वर में सहमति दिए। बैठक में जिला संरक्षक ठाकुर प्रसाद गुप्ता, जिला महामंत्री प्रो. राजगृही प्रसाद गुप्ता, सासाराम अनुमंडल महामंत्री उमेश प्रसाद गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, चंदन गुप्ता, पूर्व जिला परिषद सह जिला उपाध्यक्ष भाजपा आरती गुप्ता, जिला संरक्षण कामता शाह, मुख्य सलाहकार गंगा शाह, राजू गुप्ता, संतोष गुप्ता, विद्यासागर गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित हुए।

## हलवाई समाज के लोग एक हों : नंदन गुप्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** दशकों से हलवाई समाज में चल रहे पद लोलुपता और राजनीतिक महत्वाकांक्षा में स्वार्थ वश दो गुटों में चल रहा है। समाज की एकजुटता जरूरी है। उक्त बातें हलवाई समाज के नंदन कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि जब तक हमलोग चट्टानी एकता का परिचय नहीं देंगे तब तक हमलोगों को मान सम्मान नहीं मिलेगा। उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि हलवाई समाज का वर्तमान सच्चाई यही है राजनीतिक महकमे में हलके में है और रहेगा। सभी राजनीतिक दलों के लिए एक अच्छा प्रयास यह रहेगा कि हलवाई समाज अपने कुल देवता के पूजन उत्सव को एक करें और अपने समाज को बिखरने से बचाए।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं की विधानसभा क्षेत्र स्तरीय कार्यशाला आयोजित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस।** आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला सह बैठक का आयोजन शनिवार को सासाराम रोड स्थित एक मैरेज हाल में हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने किया। बैठक में अध्यक्ष ने आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि हमें अपने-अपने बूथों को मजबूत करना है। एनडीए की सरकार में सभी क्षेत्रों में विकास हो रहा है। हमें किसी के बहकावे में नहीं आना है। सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर कार्यकर्ताओं को जुझारु रुप से लग जाना होगा। क्षेत्रीय प्रभारी अशोक भट्ट ने विधानसभा के सभी बूथों पर एक्टीविटी बढ़ाने एवं मतदाता पुनरीक्षण पर जोर दिए जाने की बात कही। वही जिला मंत्री सत्येंद्र दूबे ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता दिखाते हुए विधानसभा चुनाव की तैयारी में तन मन से लगने की बात कही। कार्यशाला में संतोष कुमार तिवारी, राजेश कुमार सिंह, गोविन्द गुप्ता, राजेन्द्र तिवारी, देव वंश मिश्रा, कृष्णा नन्द तिवारी, अनिल सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# साइबर ठगी के चार लाख वापस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**काराकाट।** थाना क्षेत्र के सकला बाजार निवासी धनंजय कुमार सिंह की साइबर ठगी के चार लाख रुपए शनिवार को वापस कराया गया। साइबर थानाध्यक्ष डीएसपी गौरव कुमार यादव के अनुसार धनंजय से नौ लाख की ठगी की गई थी जिसमें से चार लाख आज वापस कराए गए जबकि एक लाख चालीस हजार रुपये फोल्ड किया गया है। वह भी शीघ्र इनके खाते में वापस कराया जाएगा।

# मेहतर सेवा संघ की तृतीय वर्षगांठ पर भाग लेंगे 10 जिलों के प्रतिनिधि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 'मेहतर सेवा संघ बिहार' का तृतीय वर्षगांठ तीन अगस्त रविवार को समय 10 बजे दिन में रोहतास जिला स्थित डिहरी ऑन-सोन के झारखंडी मन्दिर परिसर ( जरासंघ भवन में ) मनाया जायेगा जिसमें रोहतास, कैमूर, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल, गया, पटना, मुंगेर एवं मधेपुरा आदि कई जिलों से प्रतिनिधिगण भाग लेंगे। संघ संरक्षक मोहन राम ने कहा कि इस तृतीय वर्षगांठ के पावन बेला पर संगठन के विस्तार एवं समाज के समस्याओं पर विशेष रूप से चर्चा की जायेगी। साथ ही सभाध्यक्ष के अनुमति से अन्य विंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया जायेगा। संघ संरक्षक मोहन राम ने समाज के नौ जवान साथियों, प्रबुद्ध साथी गण एवं समाज के संघर्षशील माताओं बहनों से अपील है कि इस कार्यक्रम में अवश्य भाग लेकर संघ के पदाधिकारियों के मनोबल को बढ़ाने का कृपा करेंगे।

# जिला उद्योग केंद्र की बैठक में मिल मालिकों ने बताई समस्या



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** जिला उद्योग केंद्र,कैमूर के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में एसआईपीबी से अनुदान प्राप्त इकाई एवं राइस मिलर के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र द्वारा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना यथा पीएमईजीपी, पीएमएफएमई एवं बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति के बारे में लोगों को विस्तार से बताया गया। उक्त बैठक में राइस मिलर के द्वारा बताया गया कि राइस मिल छह माह चलता है, परन्तु बिजली बिल का फिक्स्ड चार्ज ऑफ सीजन में भी देना पड़ता है जो कि मिलर के लिए बहुत बड़ा बर्डेन है। नवरंग राय एग्रो प्राइवेट लिमिटेड पिपरिया, मोहनियां द्वारा बताया गया कि हमारे फैक्ट्री के ऊपर से हाय ट्रांसमिशन वायर गया है जिससे मैं अपनी इकाई का विस्तार नहीं कर पा रहा हूं। मां कामाख्या राइस मिल भरखर द्वारा बताया गया कि मेरे फैक्ट्री तक एप्रोच रोड एवं ड्रेनेज नहीं है। कुछ मिलर के द्वारा सुझाव दिया गया कि सिंगल विंडो कार्यालय जिला में भी होना चाहिए जिससे हम लोगों का काम आसानी से एवं कम समय में हो जाएगा। अंत में सधन्यवाद बैठक का समापन किया गया।

# ट्रेक से कटकर अधेड़ की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्सन व सासाराम रेलखंड के पुसौली स्टेशन से पश्चिम अज्ञात ट्रेन से कटकर अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की देर रात की है। राहगीरों ने घटना की सूचना पर रेलवे स्टेशन व कुदरा थाना को दी। सूचना पर पहुंची कुदरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मामले में आसपास लोगों से पहचान कराई गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।


## पूर्वोत्तर रेलवे

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-Auction) किया जाना है ।

आक्शन कैटलाग नम्बर - BSB 12 PARKING 25

| कार्य का विवरण | अवधि | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| बनारस पी.एफ–1 (हरदतपुर साइड) स्टेशन स्थित (4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 10.30 बजे तक |
| बनारस पी. एफ–8 स्टेशन स्थित (4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 10.40 बजे तक |
| सीवान स्टेशन स्थित (4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 10.50 बजे तक |
| बनारस पी.एफ–8 स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 11.00 बजे तक |
| दाउदपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 11.10 बजे तक |
| बनकटा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 11.20 बजे तक |
| रामकोला स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 11.30 बजे तक |
| कर्मुद्दीनपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 11.40 बजे तक |
| कादीपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 11.50 बजे तक |
| चौरीचौरा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 12.00 बजे तक |
| चैनवा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 12.10 बजे तक |
| चितबड़ागाँव स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 12.20 बजे तक |
| बलिया रेलवे अस्पताल साइड स्टेशन स्थित (3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 11.08.2025 | 10.00 बजे से 12.30 बजे तक |

ई–नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर आनलाइन होगी। ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10,000/– + 18% GST (Non Refundable) आनलाइन जमा कर एक बार पंजीकरण (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। ई–नीलामी (E-Auction) से सम्बंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E Auction Leasing Section में उपलब्ध है ।

मुजाधि/वाणिज्य–96 — सहायक वाणिज्य प्रबंधक, वाराणसी

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें। गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर

अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 पुर्ननिविदा संख्या–02/2025-26/RDD/NREP/PALAMAU

Re-Tender

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | Estimate for the laying Flooring tiles and app waterproofing At SC Girl's Primary Residential School Dumri, chattarpur, Palamu for the Year 2024-25 | छतरपुर | 24.188 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 02/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–28.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–05.08.2025 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–07.08.2025 पूर्वाहण 11.00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

09. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,मेदिनीनगर, पलामू

PR 358298 NREP(25-26).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर

अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 पुर्ननिविदा संख्या–01/2025-26/RDD/NREP/PALAMAU, (Re-Tender)

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत–पोखराहा कला में पी0डब्लूडी0 पथ से सरना स्थल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | सदर मेदिनीनगर | 24.921 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | Re-Tender 01/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 4 | ग्राम–गबरलेटवा के उरावं टोला में शंकर उरांव के घर के सामने पुल निर्माण। | उंटारी रोड | 24.265 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | Re-Tender 04/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–28.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–05.08.2025 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–07.08.2025 पूर्वाहण 11.00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

09. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू

PR 358300 NREP(25-26)#D

# खरीफ अभियान, उर्वरक आपूर्ति, मिट्टी जांच व मत्स्य पालन योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान खरीफ अभियान, धान रोपनी की प्रगति, उर्वरक आपूर्ति, मिट्टी जांच, लघु सिंचाई, गव्य विकास व मत्स्य पालन योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि नवादा अनुमंडल में धान रोपनी का लक्ष्य 44,927 हेक्टेयर निर्धारित है, जबकि अब तक 10,859 हेक्टेयर में ही रोपनी हुई है। रजौली अनुमंडल में यह अनुपात 42,841 में से 9,087 हेक्टेयर रहा। डीएम ने धीमी प्रगति पर असंतोष जताया और नियमित निगरानी व किसानों को तकनीकी सलाह देने के निर्देश दिए। बैठक में उर्वरक आपूर्ति की जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी और एसएसपी भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं। डीएम ने कालाबाजारी की रोकथाम को लेकर नियमित छापेमारी के निर्देश दिए।मिट्टी जांच के लक्ष्य 7,865 नमूनों के विरुद्ध अब तक 7,872 नमूने लिए जा चुके हैं। इनमें से 5,654 नमूने लैब में भेजे गए हैं और 1,280 नमूनों का विश्लेषण हो चुका है। अब तक 518 मृदा स्वास्थ्य कार्ड तैयार किए गए, जिनमें 220 किसानों को वितरित भी किए गए हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी किसानों को कार्ड समय पर वितरित किए जाएं ताकि वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा मिल सके। लघु सिंचाई योजनाओं की समीक्षा में तालाब, आहर, पइन, कूप निर्माण, सोलर सिंचाई और डीजल अनुदान योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। डीएम ने इन योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के निर्देश दिए ताकि सिंचाई सुविधाएं किसानों को सुलभ हो सकें। मत्स्य पालन योजनाओं की समीक्षा में डीएम ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने, तालाबों के जीर्णोद्धार, मत्स्य बीज वितरण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को ग्राम स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। पौधा संरक्षण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक प्रखंड में तीन पाठशालाएं चलाने, बीज टंकण व जैविक घटकों के प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया गया। डीएम ने कृषि मेलों के आयोजन और आत्मा योजना के सफल संचालन पर भी जोर दिया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी अजीत प्रकाश, भूमि संरक्षण उप निदेशक शशि शेखर प्रसाद, सहायक निदेशक शिल्पी कुमारी, पशुपालन पदाधिकारी डॉ. दीपक कुमार कुशवाहा, अग्रणी बैंक प्रबंधक मनीष कुमार समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सिपाही भर्ती परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर नवादा जिला प्रशासन सतर्क

## 23 परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी, उड़नदस्ते और वीडियोग्राफी की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** रविवार को नवादा जिले में केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण का आयोजन दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा का सफल, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त संचालन सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के संयुक्त निर्देशानुसार व्यापक तैयारियां की गई हैं। परीक्षार्थियों को सुबह 9:30 बजे तक रिपोर्टिंग करनी होगी, जबकि 10:30 बजे के बाद किसी भी हालत में प्रवेश नहीं मिलेगा। मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) के बाद ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। महिला परीक्षार्थियों के लिए अलग से घेरायुक्त फ्रिस्किंग स्थल की व्यवस्था की गई है।

परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र के अतिरिक्त कोई भी सामग्री जैसे पेन, कागज, मोबाइल, ब्लूटूथ, रिस्ट वॉच या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाना प्रतिबंधित रहेगा। जिले में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर पुलिस बल, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल एवं गश्ती दल की तैनाती की गई है। प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी, वीडियोग्राफी, बिजली आपूर्ति, चिकित्सा, अग्निशमन, ट्रैफिक नियंत्रण, वाटर कैनन और आंसू गैस जैसे सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए समाहरणालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 06324-212261 है। इसकी जिम्मेदारी अपर समाहर्ता शंभु शरण पांडेय और पु.अ.नि. सुजीत कुमार त्रिपाठी को सौंपी गई है। अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) को सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी और विधि-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास के होटल, लॉज, फोटोस्टेट, साइबर कैफ़े और इंटरनेट केंद्रों को सुबह 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। डॉ. अनिल कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी एवं मो. इमरान परवेज, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) को संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कदाचार की स्थिति में बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, परीक्षार्थियों से समय पर केंद्र पहुंचने, निर्देशों का पालन करने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई है ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# भूमि विवाद में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** भूमि विवाद में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत के बाद शनिवार को हिलसा में बवाल मच गया। गुस्साए ग्रामीणों ने शव को मीना बाजार के पास रखकर हिलसा-एकंगरसराय मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का काफिला भी जाम में फंस गया। आक्रोशित लोगों ने न सिर्फ काफिले को रोक लिया, बल्कि जमकर हंगामा भी किया। मृतक की पहचान जूनियर गांव निवासी अनवर हुसैन के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, 13 जुलाई को खेत में मेढ़ काटने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इस घटना में कुल सात लोग घायल हो गए थे। गंभीर रूप से घायल अनवर का इलाज पटना पीएमसीएच में चल रहा था, जहां शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण शव को सड़क पर रखकर आरोपित की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इसी दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का काफिला मौके से गुजर रहा था। आक्रोशित ग्रामीणों ने काफिले को घेर लिया और मांझी से फरियाद की। ग्रामीणों और परिजनों ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि घटना को दो सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। लोगों ने चेतावनी दी कि जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी, जाम नहीं हटेगा। पूर्व मुख्यमंत्री मांझी ने मौके पर परिजनों से बातचीत की और न्याय का आश्वासन दिया।

# देवेंद्र प्रसाद सिंह की 25वीं पुण्यतिथि का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भारतीय जनउत्थान परिषद के संस्थापक स्व देवेंद्र प्रसाद सिंह की 25वीं पुण्यतिथि पर घोंसरावां स्थित संस्थान में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सांसद कौशलेंद्र कुमार और जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव ई सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। राजू यादव, जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा, प्रो बच्चन पाण्डेय आदि लोग भी शामिल हुए और सभी लोगों नें स्व देवेंद्र जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि देवेंद्र बाबू ने न केवल संस्था की नींव रखी, बल्कि उसे इमानदारी और पारदर्शिता की मिशाल भी कायम किया। ई सुनील कुमार ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एक समय ऐसा भी था जब इस संस्था को उपेक्षा और अविश्वास का सामना करना पड़ता था, लेकिन देवेंद्र सिंह और उनके परिवार ने अथक प्रयासों से इसे सेवा और समर्पण की पहचान दिलाई। मुख्य रुप से श्रद्धांजलि सभा में परिषद के वर्तमान अध्यक्ष, पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग शामिल हुए।

# कांवरियों की सेवा में जुटे नालंदा के समाजसेवी, कटोरिया शिविर में दिखा समर्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** सावन माह के 18 दिन बीतने के साथ ही देवघर जाने वाले कांवरियों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसी क्रम में नालंदा जिला के समाजसेवी और परविंदर इंटरप्राइजेज के निदेशक अरविंद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बांका जिला के कटोरिया में नालंदा जिला निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का संचालन किया जा रहा है, जहां दिन-रात शिवभक्तों की सेवा की जा रही है। शिविर में भोजन, शरबत, ठंडा पानी और मौसमी फलों की व्यवस्था की गई है। स्वयं अरविंद कुमार सिन्हा शिवभक्तों को भोजन परोसते नजर आते हैं। सेवा कार्य में जुटे स्वयंसेवक कोई पानी पिला रहा है, कोई स्प्रे कर रहा है, तो कोई थकान या स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे कांवरियों को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध करा रहा है। सेवा की भावना से ओतप्रोत इस शिविर की सराहना शिवभक्तों द्वारा खुले दिल से की जा रही है। अरविंद कुमार सिन्हा ने सेवा शिविर के दौरान युवाओं को नशा से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि सावन माह में कांवरियों की सेवा करना ही सच्ची शिवभक्ति है। महादेव की कृपा से जो कुछ भी मिला है, उसका एक हिस्सा कांवरिया सेवा में लगाना हम सबका दायित्व है। हर शिवभक्त का सम्मान और सेवा हमारी परंपरा ही नहीं, हमारी जिम्मेदारी भी है। नालंदा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए समाजसेवियों का समर्पण और सेवा भाव इस बात का प्रमाण है कि जनसेवा ही सच्चा धर्म है।

# कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार शाम को भाजपा युवा मोर्चा ने भव्य मशाल जुलूस निकाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विवेक ठाकुर, जिला प्रभारी राजेश सिंह एवं जिलाध्यक्ष अनिल मेहता उपस्थित हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजयुमो के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजित शंकर ने किया। इस दौरान लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'जय जवान जय हिंद' के नारे लगाते हुए कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा की कारगिल विजय दिवस हमें सिखाता है कि देश की रक्षा सबसे बड़ा धर्म है। हमें अपने सैनिकों के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। हमें उनके संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश के लिए हमेशा कुछ अच्छा करने का संकल्प लेना चाहिए। जिला प्रभारी राजेश सिंह ने कहा कारगिल में शामिल जवानों को नमन करते हैं और उन्हें याद करते हैं। भारत के कई सेक्टरों में पाकिस्तानी सेना कब्जा करने की कोशिश कर रही थी, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आदेश दिया था कि हमारी सेनाएं इन जगहों को फिर वापस लें और वहां तिरंगा झंडा फहराया जाए। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि 26 जुलाई वह तारीख है जो देश की आन, बान और शान बयां करती है। हम शहीदों को नमन करते हैं। वीर सैनिकों के कारण हमारी सीमाएं और हम सभी सुरक्षित हैं। इस मौके पर निर्वातमान जिलाध्यक्ष संजय मुन्ना,कार्यक्रम के प्रभारी महामंत्री नंदकिशोर चौरसिया, सह प्रभारी विश्वास सिंह विशु, प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रमोद चून्नू, विजय पाण्डेय जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता, गौरव शांडिल्य, उपाध्यक्ष विनोद भोली, प्रमोद चन्द्रवंशी, मुकेश कुमार, विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनोज पचाढ़ा आदि लोग मौजूद थे।

# गोलीबारी कांड के मुख्य आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के गोरायपुर गांव में 7 जुलाई को हुए गोलीबारी में गोली लगने से जख्मी किशोरी का इलाज के दौरान हुई मौत मामले में मुख्य आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष शशिरंजन मिश्रा ने बताया कि गोरायपुर गांव में गोली लगने से जख्मी किशोरी का इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। इस मामले में मुख्य आरोपी पप्पू पासवान को पटना जिला के धनरूआ थाना क्षेत्र के मई गांव से गिरफ्तार किया गया। सात जुलाई को आपसी विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में गोली लगने से घायल हुई किशोरी की इलाज के दौरान बिम्स में मौत हो गयी।

# आज रजौली में संत रामपाल जी महाराज देंगे समाज सुधार और आध्यात्म का संदेश

## नशा और आडंबरों से मुक्ति पर होगा विशेष जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** रजौली प्रखंड स्थित इंटर विद्यालय परिसर में रविवार को संत रामपाल जी महाराज के आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन किया गया है। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य समाज को दहेज प्रथा, नशा और धार्मिक आडंबरों जैसी सामाजिक बुराइयों से मुक्त करने के लिए जनजागरूकता फैलाना है। प्रवचन कार्यक्रम में संत रामपाल जी महाराज हमारी जाति मानव धर्म है, हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई धर्म नहीं जैसे सामाजिक समरसता के नारों के माध्यम से मानवता को सर्वोच्च धर्म के रूप में प्रस्तुत करते हैं। वे अपने प्रवचनों में सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देने, सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने और शास्त्र आधारित सतभक्ति के महत्व पर बल देते हैं। महाराज जी विभिन्न धर्मों के धार्मिक ग्रंथों से प्रमाण प्रस्तुत कर यह बताते हैं कि ईश्वर की सच्ची भक्ति कैसी होनी चाहिए। उनका संदेश स्पष्ट है–सतभक्ति और सामाजिक सुधार से ही एक समरस और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि संत रामपाल जी महाराज के प्रवचन देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किए जाते हैं, जिनमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। रजौली में भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों ने आम लोगों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ उठाएं और समाज सुधार की दिशा में सहभागी बनें।

# व्यवसाई को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिसुआ।** नवादा में शुक्रवार की रात्रि हथियारबंद आधा दर्जन अपराधियों ने व्यवसायी से लूटपाट की कोशिश की, इस दरम्यान कई राउंड फायरिंग भी किया। गोलीबारी में व्यवसायी जख्मी हो गए। घटना जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के दरबार चौक स्थित एक बालाजी सेल्स हार्डवेयर एवं इलेक्ट्रिक दुकान पर शुक्रवार की रात्रि हुई है। वहीं दुकान के प्रोपराइटर नीरज प्रकाश लाल ने बताया कि दो बाइक से छह हथियारबंद युवकों ने रात्रि में पहुंचा। पहले तो स्विच लेने का बहाना बनाकर दुकान खुलवाना चाहा, लेकिन हमने उनकी मंशा को भाफते हुए बोला स्विच का नमूना लाओ तब निकालकर देंगे। इतने में वह बकझक करना चाहा और अचानक पिस्तौल सटा दिया, फिर फायरिंग करते हुए सीधा भाग निकला। फायरिंग के बाद गोली मेरे सिर से सटकर निकल गया और मैं जख्मी हो गया। इसके बाद हमने स्थानीय हिसुआ थाना को फोनकर सूचना दिया, तो पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर पूछताछ किया। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम है। व्यवसायियों में भय व्याप्त है। वहीं व्यवसायियों ने कहा कि अपराधी इतने बेलगाम है कि घटना का अंजाम देकर सीधा निकल जाता है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# दोषियों को अविलंब चिन्हित कर की जाए कड़ी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** के एल एस कॉलेज नवादा के रसायन विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ शिवचंद कुमार पर 22 जुलाई को असामाजिक तत्वों के द्वारा हमला किया गया था। इस हमले के विरोध में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की एक संयुक्त बैठक में इस कुकृत्य की घोर भर्त्सना की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिक्षक संघ के सचिव सुंदर शर्मा ने महाविद्यालय प्रशासन, विश्वविद्यालय प्रशासन एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को अविलंब चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। शिक्षक संघ के अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने घायल शिक्षक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। वहीं पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की जरूरत महसूस होने पर इसकी व्यवस्था करने पर बल दिया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा, डॉ रजनीश देव, डॉ संजय कुमार, डॉ स्वर्गेश कुमार, डॉ सुनील कुमार दुबे, रंजय कुमार, डॉ दिव्या पांडेय, कुसुम कुमारी, सिंधुकांत, राजेश कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# अजीत शंकर बने भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठन विस्तार के तहत नवादा के युवा कार्यकर्ता अजीत शंकर को भाजयुमो का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन के उपरांत जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने युवा मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में अजीत शंकर के मनोनयन का पत्र जारी किया है। अजीत शंकर के भाजयुमो का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अजीत शंकर को बधाई दी है तथा कहा है कि अजीत शंकर के नेतृत्व में युवाओं की टोली भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी। दूसरी तरफ, अजीत शंकर ने युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष के साथ-साथ स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी है उस दायित्व को पूरा करने का प्रयास करूंगा।

# अवैध चुंगी वसूली पर नवादा जिला प्रशासन सख्त सिर्फ चिह्नित स्थानों पर ही वसूली की अनुमति

## डीएम ने जारी की वाहन श्रेणीवार शुल्क की दर, अनधिकृत वसूली पर होगी सख्ती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जिले में वाहनों से अवैध सेवा शुल्क एवं चुंगी वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में केवल नगर निकाय एवं जिला परिषद द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही विधिवत रूप से अनुमोदित दरों पर चुंगी वसूली की अनुमति है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनता दरबार में इस संबंध में कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिसके बाद नगर निकाय एवं ज़िला परिषद से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर वैध वसूली स्थलों की सूची एवं दरें निर्धारित की गई हैं। इसके अनुसार, निम्नलिखित स्थानों पर ही अधिकृत संवेदक या विभागीय पदाधिकारी सेवा शुल्क वसूल सकते हैं:

**बस एवं टैक्सी पड़ाव संख्या-3, नवादा:**
बस -150
मिनी बस - 90
टाटा मैक्सी - 80
जीप - 45
टेंपो -15

**बुधौल बस स्टैंड, एनएच बाइपास जंक्शन, रेलवे क्रॉसिंग, पुराना खुरी पुल:**
वही दरें लागू रहेंगी जो नवादा के पड़ाव संख्या-03 पर निर्धारित हैं।

सिरदला, रजौली व धमौल बस एवं **टैक्सी पड़ाव:**
बस - 70
मिनी बस - 65
टाटा मैक्सी - 40
जीप - 26
टेंपो -15

**हिसुआ बस स्टैंड:**
अंतर्राज्यीय बस -150
बस - 80
टाटा 407/मैक्सी - 50
जीप/टैक्सी - 35
टेंपो/ऑटो - 15
टोटो/ई-रिक्शा -10

जिलाधिकारी ने यह भी चेताया कि इन चिन्हित स्थलों व दरों के अतिरिक्त यदि किसी अन्य स्थान पर या अधिक राशि वसूली जाती है, तो निकटवर्ती थाना, कार्यपालक पदाधिकारी या लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को इसकी साक्ष्य सहित सूचना दें, ताकि दोषियों पर त्वरित कानूनी कार्रवाई की जा सके। इसके अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी (नवादा सदर व रजौली), जिला परिवहन पदाधिकारी, संबंधित पुलिस पदाधिकारी (नवादा-1, नवादा-2, पकरीबरावां, रजौली) एवं यातायात डीएसपी को नियमित निगरानी रखने और अनधिकृत वसूली की स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध वसूली की अनुमति किसी भी हालत में नहीं दी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कारगिल दिवस पर स्कूली छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जेपीएस इंटरनेशनल इंग्लिश स्कूल, ब्लॉक रोड में छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा एक से आठवीं तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना जगाना और सांस्कृतिक मूल्यों से उन्हें जोड़ना रहा। स्कूल संचालक संतोष कुमार ने प्रतियोगिता के शुभारंभ पर कारगिल युद्ध की महत्ता बताते हुए कहा कि 26 जुलाई, 1999 को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ते हुए ऐतिहासिक विजय हासिल की थी। इसी गौरवशाली दिन को हम 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाते हैं। प्रतियोगिता में गुंजन कुमारी ने प्रथम, पूर्णिमा कुमारी ने द्वितीय, तथा अनु कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित शिक्षक हेमराज अंसारी ने प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं, जबकि नर्सरी की शिक्षिका आरती कुमारी ने बताया कि इस विशेष अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्सव की भावना साझा की। प्रधानाध्यापक मनीष माथुर ने बताया कि सावन में मेहंदी का विशेष धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व होता है। यह न केवल श्रृंगार का प्रतीक है, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। हिंदी शिक्षक भोला प्रसाद ने बच्चों को माता पार्वती की कथा से जोड़ते हुए बताया कि सावन में मेहंदी लगाना शुभ और सौभाग्यवर्धक माना जाता है। विद्यालय की शिक्षिका व अकाउंटेंट अनुराधा कुमारी ने घोषणा की कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जाएगा, जिससे उनका मनोबल और आत्मविश्वास बढ़े।

# अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कर्पूरी सभागार, नवादा में अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद आफताब आलम ने की, जबकि संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य निजाम खान उर्फ कल्लू ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विधान पार्षद मोहम्मद खालिद अनवर, जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मौलाना उमर नूरानी, आयोग सदस्य शमशाद सई, असगर समीम, मोहतरमा शगुफ्ता परवीन व डॉ. नूर हसन आज़ाद मौजूद थे।

विधान पार्षद खालिद अनवर ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक समाज के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि जब यह पता चला कि प्रदेश में लगभग 12% बच्चे स्कूल से बाहर हैं, तब मुख्यमंत्री ने सर्वे करवाया, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि इनमें अधिकांश बच्चे अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने हर टोले में 'तालीम मरकज स्कूल' शुरू कराया और स्थानीय समाज के लोगों को शिक्षक के रूप में बहाल किया।



उन्होंने कहा कि मदरसों को उत्क्रमित किया गया और वहां के शिक्षकों को समान वेतनमान दिया गया। भागलपुर दंगे के पीड़ितों को मुआवजा व मासिक भत्ता देने की पहल भी नीतीश सरकार ने की। उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वे केवल भय दिखाकर अल्पसंख्यकों से वोट लेते हैं, जबकि विकास का वास्तविक कार्य नीतीश कुमार ने किया है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में मुख्यमंत्री के कार्यों का सम्मान वोट के माध्यम से लौटाना चाहिए। जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2005 से लगातार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अल्पसंख्यक युवाओं को शिक्षा, रोजगार और सरकारी योजनाओं में बराबरी की हिस्सेदारी दी है। मुख्यमंत्री ने वृद्धजन, विधवा और दिव्यांगजनों की पेंशन 400 से बढ़ाकर 1100 की है। घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है, जिससे हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जयशंकर चंद्रवंशी, फखरुद्दीन अली अहमद चामों, महासचिव डॉ. रियाज खान, शमीम अंसारी, मुन्ना शुक्ला, आफताब खान, साजिद हुसैन, फैज़ अहमद, अरशद आरफीन, महमूद बखो, इरशाद मुन्ना, आबिद खान, अलाउद्दीन राइन, जफर इकबाल, रामाश्रय विश्वकर्मा, मनोहर पासवान, नवल प्रसाद चौहान, अंकित राय और प्रिंस प्रभात डांगी सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने एक स्वर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फिर से नेतृत्व सौंपने की अपील की, ताकि विकास की यह धारा निरंतर बनी रहे।

# भीखू भाई और प्रेम कुमार ने कार्यकर्ताओं को दिए चुनावी जीत के मंत्र

## भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला में संगठन की मजबूती पर बल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** भारतीय जनता पार्टी गया जिला इकाई द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को ध्यान में रखते हुए शनिवार को गया शहर विधानसभा क्षेत्र के हरिदास सेमनरी स्कूल स्थित आर्ट गैलरी में विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय मांझी ने की जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया ने कार्यकर्ताओं को चुनावी दिशा और संगठनात्मक मजबूती का मार्गदर्शन दिया। बिहार सरकार में सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। कार्यशाला में गया विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों से जिला पदाधिकारी, प्रमुख कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। भीखू भाई दलसानिया ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यशाला सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि 2025 के चुनावों की रणनीतिक नींव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त करने, मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने और जनसंपर्क की प्रभावी योजनाओं पर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसका जमीनी ढांचा है और यह जरूरी है कि हर कार्यकर्ता वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करे। प्रेम कुमार ने कहा कि कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार, संगठन की रीढ़ को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की चुनावी तैयारी का मूल आधार ईमानदारी, समर्पण और जनहितकारी दृष्टिकोण है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष और कार्यशाला प्रभारी सुनील कुमार सिन्हा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन विधानसभा प्रभारी मुन्नीलाल ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सह प्रभारी आशुतोष कुमार, जिला प्रभारी सुरेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, अजय कुमार तानी, वंदना शर्मा, निकिता रजक, जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, अशोक शर्मा, जिला मंत्री मिथिलेश मांझी, विधानसभा संयोजक रमेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, मनीष कुमार सोनू, राजेश मस्तान, गुंजन मिश्रा, हरि यादव, सूरज राणा, अभय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र यादव, नागेंद्र प्रसाद, सुमित कुमार चंदू, दिवाकर कुमार, नीतीश कुमार, वेद प्रकाश, रौनक सेठ, सुरेंद्र यादव समेत करीब 400 कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। कार्यशाला के अंत में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देने तथा संगठनात्मक संवाद को और धार देने की बात कही गई।

# डीएम ने जिले के प्रमुख मॉल एवं सिनेमाघरों में पितृपक्ष मेला प्रचार का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** इस वर्ष पितृपक्ष मेला 06 सितंबर से प्रारंभ होकर 21 सितंबर 2025 तक आयोजित होगा। इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा और अधिक तीर्थयात्रियों की आने की पूरी संभावना है। पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के उद्देश्य से किये जा रहे तैयारियों का समीक्षा जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने शनिवार को कोषांगवार किया। उन्होंने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अभी से ही अपने कोषांग में अधीनस्थ पदाधिकारी, अभियंता एवं संबंधित नामित स्वयंसेवी सम्मानित व्यक्तियों के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए, जो भी कमियां पायी जाती है उसे युद्धस्तर में ठीक करवाये, ताकि मेला अवधि में पितृपक्ष मेला की खूबसूरती में और चार चांद लग जाये। उन्होंने कहा कि विभिन्न सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के माध्यम से बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार करवाये। उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों एवं राज्यों के एयरपोर्ट पर भी पितृपक्ष मेला संबंधित प्रचार प्रसार करवाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग पितृपक्ष के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सके। जिले के सभी बोर्डर एरिया, टोल टैक्स एरिया पर पितृपक्ष मेला का साइनेज के माध्यम से प्रचार करवाये। इसके अलावा अन्य जिलों एवं राज्यों के प्रमुख पर्यटक क्षेत्र एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पितृपक्ष मेला का प्रचार हेतु विभाग को अनुरोध पत्र भेजने को कहा है। जिले के सभी प्रमुख मॉल एवं सिनेमाघरों में भी पितृपक्ष मेला का प्रचार हेतु निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि पितृपक्ष मेला संबंधित होडिंग फ्लेक्स का आकर्षक डिजाइन तैयार करे जिसमें पितृपक्ष मेला का अवधि, वेबसाइट, मेला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या, सोशल मीडिया पेज का क्यूआर कोड आदि के साथ डिजाइन तैयार करें।

# नव संकल्प महासभा में विपक्षियों पर जमकर बरसे चिराग पासवान

## नब्बे के दशक के लोगों ने बिहारी को पीछे ढकेला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गया जी।** गया जी भगवान विष्णु एवं भगवान बुद्ध के ज्ञान स्थली में पांचवीं नव संकल्प महासभा का आयोजन लोजपा रा के द्वारा गया के गांधी मैदान में महासभा आयोजित किया गया जिसमें लोजपा रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि आप लोग के बीच एक खास उद्देश्य से आप लोगों के बीच आया हूं। आप लोग जानते हैं कि कुछ समय बाद बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाला है। आने वाले पांच साल का भविष्य। आजादी के 75 साल के बाद भी जब देश के तमाम प्रदेश एक साथ आजाद हुए थे, तब भी हमारी मूलभूत जरूरतें सबसे बड़ी समस्या बनी हुई हैं। दिल्ली-मुंबई जैसे शहर चमचमाते गए, लेकिन मेरा बिहार आज भी पिछड़े राज्यों में है। अब वक्त है जवाबदेही तय करने का, जिम्मेदारी स्थापित करने का और उन लोगों से जवाब मांगने का जिन्होंने 75 सालों में भी बिहार को पिछड़ा बनाए रखा है। राजद के लोग बिहार को सांप्रदायिकता और जातीयता में बांटकर कहते हैं कि हमारे गठबंधन में एमवाई समीकरण है तो उनको बता दें कि एमवाई समीकरण हमारे यहां भी है जिसमें एम से महिला और वाई से युवा हैं, जो हमारी ताकत हैं। युवा देश की सबसे बड़ी आबादी है और महिला सिर्फ देश ही दुनिया की सबसे बड़ी आबादी है। चिराग पासवान को समाप्त करने का सपना देखने वाले भूल जाते हैं कि मैं शेर का बेटा हूं, रामविलास पासवान का बेटा हूं। मैं सिर पर कफन बांध कर निकला हूं जब तक बिहार को विकसित राज्य न बना दूं,चैन की सांस तक नहीं लूंगा। बिहार की जनता ने लगातार 15 साल तक राजद और उनके नेताओं पर विश्वास किया, लेकिन बदले में उन्होंने बिहार को जात-पात, धर्म-मजहब में बांट कर, हमारे साथ विश्वास घात किया है। वे अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकते रहे और हमारे घर बर्बाद होते रहे हैं।

# मोरहर नदी से महिला का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** अलीपुर थाना की पुलिस ने मोरहर नदी से महिला का धड़ बरामद किया है। महिला के शव से सिर, हाथ व पैर गायब है। पुलिस शव की शिनाख्त में जुट गई है। अलीपुर एसएचओ सत्यनारायण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को थाना क्षेत्र के इटहोरी गांव स्थित डाक बाबा के समीप से गुजरी नदी में शव होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच महिला का धड़ बरामद किया। वहीं शव के अन्य हिस्से की खोज की, लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिला। शव पर हरे रंग का कपड़ा लपटा था। पुलिस द्वारा शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया। एसएचओ श्री शर्मा ने बताया कि घटना की जांच के लिए एफएसएल व डॉग स्क्वाड को बुलाया गया है।

# कारगिल विजय भारत की गौरवगाथा का प्रतीक : डॉ. प्रेम कुमार

## कारगिल विजय दिवस पर गयाजी में कैंडल मार्च, वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार शाम गयाजी स्थित टावर चौक पर भाजयुमो गया पूर्वी द्वारा कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं ने शहीद जवानों की याद में मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए। उन्होंने कहा, 'कारगिल विजय दिवस भारत के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान की गौरवगाथा का प्रतीक है। वर्ष 1999 में विषम परिस्थितियों में हमारे वीर जवानों ने दुश्मनों को मात देकर तिरंगा लहराया था।' उन्होंने शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि देश की सेवा ही सर्वोच्च धर्म है। प्रेम कुमार ने कहा कि आज भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना को अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित कर रहा है और सैनिकों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहा है। गया की धरती को उन्होंने वीरों की जन्मस्थली बताते हुए गौरव व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमर शेखर ने की। मौके पर पूर्व सांसद रामजी मांझी, अधिवक्ता मुकेश शर्मा, देवानंद पासवान, शंभू नाथ केसरी, जैनेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, रंजन सिंह, अंशुल लोहानी, मनीष कुमार, संजय सिंह, मुन्ना सिंह, सागर सचदेवा, अमन शेखर कुशवाहा, मोनू सिंह, अभिषेक सिंह, शांति यादव सहित अनेक गणमान्य लोग और युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कारगिल शहीदों को याद करते हुए देशभक्ति गीत और नारे लगाए गए। टावर चौक की पूरी फिजा 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के नारों से गूंज उठी।

# शहीद लांस नायक राम पुकार शर्मा की माता मीरा देवी को किया गया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूरे देश में शहीदों को याद किया गया, श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए, लेकिन टिकारी प्रखंड के एकमात्र कारगिल शहीद लांस नायक रामपुकार शर्मा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए कोई भी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक पदाधिकारी नहीं आए। यह उपेक्षा शहीद के सम्मान के साथ अन्याय है एवं क्षेत्रीय गौरव को भी ठेस पहुंचाती है। कुतलूपुर ग्राम निवासी लांस नायक राम पुकार शर्मा 1 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। दूसरी ओर कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर पटना में हिंदू फाउंडेशन और एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय श्रद्धांजलि समारोह में टिकारी प्रखंड के एकमात्र कारगिल शहीद लांस नायक राम पुकार शर्मा की माता मीरा देवी को सम्मानित किया गया। राष्ट्र नायकों को श्रद्धांजलि विषयक इस समारोह में वीर शहीदों के परिजनों को आमंत्रित कर उनके बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मीरा देवी को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा कि यह सम्मान पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

# जन सुराज पार्टी की बिहार बदलाव सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** टिकारी विधानसभा क्षेत्र के कोंच स्थित कृष्णा उत्सव हॉल में जन सुराज पार्टी के बिहार बदलाव सभा का आयोजन शनिवार को किया गया जिसमें पूर्व केंद्रीय इस्पात मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन चबूरा पंचायत के पूर्व मुखिया सह टिकारी के संभावित प्रत्याशी अमित कुमार यादव के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया और पार्टी के लिए समर्थन व्यक्त किया। सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया राजदेव प्रजापति व संचालन ब्रजेश कुमार ने किया। अमित कुमार यादव ने कहा कि आज हम बिहार बदलाव सभा में इकट्ठे हुए हैं और यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। बिहार में बदलाव की आवश्यकता है और जनसुराज पार्टी इस बदलाव के लिए काम कर रही है। वहीं पूर्व केंद्रीय इस्पात मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आज मैं जनसुराज के बिहार बदलाव सभा में शामिल होने के लिए आया हूं और यह मेरे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। बिहार में विकास की आवश्यकता है और जनसुराज पार्टी इस विकास के लिए काम कर रही है। मैं आप सभी से आह्वान करता हूं कि आप पार्टी के लिए और अधिक मेहनत करें और बिहार के विकास में योगदान दें। उन्होंने टिकारी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मुखिया अमित कुमार यादव को विधायक बनाने के लिए जनता की मन को टटोला और लोगों ने ध्वनि मत से पूरजोर समर्थन किया। मौके पर मो. अमजद हसन, विपिन कुमार यादव, दीपजीत यादव, राजेंद्र यादव, डॉ अखिलेश यादव, मधेश्वर चंद्रवंशी, अशोक पासवान सहित अन्य बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।


## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

### मछली–सह–बत्तख पालन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 10 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 के आलोक में गढ़वा जिले के मत्स्य कृषक/RFF समूह को समेकित मत्स्य पालन की ओर उन्मूख करने तथा उनकी आय में बढ़ोतरी हेतु निजी तथा सरकारी क्षेत्र के लिए राज्य योजनान्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना के तहत मछली–सह–बतख पालन की योजना है, इस योजना अन्तर्गत गढ़वा जिले को प्राप्त भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कोटि | भौतिक लक्ष्य (युनिट में) | इकाई लागत | अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | समेकित मत्स्य पालन (मछली–सह–बत्तख पालन) | सामान्य | 03 | 153350/– प्रति 0.4 हे0 जलक्षेत्र। | अ0जा0/अ0ज0जा0/महिला कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंषदन 80% (अधिकतम 122680 रुपये होगी) एवं अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए 70% (अधिकतम 107345 रुपये होगी ) तथा शेष सभी राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। |
| | | अ0ज0जा0 | 01 | | |
| | | अनु0जा0 | 01 | | |
| | | **कुल–** | **05** | | |

**नियम व शर्तें :–**

1. एक एकड़ अथवा उससे बड़े जलक्षेत्र के तालाबों को प्राथमिकता दी जायेगी। किन्तु एक स्थल/लाभुक पर एक युनिट (160 डकलिंग) ही स्वीकृत किया जायेगा। 0.2 हे0 जलक्षेत्र पर मछली–सह–बत्तख पालन योजना के लिए राज्य सरकार के अंशदान की राशि समानुपातिक रुप से लागू होगी।
2. आर0एफ0एफ0 के लिए भी प्रति स्थल अधिकतम दो इकाई की परियोजना होगी एवं लाभुक अंशदान वहाँ कार्यरत लाभुक समूह/म0जी0स0स0 द्वारा वहन किया जायेगा।
3. लाभुक का अपना निजी तालाब अथवा वित्तीय वर्ष 2025–26 से तीन वर्षो के लिए लीज पर होना आवश्यक है।
4. प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो एवं जिला मुख्यालय के नजदीक के आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. लाभुक के अंशदान तथा अनुदान की प्रथम किस्त की राशि से बत्तख घर (Duck House) का निर्माण, Starter feed/Medicines तथा Duckling के क्रय किये जायेंगे। (Duck House) लाभुकों द्वारा स्थानीय स्तर पर बनवाया जायेगा।

**उपर्युक्त विवरण एवं शर्तों के अधीन इच्छुक मत्स्य पालक/RFF समूह से विहित प्रपत्र में दिनांक 18.08.2025 अप0 5:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।**

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 358277 (Fish) 25-26 (D)


# होमगार्ड भर्ती के लिए आई लड़की से एंबुलेंस में गैंगरेप

## अस्पताल ले जा रहे ड्राइवर-टेक्नीशियन ने की दरिंदगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले में होमगार्ड भर्ती के लिए आई लड़की (26) के साथ एंबुलेंस में गैंपरेप हुआ। ड्राइवर और टेक्नीशियन ने वारदात को अंजाम दिया है। दोनों ने गैंगरेप के बाद चुप रहने की धमकी देते हुए पीड़िता को अस्पताल पहुंचा दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 24 जुलाई (गुरुवार) की है। इसका खुलासा शुक्रवार देर रात हुआ है। लड़की बीएसएपी तीन के मैदान में होमगार्ड भर्ती के लिए पहुंची थी। दौड़ते समय बेहोश होकर गिर गई। मौके पर मौजूद एंबुलेंस से उसे अस्पताल भेजा गया। एंबुलेंस में एक भी महिला स्टाफ को नहीं भेजा। रास्ते में ड्राइवर और टेक्नीशियन की नीयत बिगड़ गई। सुनसान जगह पर रोककर बारी-बारी से रेप किया। इसके बाद युवती को धमका कर मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करा दिया। पीड़िता ने पुलिस को पूरी कहानी बताई। इसके बाद पुलिस को आपबीती सुनाई। लड़की की बातें सुनकर सभी के होश उड़ गए। इसके बाद पुलिस एक्शन में आई। लड़की ने पुलिस को बताया कि फिजिकल टेस्ट के दौरान मैं चक्कर खाकर गिर गई थी। थोड़ी देर मुझे वहीं बैठाया गया। एंबुलेंस बुलाई गई। एंबुलेंस के ड्राइवर और टेक्नीशियन ने मुझे अंदर बैठाया। एग्जाम सेंटर से थोड़ी दूर पर सुनसान जगह ले जाकर एंबुलेंस रोक दी। ड्राइवर भी पीछे आ गया। दोनों ने मेरे साथ गैंगरेप किया। वहां आसपास कोई नहीं था, जिससे मैं मदद मांग पाती। दोनों ने मेरे साथ बारी-बारी से रेप किया। मैं रोती रही, चिल्लाती रही। छोड़ने की गुहार लगाती रही, लेकिन वो नहीं रुके। दोनों ने धमकी दी कि किसी को बताया तो जान से मार देंगे। दोनों मुझे अस्पताल छोड़कर चले गए।

**सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुई गिरफ्तारी**

आनन-फानन में एसएसपी आनंद कुमार के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक और बोधगया एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। एफएसएल की टीम को सबूत जुटाने भेजा गया। घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में एम्बुलेंस मुख्य रास्ते से गायब होती दिखी।

# दुर्घटनाओं में पीड़ित परिवार को दो-दो लाख भुगतान हेतु डीएम ने दी स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले में हीट एंड रन को लेकर सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहनों से दुर्घटनाओं में पीड़ित परिवार को 02-02 लाख रुपये की भुगतान हेतु शनिवार को डीएम शशांक शुभंकर द्वारा स्वीकृत किया गया और डीटीओ राजेश कुमार के माध्यम से जनरल इन्सुरेंस कंपनी बॉम्बे को भुगतना हेतु भेजा गया है। नौरंगा मुफस्सिल मानपुर में पूनम कुमारी की मृत्यु अज्ञात वाहन से हुई थी। डीटीओ के जांचोपरांत उनके निकटतम आश्रित पति दिलीप कुमार को मुआवजा की राशि दी जाएगी। डीएम द्वारा 02 लाख रुपया की राशि स्वीकृत करते हुए इंश्योरेंस कंपनी को भेजा गया है। खिजरसराय में दीपक कुमार की मृत्यु अज्ञात वाहन से हुई थी। डीटीओ के जांचोपरांत उनके निकटतम आश्रित माता सुनीता देवी को मुआवजा की राशि दी जाएगी। डीएम द्वारा 02 लाख रुपया की राशि स्वीकृत करते हुए इंश्योसुरेंस कंपनी को भेजा गया है। गोगा गांव मुफसिल मानपुर में उमेश यादव का मृत्यु अज्ञात वाहन से हुई थी। डीटीओ के जांचोपरांत उनके निकटतम आश्रित पत्नी सकुंतला देवी को मुआवजा की राशि दी जाएगी। डीएम द्वारा 02 लाख रुपया की राशि स्वीकृत करते हुए इंश्योरेंस कंपनी को भेजा गया है।

# चलती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसा यात्री, पुलिस के जवानों ने समय रहते बचाई जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्लेटफार्म संख्या-6 पर गया-दिल्ली एक्सप्रेस (03697) खुलने के दौरान एक यात्री चढ़ने की कोशिश में फिसलकर चलती ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच फंस गया। इसके बाद वह घिसटने लगा, लेकिन उसे आरपीएफ ने बचा लिया। हालांकि घटना सीसीटीवी में कैद हुई है, लेकिन प्लेटफॉर्म पर भीड़ अधिक होने की वजह से घटना स्पष्ट रूप से नहीं दिख पा रही है। घटना के समय रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गया के जवान शशि शेखर, नवनीत कुमार और सुजीत कुमार प्लेटफार्म पर गश्त कर रहे थे।

# शराब कारोबारी महिला गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के मनोहरपुर गांव में शुक्रवार को अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें पुलिस ने मनोहरपुर गांव के रश्मि देवी को शराब बनाने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके यहां से शराब भी बरामद की है।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े, चार घायल रेफर

**वजीरगंज(गयाजी)।** वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत तरवां भलुआही एवं टिपौ के दो पक्षों के बीच शनिवार को जमकर मारपीट हुई जिसमें चार लोग घायल हो गये। घायलों का इलाज वजीरगंज सीएचसी में किया गया तथा गंभीर रूप से घायल लोगों को एएनएमसीएच रेफर कर दिया गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नितीन कुमार ने बताया कि तरवां भलुआही निवासी साबिर खान, जाकिर खान एवं सकीर खान तथा टिपौ निवासी जावेद आलम को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिये एएनएमसीएच रेफर किया गया है।


## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

### आवेदन आमंत्रण सूचना।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश संख्या–10 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना'' अन्तर्गत निम्नांकित योजनाओं के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं जो निम्वत् है :–

| क्र0 | योजना इकाई का नाम | भौतिक लक्ष्य | | इकाई लागत | अनुदान की राशि | लाभुक अंशदान | अहर्ताएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 101 | 789 | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गढ़वा जिले के निजी क्षेत्र के तालाबों में मत्स्य पालन से अच्छादन हेतु उत्पादित मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में सहायता (एकड़ में) | 80 | 30 | 1875 प्रति एकड | 1875 प्रति एकड़ | 1875 प्रति एकड़। | 1. आवेदक का निजी तालाब हों। 2. स्थानीय स्तर पर मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में 50 प्रतिशत अनुदान अथात् 1.00 एकड़ जलक्षेत्र (5000 हजार बीज प्रति एकड) में 1875 रु0 सहायता राशि देय होगा। 3. वैसे आवेदक जो चालू वित्तीय वर्ष में झास्कोफीश/विभागीय फिश फीड मिल से फीड प्राप्त किये हों। को प्राथमिकता दी जायेगी। 4. विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादक एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा। |
| 2 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए सामान्य नाव (सं0 में) | 05 | – | 33000 रु0 | 30000 प्रति नाव | 3000 प्रति नाव | 1. सामान्य नाव मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा समिति के सदस्यों को दिया जाना है। |
| 3 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए मोटरचालित नाव (सं0 में) | 01 | 01 | 414000 रु0 | 372000 रु0 | 41400 रु0 | 1. यह योजना जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लाभुक समिति को यह योजना का लाभ देय है। |
| 4 | मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्यों के लिए गिलनेट (इकाई में) प्रति इकाई 05 कि0ग्रा0 (इकाई में) प्रति इकाई 05 कि0ग्रा0। | 20 | 05 | 590 प्रति कि0ग्रा0 | 531 प्रति कि0ग्रा0 | 59 प्रति कि0ग्रा0 | 1. जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्य एवं विस्थापित अथवा प्रवासी मजदूरों को यह योजना का लाभ देय है। 2. इस योजना में सरकार का 90 प्रतिशत् अनुदान एवं 10 प्रतिशत लाभुक अंशदान है। एक लाभुक को अधिकतम 5 कि0ग्रा0 गिल नेट देय है। 3. आवेदक को अपना अंशदन लगाने की लिखित सहमति एवं विगत दो वर्षों का मछली शिकारमाही का आँकड़ा लिखित रुप में आवेदन के साथ संलग्न करना है। |
| 5 | नये RFF का अधिष्ठापन (सं0में) | 08 (40m X5m) | - | 86000 रु0 इनपुट सहित | – | – | 1. इस योजना का लाभ मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा समूह को दिया जाना है। 2. मत्स्य प्रसार पर्यवेक्षक द्वारा योजना स्थल जॉचोपरांत चयनित किया जायेगा। |

उक्त योजना हेतु इच्छुक मत्स्य पालक/मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्य एवं विस्थापित अथवा प्रवासी मजदूरों/केज मत्स्य पालक/एवं नये आर0एफ0एफ0 के लिए मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा समूह से दिनांक **14.08.2025** तक जिला मत्स्य कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। मत्स्य पालन के क्षेत्र में प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नोट :– आवेदन कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 358279 (Fish) 25-26 (D)

संपादकीय

# अब फर्जी दूतावास भी!

इस देश में फर्जी कंपनियां, फर्जी स्कूल, कॉलेज, फर्जी पुलिस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की फर्जी ब्रांच भी सुनने में आई थी, लेकिन अब फर्जी दूतावास के संचालन से यह सवाल बहुत संजीदा हो गया है कि आखिर इस देश में किसी को कानून कायदे का कुछ डर है भी या नहीं? दूसरे, गुप्तचर और सुरक्षा एजेंसियां क्या सोती रहती हैं? और तीसरे, क्या इस देश में लोग इतने मूर्ख और अज्ञानी हैं कि किसी पर भी भरोसा कर धंधा चलवा देते हैं, कोई रिपोर्ट तक नहीं करता। उत्तर प्रदेश का ताजा मामला सचमुच बेहद चौंकाने वाला है। वहां एसटीएफ़ की नोएडा यूनिट ने ग़ाज़ियाबाद में एक व्यक्ति को फ़र्ज़ी दूतावास चलाने के आरोप में गिरफ़्तार किया है। अभियुक्त ख़ुद को वेस्टआर्कटिका, सबोरगा, पॉलविया और लोडोनिया जैसे तथाकथित देशों का राजदूत बताकर लोगों से संपर्क करता था। एसटीएफ़ के मुताबिक़ वह ख़ुद को वेस्टआर्कटिका, सबोरगा, पॉलविया, लोडोनिया और कुछ कथित देशों का राजदूत बताकर लोगों से संपर्क करता था। उसके पास से कई आपत्तिजनक सामग्री जिनमें फर्जी पासपोर्ट, पैनकार्ड, विभिन्न देशों की नकली मोहरें 44 लाख 70 हजार रू.नकद, फर्जी नंबर प्लेटें आदि बरामद हुई है। बरामद गाड़ियों पर डिप्लोमैटिक स्टाइल की फ़र्ज़ी नंबर प्लेट लगी हुई थीं, जिन्हें किसी अधिकृत एजेंसी से मंजूरी नहीं मिली थी। इस व्यक्ति का नाम हर्षवर्धन जैन बताया गया है। पुलिस के अनुसार इस व्यक्ति ने ग़ाज़ियाबाद के कवि नगर क्षेत्र में एक किराए का मकान लिया था, जहां से वह कथित रूप से फ़र्ज़ी दूतावास संचालित कर रहा था। वह लोगों को प्रभावित करने, उनसे ठगी के इरादे से मॉर्फ्ड की गईं फ़ोटोग्राफ़ का इस्तेमाल करता था। पूछताछ में उजागर हुआ कि वह विदेश में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर और शेल कंपनियों के ज़रिए हवाला रैकेट चलाकर लोगों से ठगी करता था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक़ 14 साल पहले भी उसे एक मामले में गिरफ़्तार किया गया था। जिस कथित वेस्ट आर्कटिका देश का वो खुद को राजदूत बताता था, वह एककाल्पनिक देश है, जिसे 2001 में अमेरिका के एक पूर्व नौसेना अधिकारी ट्रैविस मैकहेनरी ने बनाया था। वेस्ट आर्कटिका वास्तव में पर्यावरण पर काम करने वाली एक एनजीओ है, जो मानद 'राजदूत' जैसे पद, 'नागरिकता' और उपाधियां भी बांटता है। उसे दुनिया के किसी भी देश ने मान्यता नहीं दी है। कथित देश का सारा जमा खर्च डिजीटल और प्रतीकात्मक ही है। याद करें कि पिछले साल छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के छपोरा में एक एसबीआई की एक फर्जी शाखा पकड़ी गई थी। जिसमें नौकरी लगाने को लेकर ठगी की जाती थी। यह फर्जी ब्रांच किसी बैंक की तरह काम करती थी और उसमें लोगों ने खाते भी खुलवा लिए थे, बगैर यह जानें कि क्या बिना अनुमति के कोई बैंक इस तरह शाखा खोल सकती है। लोगों के भोलेपन और लापरवाही का बैंक चलाने वाले ठगों ने खूब फायदा उठाया। जब लोगों ने इस तथाकथित बैंक की शिकायत की तो पुलिस ने छापा मार कर ठगों को गिरफ्तार किया। यहां सवाल उठता है कि क्या इस देश में ठगों और बदमाशों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई है कि उन्हें किसी बात का कोई डर नहीं है। फर्जी बाबाओं से लेकर फर्जी बहुओं तक सब धड़ल्ले से चल रहा है। कोई रोकने टोकने वाला नहीं है। सभी का एक ही उद्देश्य है कि किसी भी तरीके से पैसा बनाओ। अगर पैसा है तो सब कुछ है। इस फर्जीवाड़े के प्रति लोक जागृति भी बहुत कम है। लोग किसी के भी झांसे में आकर मूर्ख बनने और ठगने के लिए तैयार हैं। यह सबसे बड़ी चिंता का विषय है। इन सब पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए।

# आने वाले सौ साल सहकारिता के...

**संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि सहकारी समितियाँ ऐसे स्वैच्छिक आर्थिक संगठन होते हैं, जहाँ सदस्य मिलकर कोई कामकाज करते हैं, जिसमें आर्थिक नुक़सान या अस्थिरता का कुछ जोखिम भी हो सकता है, और उसके ज़रिए आय अर्जित करते हैं। ये संस्थाएँ न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक रूप से भी लोगों को सशक्त बनाती हैं। यह कार्य भारत में मद्धिम था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की पहल से बने नए मंत्रालय व अमित शाह के नेतृत्व के कारण इसे बल मिला। लेकिन इसके आने वाले समय यह कहेंगे कि सहकारिता का नया इतिहास कुछ वर्षों में भारत ने तैयार किया और ऐतिहासिक सहकारिता-विश्वास भारतीय नागरिकों के बीच पैदा किया है। भारत में इस समय लगभग 8 लाख सहकारी संस्थाएँ हैं जिनके ज़रिए आर्थिक विकास और लोगों के सशक्तीकरण में सहयोग मिल रहा है, यह कोई मामूली बात नहीं है।**

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

भारत के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मानना है कि अतीत आपने देखा, अब भविष्य की ओर देखो। पूरब से आने वाली सूरज की रश्मियाँ आपको ताजगी से भर देंगी। अब पूरब से आने वाली सूरज की रश्मियों में सहकारिता की ओज है। सहकारिता की ओज से हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में उजाला पसरने जा रहा है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का उत्साहवर्धन निश्चय ही सहकारिता से जुड़े समाज को ऊर्जा से भर देगा और जो सोये हैं अभी तक उन्हें जगाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। अमित शाह ने 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में युवाओं से कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में 60 करोड़ गरीबों के लिए घर, शौचालय, बिजली, गैस, पांच किलो मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपए तक के इलाज और मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था की। हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ केन्द्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है। आगामी 100 साल सहकारिता के होंगे।

अतीत के सहकारिता के आन्दोलनों से अब तक के आंकलन के साथ गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय सहकारिता की पहुँच को रेखांकित किया कि देश के धान और गेहूं की खरीद में लगभग 20 प्रतिशत योगदान सहकारिता का है, जबकि 35 प्रतिशत उर्वरक और 30 प्रतिशत चीनी का उत्पादन सहकारिता के माध्यम से होता है। 20 प्रतिशत से ज्यादा उचित मूल्य की दुकानें-फेयर प्राइस शॉप भी सहकारिता के माध्यम से चलती हैं। 8 लाख 50 हजार सहकारी संस्थाओं के माध्यम से 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हैं। यह जो करोड़ों भारतीयों का सहकारिता से जुड़ाव है, यह बहुत मायने रखता है। इसका बहुत ही महत्वा है कि चार वर्ष में ही भारत की इतनी बड़ी आबादी सहकारिता में अपनी उपस्थिति बना चुकी है। यह आगामी 100 बाद का जो उन्हें चित्र दिख रहा है, वह यूं ही नहीं है। यह उन्हें आभाष इसलिए हो रहा है



क्योंकि सहकारिता भारतीय जीवन पद्धति, जीवन समृद्धि व उत्साहजनक भविष्य की कड़ी बनती जा रही है। उन्होंने खुद देखा कि विज्ञान व तकनीकी के साथ जैसे सहकारिता का जुड़ाव हो रहा है, युवा आबादी इसमें अपने भविष्य को संवारने का स्वप्न पाल रही है। वह अपने बुजुर्गों की विरासत में सम्मिलित सहकारिता को आगे बढ़ाना चाहती है।

एक बार प्राइमरी डेयरी को-ऑपरेटिव सोसाइटी-पीडीसीएस ऑनलाइन पंजीकरण प्लेटफॉर्म का शुभारंभ हुआ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम अभियान के तहत सफलता की कहानियाँ जब सामने आयीं तो लोगों ने महसूस किया है कि सहकारिता भी सफलता की वजह बनती जा रही है। वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत सफलता की कहानियों ने यह बताया कि हमारी सहकारिता केवल कृषि व उद्यम तक सीमित नहीं है अपितु यह तो प्रकृति-जीवन-संस्कृति से जुड़ी हुई है। सहकारिता मंत्री ने अपने संबोधन में यह बार-बार रेखांकित किया है कि सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के चार वर्ष के भीतर हमने 61 पहलों के जरिये सहकारिता को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दो लाख नए पीएसीएस बनाने का काम शुरू हो गया है, इनमें से 40 हजार पैक्स बना लिए गए हैं। सभी पीएसीएस -पैक्स के कम्प्यूटरीकरण का काम पूरा कर लिया गया है और सभी राज्यों ने पैक्स के मॉडल बायलॉज़ स्वीकार कर लिए हैं। गोदाम भी बनाए जा रहे हैं। ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स, एक्सपोर्ट और बीज संवर्धन के लिए नई सहकारी संस्थाएं बनाई गई हैं। यह भारत निर्माण के लिए उन युवाओं का दरअसल विश्वास जीतने का काम सहकारिता मंत्री ने किया है। इसके पहले की सरकारें सहकारिता को इतनी गंभीरता से देश के नागरिकों के बीच क्यों नहीं लायीं, यह बात समझ से परे की हैं। यदि यह कार्य व ऐसा कार्य जो सहकारिता मंत्रालय गठन के बाद विगत चार वर्षों में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया है, ऐसा कार्य पिछले 75 वर्षों में किया गया होता तो, आज देश में सहकारिता की वजह से हमारे देश के किसान, मजदूर, श्रमिक व विभिन्न हितधारक भारत का भविष्य बदलने में सक्षम हो चुके होते, किसी अन्य सहयोग की अपेक्षा ही नहीं होती।

ग्लोबल इन्वेस्टमेंट, नए अनुबंध-एमओयू, मानव संसाधन का निर्माण, नए रिसोर्सेज का चिन्हीकरण व उनको डिजिटल फॉर्म में सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया भी सहकारिता क्षेत्र में हो रही है। क्लाइमेट चेंज व सोशल जस्टिस जैसे विषयों को भी सहकारिता के समावेशी वैशिष्ट्य के साथ समाधान होगा। आत्मनिर्भरता व नवाचार से आर्थिक विकास की धारा जेंडर जस्टिस का कारण बनेंगी। भारत में सहकारी समितियों का जिस प्रकार बढ़ोतरी हो रही है, उनके उदासीनता को समाप्त करके इसे अभिरुचिजन्य बनाने की यदि कोशिश नया स्वरूप पाएगी तो भारत का 2047 तक विकसित राष्ट्र के पैमाने पर भारत 100 प्रतिशत खरा उतरेगा, इसमें कोई संशय नहीं है। सबसे अहम् बात यह है कि सहकारिता मंत्री का युवा मन युवा सहकारितासेवियों को जब तैयार कर लेगा, तो कोई लक्ष्य हमसे दूर नहीं होगा।

अपने युवा मानव संसाधन का बस तेजी से झुकाव सुनिश्चित करने में यदि भारत सरकार अभिरुचि दिखाएगी तो सब कुछ संभव सा होता दीखता है। सहकारिता मंत्री की ओर से की जा रही पहल के साथ जब वैश्विक स्तर पर इन्वेस्टमेंट करने वाली एजेंसीज सहकारिता से जुड़े लोगों व प्रतिष्ठानों के बीमा में अभिवृद्धि करेंगी और सुरक्षा की भावना से वे अभिरुचि दिखाकर आगे आने का प्रयत्न करेंगी तो निश्चय ही सहकारिता के 100 वर्ष किया 500 वर्ष भी स्वर्णिम काल में परिवर्तित हो सकते हैं। इसमें इन्वेस्टमेंट एजेंसीज की इच्छाशक्ति का अहम् योगदान है। वे ऐसा करेंगी तो आने वाले समय में विभिन्न चुनौतियों के बीच भी सहकारिता के कार्य आगे बढ़ेंगे।

संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि सहकारी समितियाँ ऐसे स्वैच्छिक आर्थिक संगठन होते हैं, जहाँ सदस्य मिलकर कोई कामकाज करते हैं, जिसमें आर्थिक नुक़सान या अस्थिरता का कुछ जोखिम भी हो सकता है, और उसके ज़रिए आय अर्जित करते हैं। ये संस्थाएँ न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक रूप से भी लोगों को सशक्त बनाती हैं। यह कार्य भारत में मद्धिम था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की पहल से बने नए मंत्रालय व अमित शाह के नेतृत्व के कारण इसे बल मिला। लेकिन इसके आने वाले समय यह कहेंगे कि सहकारिता का नया इतिहास कुछ वर्षों में भारत ने तैयार किया और ऐतिहासिक सहकारिता-विश्वास भारतीय नागरिकों के बीच पैदा किया है। भारत में इस समय लगभग 8 लाख सहकारी संस्थाएँ हैं जिनके ज़रिए आर्थिक विकास और लोगों के सशक्तीकरण में सहयोग मिल रहा है, यह कोई मामूली बात नहीं है। जब देश में सहकारी संस्थाओं की संख्या 8 करोड़ हो जाएगी। जब देश में सहकारी संस्थाओं का पूर्णतया डिजटलीकरण हो जाएगा। जब देश में त्रिभुवन यूनीवर्सिटी जैसी सहकारिता यूनिवर्सिटी की संख्या बढ़कर कम से कम 10 हो जाएगी। जब देश में सहकारिता अनुसंधान में सतत विकास हमें दिखेगा तो संपूर्ण विश्व में भारत का सहकारिता आन्दोलन अपने वैभवकाल की ओर गति पा लेगा। हमारे देश को एक ऐसे समय की प्रतीक्षा है। हमारे देश के सहकारिता मंत्री अमित शाह को भी ऐसे समय प्राप्त कर लेने का विश्वास है।

अब आवश्यकता इस बात की है कि उस विश्वास को पूरा भारत मजबूती से विश्वासपूर्वक अपना सहयोग प्रदान करे। क्योंकि इसमें किसी के निहित स्वार्थ नहीं हैं, अपितु इसमें पूरे भारत का भविष्य है।

## अध्यात्म

### हर समस्या का हल होता है

एक बार एक राजा की सेवा से प्रसन्न होकर एक साधू नें उसे एक ताबीज दिया और कहा की राजन इसे अपने गले मे डाल लो और जिंदगी में कभी ऐसी परिस्थिति आये की जब तुम्हे लगे की बस अब तो सब ख़तम होने वाला है, परेशानी के भंवर मे अपने को फंसा पाओ, कोई प्रकाश की किरण नजर ना आ रही हो, हर तरफ निराशा और हताशा हो तब तुम इस ताबीज को खोल कर इसमें रखे कागज को पढ़ना, उससे पहले नहीं! राजा ने वह ताबीज अपने गले मे पहन लिया !एक बार राजा अपने सैनिकों के साथ शिकार करने घने जंगल मे गया! एक शेर का पीछा करते करते राजा अपने सैनिकों से अलग हो गया और दुश्मन राजा की सीमा मे प्रवेश कर गया, घना जंगल और सांझ का समय, तभी कुछ दुश्मन सैनिकों के घोड़ों की टापों की आवाज राजा को आई और उसने भी अपने घोड़े को एड लगाई, राजा आगे आगे दुश्मन सैनिक पीछे पीछे! बहुत दूर तक भागने पर भी राजा उन सैनिकों से पीछा नहीं छुडा पाया ! भूख प्यास से बेहाल राजा को तभी घने पेड़ों के बीच मे एक गुफा सी दिखी, उसने तुरंत स्वयं और घोड़े को उस गुफा की आड़ मे छुपा लिया ! और सांस रोक कर बैठ गया, दुश्मन के घोड़ों के पैरों की आवाज धीरे धीरे पास आने लगी ! दुश्मनों से घिरे हुए अकेले राजा को अपना अंत नजर आने लगा, उसे लगा की बस कुछ ही क्षणों में दुश्मन उसे पकड़ कर मौत के घाट उतार देंगे ! वो जिंदगी से निराश हो ही गया था, की उसका हाथ अपने ताबीज पर गया और उसे साधू की बात याद आ गई ! उसने तुरंत ताबीज को खोल कर कागज को बाहर निकाला और पढ़ा ! उस पर्ची पर लिखा था यह भी कट जाएगा राजा को अचानक ही जैसे घोर अन्धकार मे एक ज्योति की किरण दिखी, डूबते को जैसे कोई सहारा मिला ! उसे अचानक अपनी आत्मा मे एक अकथनीय शान्ति का अनुभव हुआ ! उसे लगा की सचमुच यह भयावह समय भी कट ही जाएगा, फिर मे क्यों चिंतित होऊं ! अपने प्रभु और अपने पर विश्वास रख उसने स्वयं से कहा की हाँ, यह भी कट जाएगा ! और हुआ भी यही, दुश्मन के घोड़ों के पैरों की आवाज पास आते आते दूर जाने लगी, कुछ समय बाद वहां शांति छा गई ! राजा रात मे गुफा से निकला और किसी तरह अपने राज्य मे वापस आ गया ! दोस्तों,यह सिर्फ किसी राजा की कहानी नहीं है यह हम सब की कहानी है ! हम सभी परिस्थिति,काम, तनाव के दवाव में इतने जकड जाते हैं की हमे कुछ सूझता नहीं है, हमारा डर हम पर हावी होने लगता है, कोई रास्ता, समाधान दूर दूर तक नजर नहीं आता, लगने लगता है की बस, अब सब ख़तम, है ना?
जब ऐसा हो तो 2 मिनट शांति से बेठिये, थोड़ी गहरी गहरी साँसे लीजिये ! अपने आराध्य को याद कीजिये और स्वयं से जोर से कहिये –यह भी कट जाएगा ! आप देखिएगा एकदम से जादू सा महसूस होगा, और आप उस परिस्थिति से उबरने की शक्ति अपने अन्दर महसूस करेंगे !

# बैंकों से विश्वास डगमगाने की वजहें

**: वर्ष 2023 में भारत की 'घरेलू बचत दर' पिछले 50 वर्षों में सबसे कम रही। अब लोग बैंक की बजाय सोना और 'रीयल एस्टेट' को बेहतर निवेश विकल्प मान रहे हैं। 'आरबीआई' ने खुद की यह नीति भी लागू नहीं की कि किसी एक कॉरपोरेट को रू. 10,000 करोड़ से अधिक कर्ज बैंकों के समूह से नहीं दिया जाना चाहिए। देश की 90 प्रतिशत आबादी कर्ज में डूबी हुई है। साहूकार इनसे 100 प्रतिशत तक ब्याज वसूल रहे हैं। ऋण-दरों में पारदर्शिता पूरी तरह नदारद है। टाटा समूह को 'एयर इंडिया' खरीदने के लिए रू. 10,000 करोड़ का ऋण सिर्फ 4 प्रतिशत ब्याज पर कैसे मिल गया? अडानी और अंबानी समूह को कितना ब्याज देना पड़ा – कोई नहीं जानता। ऐसे में 'आरबीआई' को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उसकी गतिविधियाँ और निष्क्रियता दोनों ही देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचा रही हैं।**

थॉमस फ्रैंको

बीती एक मई से 'भारतीय रिज़र्व बैंक' (आरबीआई) ने बैंकों को यह अनुमति दी है कि वे ग्राहकों से एटीएम (ऑटोमेटेड टेलर मशीन) की मुफ्त सीमा से अधिक लेन-देन पर ज़्यादा शुल्क वसूल कर सकें। अपने ही बैंक के एटीएम से 5 बार मुफ्त लेन-देन की अनुमति है, जिसमें वित्तीय (जैसे नकद निकासी) और गैर-वित्तीय (जैसे बैलेंस जांचना) दोनों शामिल हैं। अगर आप नकद निकालते हैं और उसके बाद मशीन पूछती है कि 'क्या आप अपना बैलेंस देखना चाहते हैं?' और आप 'हां' पर क्लिक करते हैं, तो यह एक अलग लेन-देन माना जाएगा। इसका मतलब हुआ कि अगर आपने 3 बार नकद निकाला और हर बार बैलेंस देखा, तो कुल 6 लेन-देन हो गए–और 6वें से शुल्क लगने लगेगा। किसी अन्य बैंक के एटीएम से शहर में लेन-देन करने पर 3 मुफ्त लेन-देन ही मिलते हैं। शहर से बाहर करने पर 5 मुफ्त लेन-देन मिलते हैं।

पर क्या आम ग्राहक यह सब जानता है? पहले प्रति अतिरिक्त लेन-देन पर रू. 21 चार्ज होता था, अब एक मई से रू. 23 + 18 प्रतिशत 'जीएसटी' (वस्तु एवं सेवा कर), यानी कुल रू. 27.14 प्रति लेन-देन वसूला जा रहा है। भले ही आप सिर्फ रू. 100 निकालें, शुल्क वही रहेगा। शायद यह वृद्धि छोटी लगे, पर देश में औसतन प्रतिदिन 600 करोड़ एटीएम लेन-देन होते हैं–जिससे बैंकों को ज़बरदस्त मुनाफा हो रहा है। 2023 में बैंकों ने एटीएम शुल्कों से रू. 8,000 करोड़ कमाए।

जब एटीएम शुरू हुए थे तो बैंकों ने ग्राहकों को ज़बरन एटीएम कार्ड दिए, यह कहकर कि अब आप 24 घंटे बैंकिंग कर सकते हैं, कतारों में नहीं लगना पड़ेगा, किसी भी शहर से पैसा निकाल सकते हैं। यह भी कहा गया कि आप छोटी-छोटी रकम कई बार निकाल सकते हैं इसलिए ज़्यादा नकदी ले जाने की ज़रूरत नहीं होगी। अब जब जनता को इसकी आदत पड़ गई, बैंकों ने शुल्क वसूलना शुरू कर दिया – और यह शुल्क भविष्य में और बढ़ता जाएगा। वर्ष 2016 में हुई नोटबंदी से बैंकों पर लोगों का विश्वास टूटने लगा था। इसने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को बर्बाद कर दिया और आम लोगों को बहुत कष्ट झेलना पड़े, सिवाय नव-धनाढ्य वर्ग के। अब हर चीज़ पर शुल्क वसूले जा रहे हैं। वर्ष 2023 में बैंकों ने 'न्यूनतम औसत बैलेंस' नहीं रखने पर रू. 21,000 करोड़ वसूले। केवल 'भारतीय स्टेट बैंक' (एसबीआई) ने 2020 में यह शुल्क समाप्त किया, लेकिन उसी साल एसएमएस शुल्क के नाम पर रू. 6,000 करोड़ वसूले गए।

इसके अलावा बैंक 'नकद लेन-देन शुल्क,' 'लेन-देन शुल्क,' 'चेकबुक शुल्क,' 'ऋण खाता निरीक्षण शुल्क' आदि कई प्रकार के शुल्क वसूल रहे हैं – जिन पर 'भारतीय रिज़र्व बैंक' आंखें मूंदे बैठा है। उसे गरीबों पर लगाए जाने वाले 'न्यूनतम बैलेंस शुल्क' पर रोक लगानी चाहिए थी। 'जन धन योजना' के 30 प्रतिशत खाते बंद हो चुके हैं। खाता बंद करने पर रू. 500 तक का शुल्क लिया




जाता है।

बैंक पूरी तरह 'जमा पूँजी' (डिपॉजिट्स) पर निर्भर हैं। भारत में 80 प्रतिशत से अधिक जमा धन घरेलू जमाकर्ताओं से आते हैं। 'करंट अकाउंट' (चालू खाता) पर कोई ब्याज नहीं मिलता और 'बचत खातों' में 'न्यूनतम औसत बैलेंस' पर साधारण ब्याज मिलता है। चालू खाता और बचत खाता की जमा राशि बैंकों की कुल जमा पूँजी का 40 प्रतिशत है, और इन्हें बैंकों द्वारा कर्ज देने में इस्तेमाल किया जाता है–जिससे बैंक भारी मुनाफा कमाते हैं। 1990 के दशक तक ये सारे शुल्क नहीं होते थे–फिर भी बैंक मुनाफे में चलते थे।

वर्ष 1991 में 'अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष' (आईएमएफ) और 'विश्वबैंक' की शर्तों के तहत तथा 'नरसिंहम समिति' की सिफारिशों के बाद बैंकिंग व्यवस्था का उद्देश्य बदल गया। बैंकों पर कॉरपोरेट कंपनियों को सस्ते ब्याज पर भारी कर्ज देने का दबाव बढ़ा। 'विकास वित्तीय संस्थाएं' (डॅवलपमेंट फाइनेंस इंस्टीट्यूशन्स) – जो लंबे समय के ऋण देने में माहिर थीं – को बदलकर वाणिज्यिक बैंक बना दिया गया, जैसे - 'आईसीआईसीआई बैंक,' 'एक्सिस बैंक,' 'एचडीएफसी बैंक।'

इन बैंकों को निजी हाथों में सौंप दिया गया और अब इनमें अधिकांश विदेशी निवेशक हिस्सेदार हैं। सरकारी बैंकों को लंबी अवधि के ऋण देने पड़े, जो बाद में 'एनपीए' ('नॉन परफार्मिंग एसेट्स'/गैर-निष्पादित ऋण) बन गए। वर्ष 2016 में 'दीवालियापन और दिवालियापन संहिता' (इंसाल्वेंसी एण्ड बेंकरप्सी कोड) लाया गया और 'राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण' (एनसीएलटी) की स्थापना हुई। 'हेयरकट' के नाम पर 80 प्रतिशत तक बकाया राशि माफ की गई, जिससे बैंकों को भारी घाटा हुआ।

इस घाटे की भरपाई के लिए सेवा शुल्क लगाए गए, पर उनसे भी भरपाई नहीं हो सकी, इसलिए जमा पर ब्याज घटाया गया। 'एफडी' (फिक्स्ड डिपॉजिट) की ब्याज दरें 18त्न से गिरकर 6.5त्न हो गईं। बचत खातों में 5-6 प्रतिशत की जगह अब सिर्फ 2-2.5 प्रतिशत मिल रहा है। जबकि कॉरपोरेट्स को कम ब्याज पर लोन मिल रहा है, आम लोगों के लिए 'गृह ऋण,' 'एमएसएमई ऋण' और 'शिक्षा ऋण' की दरें अब भी 11-12 प्रतिशत हैं। सन् 2024 में 449 कॉरपोरेट कंपनियों को रू. 100 करोड़ से ऊपर के लोन 5 प्रतिशत से कम ब्याज पर मिले। 10,838 कॉरपोरेट्स को 10 प्रतिशत से कम ब्याज पर लोन मिले। इन 'गरीब' कॉरपोरेट्स की मदद के लिए, छोटे जमाकर्ताओं को कम ब्याज और अधिक शुल्क देकर दंडित किया जा रहा है – और 'आरबीआई' बस देख रहा है। सरकारी बैंकों के निदेशक मंडलों में अब 'वर्कमेन निदेशक' और 'गैर-वर्कमेन निदेशक' नहीं हैं – यानी निगरानी करने वाले लोग नहीं बचे। 'ग़ैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों' (एनबीएफसी) पर ब्याज दरों की सीमा को भी 'आरबीआई' ने हटा दिया है।

**बचत का महत्व:** वर्ष 2023 में भारत की 'घरेलू बचत दर' पिछले 50 वर्षों में सबसे कम रही। अब लोग बैंक की बजाय सोना और 'रीयल एस्टेट' को बेहतर निवेश विकल्प मान रहे हैं। 'आरबीआई' ने खुद की यह नीति भी लागू नहीं की कि किसी एक कॉरपोरेट को रू. 10,000 करोड़ से अधिक कर्ज बैंकों के समूह से नहीं दिया जाना चाहिए। देश की 90 प्रतिशत आबादी कर्ज में डूबी हुई है। साहूकार इनसे 100 प्रतिशत तक ब्याज वसूल रहे हैं।

ऋण-दरों में पारदर्शिता पूरी तरह नदारद है। टाटा समूह को 'एयर इंडिया' खरीदने के लिए रू. 10,000 करोड़ का ऋण सिर्फ 4 प्रतिशत ब्याज पर कैसे मिल गया? अडानी और अंबानी समूह को कितना ब्याज देना पड़ा – कोई नहीं जानता। ऐसे में 'आरबीआई' को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उसकी गतिविधियाँ और निष्क्रियता दोनों ही देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँचा रही हैं। अब जागने का समय है। (सप्रेस)

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपको अपने कानूनी मामलों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप अपने किसी काम को लेकर अनदेखी न करें।

**वृषभ**
आप अपने अच्छी सोच से कार्यक्षेत्र में अपने बॉस की आंखों का तारा बनेंगे और आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

**मिथुन**
पारिवारिक रिश्तों में आपको समानता बनाए रखनी होगी। कार्यक्षेत्र में आप छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करें।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। मित्रों के साथ संबंधों में सुधार आएगा। व्यापार में आपको समझदारी दिखानी होगी।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। शासन प्रशासन का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

**कन्या**
आपकी कला कौशल में सुधार आएगा और आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**तुला**
मन की इच्छा पूरी हो सकती है, लेकिन शारीरिक समस्याओं को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं। वाहनों का प्रयोग आपको सावधान रहकर करना होगा।

**वृश्चिक**
आप अपने बिजनेस में पार्टनरशिप न करें, बहुत ही देखभाल कर करें। माताजी से आप कुछ पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

**धनु**
आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, लेकिन उसमें किसी के कहने में आकर कोई जोखिम भरा काम ना करें। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मिलेजुले परिणाम लेकर आएगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी बड़े लक्ष्य को पूरा करने की आवश्यकता है।

**कुंभ**
आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई झूठा आरोप लगा सकता है, जिसमें आप अपनी बात अधिकारियों के सामने अवश्य रखें।

**मीन**
आप किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखें। बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से आपकी समस्याएं बढ़ सकती है। बड़ों के प्रति आदर व सम्मान बना रहेगा।

# हल्दिया एक्सप्रेसवे विकास की असीम संभावनाएं खोलेगा : डीएम

## छह प्रखंडों से होकर गुजरेगा एक्सप्रेसवे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** शुक्रवार की शाम कारगिल विजय भवन में संभावित बाढ़, मतदाता गणन पुनरीक्षण एवं रक्सौल से हल्दिया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेवे से संबंधित मुद्दों को लेकर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने प्रेस वार्ता आयोजित किया। इस अवसर पर श्री सिंगला ने बताया कि जिले के आठ प्रखंडों बछवाड़ा, तेघड़ा, बरौनी, बेगूसराय सदर, मटिहानी, शाम्हो अकहा कुरहा, बलिया एवं साहेबपुर कमाल गंगा प्रभावित क्षेत्र है तथा चेरियाबरियारपुर, बखरी एवं नावकोठी बूढ़ी गंडक नदी से प्रभावित है। जिला प्रशासन द्वारा कुल 289 परिचालन योग्य नाव की व्यवस्था की गई है। जिसमें 31 सरकारी नाव एवं 258 निजी नाव शामिल है। इसके साथ ही



और अधिक नाव की भी व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान में साहेबपुर कमाल अंचल में 20 जुलाई से 5 निजी नाव एवं बलिया अंचल में 2 निजी नावों का परिचालन किया जा रह है। श्री सिंगला ने बताया कि जिले में 78 राहत शिविर एवं 173 सामुदायिक रसोई चिन्हित कर लिया गया है। बाढ़ को लेकर सभी अंचलों में अनुश्रवण समिति की बैठक कर ली गई है। साथ ही अनुश्रवण समिति द्वारा जांच कर 94402 परिवारों की सूची आपदा संपूर्ति पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। सभी तटबंधों का संयुक्त निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल द्वारा किया गया है। कुल 8 तटबंधों की निगरानी हेतु 21 कनीय अभियंता एवं 5 सहायक अभियंता की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके बाद जिला पदाधिकारी ने रक्सौल से हल्दिया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना की विस्तृत जानकारी सभी पत्रकारों को दी। श्री सिंगला ने बताया कि रक्सौल हल्दिया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे 585.350 किलोमीटर बनाई जायेगी जिसमें से 407 किलोमीटर बिहार से होकर गुजरेगी। उन्होंने बताया कि बिहार के पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, बांका जिले से होकर गुजरेगी। रक्सौल-हल्दिया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रक्सौल पोर्ट तक सीधी और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। वर्तमान में रकसौल लैंड पोर्ट और हल्दिया पोर्ट के बीच कोई सीधा एक्सप्रेसवे या पहुंच नियंत्रित राजमार्ग उपलब्ध नहीं है यह प्रस्तावित एक्सप्रेस चालू होने के पश्चात इस क्षेत्र के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगा। यह एक्सप्रेसवे बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के प्रमुख जिला मुख्यालयों से बेहतर संपर्क सुनिश्चित करते हुए एक कुशल और तेज मार्ग प्रदान करेगा। प्रस्तावित मार्ग नेपाल और भारत के बीच व्यवहार को बढ़ावा देने के साथ साथ परिवहन व्यवस्था को भी अधिक सुलभ और व्यवस्थित बनायेगा। यह पूर्वी भारत के आर्थिक परिदृश्यको नया आकर देगा। यह एक्सप्रेसवे जिले के छह प्रखंड यथा मंसूरचक भगवानपुर, वीरपुर, बेगूसराय, मटिहानी एवं शाम्हो अकहा कुरहा होकर गुजरेगी। जिसकी कुल लंबाई 58.30 किलोमीटर प्रस्तावित है। यह जिला के लिए विकास के असीम संभावनायें के अवसर खोलेगी।

## करंट से जन वितरण विक्रेता की मौत

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** करियन गांव के एक धान खेत में सिंचाई के दौरान विद्युत करंट लगने से जन वितरण विक्रेता फूल यादव की मौत हो गई। घटना बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। घटना की जानकारी गांव में फैलते शव को देखने गांव के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। परिवार के लोगो ने बताया कि करियन पंचायत वार्ड तीन निवासी जन वितरण विक्रेता फूल कुमार यादव अपने धान खेत में सिंचाई करने गए हुए थे। उसी दौरान अचानक विद्युत करेंट लग गया। जिसके बाद बेहोश होकर खेत में गिर परे। स्थानीय लोगों के सहयोग से बेहोशी हालत में गांव के एक निजी डाक्टर के पास ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक डीलर का शव घर पहुंचते ही शव से लिपट कर परिवार के लोग दहाड़ मार कर रो रहे थे। घटना बाद पंचायत मुखिया संजीव कुमार पासवान, जिला पार्षद पति बबलू सिंह, पैक्स अध्यक्ष घूरन यादव पूर्व मुखिया बुधन पासवान, डीलर संघ अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, जविप्र प्रदीप कुमार, अजीत सिंह, मुखिया बिनोद पासवान सहित छेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि लोग और डीलर संघ के सदस्य गांव पहुंचे।

## एक नजर

### राजद नेता का लोगों ने किया स्वागत

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लालू प्रसाद यादव के करीबी भीम यादव को नगर परिषद बरौनी में स्वागत किया गया। शनिवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबी भतीजा को बेगूसराय से आने किसी कार्य के लिए जा रहे भीम यादव को नगर परिषद बरौनी तारा अड्डा के पास राजद के नेता परमानंद कुमार ने स्वागत किया साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बेगूसराय जिला के सातों सीट पर महागठबंधन की जीत कैसे हो इस पर चर्चा किया। इस दौरान नगर परिषद बरौनी राजद नगर अध्यक्ष सिकंदर अली कहा कि इस बार बेगूसराय जिले के सातों सीट पर महागठबंधन की जीत होने मौजूदा सरकार से अब जनता को छुटकारा चाहिए। इस दौरान समाजसेवी कय्यूम आजाद, पूर्व मुखिया दशरथ राम, सहित दर्जनों लोगों मौजूद थे।

### जनता दरबार में आठ मामलों पर हुई सुनवाई

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीन संबंधी विवादों के निपटारे के लिए पुर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को वीरपुर थाना के प्रतिक्षालय भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार ने बताया कि पुर्व का 8 व नया कोई आवेदन नहीं आया। कुल 8 आवेदनों की सुनवाई की गई जिसमें से एक आवेदन को आपसी समझौता के आधार पर निष्पादित किया गया। शेष बचे हुए सात आवेदन के आलोक में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर अगली तिथि में बुलाया जाएगा। मौके पर थाना के पदाधिकारी सहित दर्जनों फरियादी मौजुद थे।

### समाज में बेहतरीन कार्य के लिए सम्मानित

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सरायनूरनगर स्थित बालेश्वर रामापती सुमिंत्रा स्मृति भवन कक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नित्यानंद सिंह बादल ने किया। समारोह का विधिवत उद्घाटन सामुहिक रूप से राष्ट्रगान के साथ किया गया। समारोह को संबोधित करते हुयें सेवानिवृत संस्कृत के व्याख्याता पंडित रामचन्द्र झा ने कहा कि अच्छे विचार, व्यवहार, शिक्षा से ही समाज का बदलाव संभव हैं। मंझौल निवासी श्रवण कुमार ने बहुत ही कम समय में अपनी उच्च विचार एवं शिक्षा रूपी ज्ञान से समाज के अंदर ज्ञान का दीप जलाने का काम किया हैं। जो काफी ही प्रशंसनीय हैं। वर्तमान समय में ऐसे व्यक्तित्व से सीख लेकर नयी पिढ़ी को आगे बढ़ने की आवश्यकता हैं। तभी समाज को नयी ऊर्जा के साथ बदलाव संभव हो सकता हैं। समाज, शिक्षा जगत में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर युवा श्रवण कुमार को मिथिला की परंपरागत सम्मान के साथ सुमित्रा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन छात्र मयंक राज ने किया।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने दो अलग अलग गाँव से दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटी विष्णुपुर के थाना काड संख्या 48-15 के प्रदीप साह तथा थाना काड संख्या 178-21 के छतौना के अभिराम कुमार है। दोनों नामजद लबी अवधि से न्यायालय में अपनी हाजिरी नहीं दे रहे थे। लंबे अंतराल से अनुपस्थित रहने से न्यायालय ने इनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस अभियान में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, एस आई विश्व जीत कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मेधा सम्मान खोज प्रतियोगिता आयोजित

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दिनकर पुस्तकालय सिमरिया के प्रांगण में शनिवार को मुचकंद मेधा सम्मान खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। दिनकर पुस्तकालय के तत्वावधान में आयोजित इस परीक्षा में इस वर्ष के मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों ने हिस्सा लिया। परीक्षा में 50 अंक का वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछा गया। परीक्षा में दिनकर प्लस टू स्कूल की छात्रा श्रेया कुमारी ने 42 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। श्रेया को 27 जुलाई 2025 रविवार को आयोजित मुचकुंद जयंती पर मेधा सम्मान आगत अतिथियों के हाथों दिया जाएगा। इस सम्मान में 5 हजार रुपए नकद एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। विदित हो कि मुचकुंद जयंती समारोह का आयोजन दिनकर प्लस टू स्कूल सिमरिया के प्रांगण में आज आयोजित है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर तेघड़ा विधायक रामरतन सिंह, जिला साक्षरता समिति के सचिव एस.एन. आजाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुरंजन कुमार, आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन के संयोजक डा. कुंदन कुमार समेत कई गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता परीक्षा के संचालन में दिनकर स्मृति विकास समिति के कोषाध्यक्ष रामनाथ सिंह, दिनकर पुस्तकालय के कार्यकारी अध्यक्ष विश्वंभर सिंह, सचिव संजीव फिरोज, लक्ष्मणदेव कुमार, प्रवीण प्रियदर्शी, जितेन्द्र झा, मनीष कुमार, राधे कुमार, गुलशन कुमार आदि ने सहयोग किया। परीक्षा में ललिता कुमारी, कुश कुमार, रजनीश कुमार, धर्मवीर कुमार, रिया कुमारी, श्रेया कुमारी, अमृत राज, खुशी कुमारी, सोनाली कुमारी आदि प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## थाना परिसर में भूमि विवाद से संबंधित तीन मामले आए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को थाने में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें तीन नया भूमि विवाद का मामला सुनवाई के लिए दर्ज किया गया तथा एक मामले को निष्पादित किया गया। दर्ज मामला हसनपुर बागर के सनोज कुमार व विपत महतो, डुमरिया के संजीत कुमार व सुरेन्द्र यादव, पहसारा के हीरा कात सिंह व महेश कुमार के बीच भूमि विवाद से संबंधित है। वही निष्पादित मामला पहसारा के हीरा कांत सिंह व महेश कुमार बीच बंटवारा का मामला रहने से आपसी सहमति से बंटवारा करने की सहमति बन जाने से निष्पादित किया गया। जनता दरबार में कुल 8 मामले लंबित है। छतौना के रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार, शेखपुरा के सुखो ताती व मनोज पासवान, रजाकपुर के अमीर महतो व अमीन महतो, पहसारा के रमेश सहनी व राम उदय सहनीआदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख दी गयी। मौके पर सीओ सूरज कुमार, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, राजस्व कर्मचारी अखिलेश्वर राम, सिया राम, अंचल कर्मी व फरियादी आदि मौजूद थे।

## एनएसयूआई का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले के जीडी कॉलेज में शुक्रवार को एनएसयूआई के द्वारा पांच दिनों से चल रहे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। धरना का समापन एलएनएमयू के कुलपति संजय कुमार चौधरी के फोन पर हुई बातचीत के बाद समाप्त की गई। इस अवसर पर नए प्रभारी प्रिंसिपल चंद्रभूषण सिंह भी उपस्थित थे। वही इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजा कुमार ने बताया कि हम युवाओं की मांग थी कि जिले के किसी भी महाविद्यालय में बीबीए बीसीए एमसीए म्यूजिक एवं ड्रामा मास कम्युनिकेशन हिंदी पत्रकारिता फैशन टेक्नोलजी योग आदि के शिक्षक की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में इन सभी विषयों को व्यावसायिक कोर्स में लागू किए



जाने की आवश्यकता है। पूर्व में भी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को लेकर एक आवेदन दिया गया था। जिसका समाधान नहीं हो पाया। जिसको यथाशीघ्र समाधान किया जाए। वहीं विद्यार्थियों की मांग थी कि भारत एवं बिहार की जनसंख्या मुख्यतः कृषि पर आधारित जीवन व्यापक करती है। जिसको लेकर हम लोगों ने जिले में कृषि विज्ञान में शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर जाना ना पड़े। इसके लिए बेगूसराय में कृषि विज्ञान में स्नातक बीएससी एग्रीकल्चर के क्षेत्र की व्यवस्था प्रारंभ हो। वही राजा कुमार ने बताया कि छात्र किसी भी राष्ट्र का भविष्य होते हैं। उन पर आने वाले समाज की नींव टिकी होती है। इसलिए छात्र संघ चुनाव सितंबर महीने में कराया जाए। जीडी कलेज में कंप्यूटर सेंटर के एक कार्यरत व्यक्ति को बेगूसराय विस्तार केंद्र में नियुक्ति किया जाए। विश्वविद्यालय के कुलपति ने फोन कर आश्वासन दिया है कि विद्यार्थियों के सभी मांगों को एक सप्ताह के अंदर पूरा कर दिया जाएगा।

मौके पर कॉलेज अध्यक्ष श्याम सुंदर कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों के हक अधिकार सम्मान के लिए हम लोग लड़ते आए हैं आगे भी लड़ेंगे। एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष मुरारी कुमार ने बताया कि अगर बच्चों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है। हम लोग पुनः बच्चों के अधिकार के लिए लड़ने का काम करेंगे। वहीं इस मौके पर प्रिंस कुमार, बबलू कुमार, रोहित कुमार, गोलू कुमार, ऋषभ कुमार, गौरव कुमार सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

## रक्त संग्रह केंद्र पर रक्त की उपलब्धता की जाए सुनिश्चित : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सूचकांकों पर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया गया साथ ही शून्य प्रदर्शन करने वाले प्रखंड के ऊपर स्पष्टीकरण करने का भी निर्देश दिया गया। जिला के द्वारा भाव पोर्टल पर अपेक्षित सुधार यानि पिछले माह 38 वे स्थान से दूसरे स्थान पर आने पर सभी को बधाई दी गई, वहीं सबकटेनियस अंतर इंजेक्शन में पूरे राज्य में जिला के दूसरे स्थान पर रहने की खुशी जताई गई।साथ ही सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी को प्रत्येक माह प्रखंड के कार्यों की समीक्षा करने को कहा गया और कार्य का अनुसरण हेतु क्षेत्र भ्रमण के लिए भी कहा गया। माह अगस्त की पहली तारीख से सातवीं तारीख तक सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को विरोध रूप से ब्रेस्टफीडिंग वीक मानने को कहा गया जिसमें सभी आशा के द्वारा घर-घर भ्रमण कर इसकी महत्व को बताने के लिए कहा गया। आयुष्मान कार्ड के निर्माण में तेजी लाने को कहा गया। इसके अनुश्रवण हेतु डीसी आयुष्मान को आदेशित किया गया। आशा चयन को लेकर जिला पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि 15 अगस्त तक आशा चयन की उपलब्धि शत प्रतिशत कर ली जाए। सभी चिकित्सकों को ओपीडी के सापेक्ष में कम से कम 20 प्रतिशत लैब जांच एवं 10 प्रतिशत रेडियोलोजी जांच से संबंधित निर्देश दिया गया। टीवी उन्मूलन कार्यक्रम में अधिक से अधिक जांच करवाने का निर्देश दिया गया ताकि भारत सरकार का महत्वाकांक्षी योजना टीवी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के साथ बैठक करे । ताकि एनआरसी में बच्चों की उपलब्धता ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित किया जाए ताकि जिले की स्थिति में सुधार हो सके। रक्त संग्रह केंद्र के संबंध में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि रक्त संग्रह केंद्र पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए अलग-अलग जगह पर कैंप के माध्यम से रक्त संग्रह करवाया जाए।

## विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**मंसूरचक।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय दशरथपुर में पदस्थापित शिक्षका का गमगीन आँखों से लोगो ने विदाई दी। शिक्षिका सुनीता कुमारी को पीएस फुलवरिया खुसरूपुर प्रखंड में प्रधानाध्यापक पद के लिए स्थानांतरण होने के उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार की ओर से विदाई सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भावनात्मक माहौल में विधालय के प्रधानाध्यापक अभय कुमार चौधरी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार राय आदि उपस्थित थे।

## सेटरिंग खोलने के दौरान दो की मौत एक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाने के पहसारा पूर्वी पंचायत के पीर नगर वार्ड संख्या 08 में शौचालय की टंकी का सेंटरिंग खोलने के क्रम में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। जबकि इसी का एक भाई तथा चचेरा भाई जख्मी हो गया।

मृतक राम बदन महतो का 36 वर्षीय पुत्र देवेंद्र महतो तथा 30 वर्षीय राजा कुमार है जबकि जख्मियो में राम बदन महतो का 21 वर्षीय पुत्र पवन कुमार तथा महेन्द्र महतो का 25 पुत्र अमित कुमार है। घटना शुक्रवार की है। चारो भाई अपने ही घर में बने शौचालय की टंकी का सेंटरिंग खोल रहा था। इसे खोलने के लिए राजा तथा देवेंद्र चेंबर हटाकर उसमें प्रवेश किया। काफी देर तक कोई हरकत होता नहीं देखकर पवन और अमित भी उसमें प्रवेश किया तो अंदर दोनों को मरा पाया। इन दोनों को भी बेहोशी छाने लगी। इसे बेहोशी हालत में इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती किया गया है। इनके मौत से परिवार पर गमो का पहाड़ टूट गया है। देवेंद्र की पत्नी रेणु देवी, राजा की पत्नी सोनी देवी, माँ तारा देवी सहित अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। राजा के दो पुत्र, देवेंद्र के भी दो पुत्रियाँ है। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर मामले की तहकीकात में जुट गयें हैं।

## मुंगेर विश्वविद्यालय में सीनेट चुनाव 2025 हेतु दो नामांकन अस्वीकृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय ने बताया कि कुलपति माननीय प्रोफ़ेसर संजय कुमार के अनुमोदन के पश्चात पहले सीनेट चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद नामांकन पत्र जांच के उपरांत शनिवार को प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गयी है। जिसमें एमयू के 17 अंगीभूत एवं 11 संबद्ध कॉलेज के लिये सीनेटरों के कुल 13 पदों पर 29 प्रत्याशियों की सूची जारी की गयी है। हालांकि इस बीच कोशी कॉलेज, खगड़िया के गणित प्राध्यापक डॉ. जयनंदन सिंह के अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग दोनों कोटि के नामांकन को अस्वीकृत कर दिया गया है वहीं अब 28 और 29 जुलाई को नाम वापसी के बाद 30 जुलाई को अंतिम रूप से चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की सूची जारी की जायेगी। बता दें कि एमयू ने 19 से 24 जुलाई तक सीनेट के कुल 13 पदों पर नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण की जिसमें 17 अंगीभूत कॉलेज तथा 11 संबद्ध कॉलेज के लिये शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के कुल 13 पदों पर 31 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया। शनिवार को विश्वविद्यालय ने नामांकन पत्रों की जांच के बाद प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है जिसमें 17 अंगीभूत कॉलेज के लिये शिक्षक के 9 पदों पर कुल 13 प्रत्याशियों की सूची जारी की गयी है जबकि 11 संबद्ध कॉलेज के लिये शिक्षक के कुल 3 पदों पर 10 तथा 17 अंगीभूत कॉलेज के लिये शिक्षकेत्तर कर्मचारी के एक पद पर कुल 6 प्रत्याशियों की सूची जारी की गयी है। इधर विश्वविद्यालय ने सीनेट चुनाव के लिये प्राप्त कुल 31 आवेदनों में एक प्रत्याशी डा. जयनंदन सिंह के आवेदन को अस्वीकृत किया गया है। इधर अब विश्वविद्यालय द्वारा 28 और 29 जुलाई को नामांकन वापसी की तिथि निर्धारित की गयी है। जिसके बाद विश्वविद्यालय द्वारा 30 जुलाई को अंतिम रूप से प्रत्याशियों की सूची जारी की जायेगी। हलांकि इस बीच अब 17 अंगीभूत कॉलेज के लिये 09 सीनेट पदों पर अनुसूचित जनजाति कोटि में केवल एक नामांकन आरएस कॉलेज, तारापुर की अर्थशास्त्र सहायक प्राध्यापक डा. सविता कुमारी द्वारा नामांकन कराया गया है।

## 5,11,475 मतदाताओं के प्रपत्र जमा

**अरवल।** जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य के तहत आज तक के जिले में 5 लाख 11,475 मतदाताओं के प्रपत्र जमा हो गए। जिले में 30,273 मतदाता मृत दोहरी नाम मतदाता सूची में अंकित और विस्थापित पाए गए। 1 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा और 1 सितंबर तक दावा आपत्ति लिया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने बताया कि जिले में 1200 से अधिक मतदाताओं की संख्या होने के कारण 89 नया मतदान केंद्र बनाए गए हैं। अब जिले में कल 562 मतदान केंद्र हो गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम जिनका छूट गया है वह 1 सितंबर तक दावा कर सकते हैं।

## यूपी के अपर मुख्य सचिव बने मंझौल के आलोक कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मंझौल (बेगूसराय)।** मंझौल गांव और पूरे बेगूसराय जिले के लिए गर्व का क्षण तब आया जब गांव के लाल आलोक कुमार को उत्तरप्रदेश सरकार में अपर मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही गांव सहित पूरे जिले में उत्साह और बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। उत्तरप्रदेश के नव नियुक्त अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने इस अवसर पर कहा, ल्लयह केवल मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि यह जिम्मेदारी मुझे एक सेवक के रूप में देश और समाज की सेवा का और




बड़ा अवसर देती है। मैं इस पद को पूरी निष्ठा, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ निभाऊंगा और प्रयास करूंगा कि मेरे कार्यों से उत्तरप्रदेश का विकास हो और मेरे गांव, जिला और राज्य का नाम रोशन हो। आलोक कुमार ने कहा कि 32 वर्ष पूर्व उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षा पास की थी और तब से यह यात्रा लगातार चुनौतीपूर्ण लेकिन प्रेरणादायक रही है। उन्होंने अपने सहकर्मियों, मित्रों, परिवारजनों, जिले और ग्रामवासियों का आभार जताया। उनके पिता त्रिविक्रम प्रसाद सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि यह क्षण उनके जीवन का सबसे सुनहरा दिन है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल परिवार की नहीं, पूरे समाज और बिहारवासियों की है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि आलोक भविष्य में और ऊंचाइयों को छुएं और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर छात्र नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि आलोक भैया जैसे अधिकारी नई पीढ़ी के लिए आदर्श हैं। उनका संघर्ष, संयम और सफलता हम सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री रामजीवन सिंह, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा, पूर्व विधायक अनिल चौधरी, स्नातक एमएलसी सर्वेश कुमार, विधायक कुंदन सिंह, जिलाधिकारी तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार, डीएसपी नवीन कुमार, थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, इंस्पेक्टर निगम वर्मा, रामशंकर प्रसाद सिंह, विजयशंकर, मंजू शंकर, अमित कुमार सिंह गप्पू, देवाशीष सिंह, अमितराज, खड़ग नारायण सिंह, सरपंच सुरुचि देवी, मुखिया प्रतिनिधि विपिन, अजय कुमार चुलबुल, पूर्व मुखिया कुमार अनिल, डॉ राहुल, संजीत कुमार, अमृतगोपाल भारती, शालिग्राम सिंह, अनमोल शरण, रामसुमिरन सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। गांव में ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न का माहौल बना रहा और लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। ग्रामीणों ने कहा कि आलोक कुमार की यह सफलता मंझौल के हर बच्चे को बड़ा सपना देखने की प्रेरणा देगी।

## एसडीओ ने किया उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरदाहा का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी श्वेता भारती के द्वारा मोतिहारी अंचल स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरदाहा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा नित्यम कुमार गौरव भी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा सर्वप्रथम विद्यालय में अध्यनरत छात्रों से इंटरेक्ट किया गया। इस क्रम में वर्ग पांचवीं, सातवीं एवं आठवीं की बच्चों से अनुमंडल पदाधिकारी ने मिलकर विद्यालय में चल रहे पठन-पाठन की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बच्चों से भी कुछ सामान्य प्रश्न किए गए जिसका बच्चों ने सही सही उत्तर दिया। जिससे अनुमंडल पदाधिकारी काफी प्रभावित हुईं और शिक्षकों से बच्चों का शिक्षक के नाते एवं गार्जियन के तौर पर भी विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। बच्चों से इंटरेक्ट करने के पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी ने एमडीएम योजना की जांच की एवं आज विद्यालय में बने खाना को देखा और अपने सामने ही बच्चों को खाना खिलवाई। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा पीएम पोषण योजना की भी जानकारी प्राप्त की गई। विद्यालय के पंजीयों सहित छात्र एवं शिक्षकों की उपस्थिति देखी गई। विद्यालय में कुल आठ शिक्षक एवं 162 छात्र उपस्थित पाए गए।

## लोक शिकायतों के निवारण का मिल रहा लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** वर्ष 2019 बैच के वनस्पति विज्ञान में ऑनर्स के छात्र नितेश कुमार को ग्रेजुएशन का मूल प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ था जिसको लेकर फरियादी नितेश कुमार, ग्राम हनुमान नगर, थाना महुआवा, पूर्वी चंपारण ने लोक शिकायत निवारण अधिकार के अंतर्गत अपना आवेदन जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के कार्यालय को दाखिल किया। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा सुनवाई की गई। जिसमें परिवादी के द्वारा बताया गया था कि उनके द्वारा बॉटनी ऑनर्स के मूल प्रमाण पत्र के लिए विश्वविद्यालय में आवेदन जमा किया गया था परंतु आज तक मूल प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ। प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि इनका मूल प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय में बन गया है परंतु अभी महाविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिक संघ की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नगर के शहीद पार्क में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने किया। समारोह में पुलिस उपाधीक्षक विवेक दीप और पूर्व सैनिक कल्याण समिति के नोडल अधिकारी शामिल रहे।



महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि अपनी मातृभूमि की रक्षा की बलि वेदी पर अपना सर्वस्व न्योछावर कर देने वाले शहीदों की कुबार्नी को यादगार बनाना आज के समय की सबसे बड़ी दरकार है। क्योंकि देश की नई पीढ़ी तभी हमारे अमर शहीदों के त्याग और बलिदान को पीढ़ी दर पीढ़ी याद रख सकेगी। पुलिस उपाधीक्षक विवेक दीप सहित सभी अतिथियों ने कारगिल विजय दिवस पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम को कैप्टन हरिश्चंद्र राव अध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ, भूपेन्द्र सिंह सचिव, नागेन्द्र प्रसाद फ्लाइंग ऑफिसर, शिवशंकर सिंह राज्य उपाध्यक्ष, सबमेजर मुन्ना सिंह, सूबेदार मनोज कुमार पाठक, संतोष कुमार पाठक, चितरंजन पटेल संघ कोऑर्डिनेटर, संतोष शर्मा लीगल एडवाइजर, नन्दलाल चौधरी डीआईओ, रोहित सिकारिया नगर पार्षद, अशोक कुशवाहा जिला परिषद्,चनपटिया ने भी संबोधित करते हुए कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### बारिश नहीं होने से धान की फसलें प्रभावित

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र में मौसम की बेरुखी ने किसानों कि चिंता बढ़ा दी है। कई दिनों से बारिश नहीं हुई खेत सूख गए धान की फसल मुरझाने लगी है। खेतों में दरारें पड़ गई है। तेज धूप और उमस से खेतों की नमी खत्म हो गई। किसान महंगे दामों पर पटवन करने को मजबूर है। कई खेतों में बोरिंग नहीं है। वहां सिंचाई करना मुश्किल हो गया है। कुछ दिन पहले हल्की बारिश हुई थी लेकिन पर्याप्त पानी नहीं मिला किसानों ने बारिश से पहले ही खेतों में बीज गिराया बिचड़ा मुरझाने लगा तो पंपसेट से पानी पटना पड़ा बारिश के समय भी कम पानी मिला फिर पंप सेट से सिंचाई कर रोपनी करनी पड़ी, अब रोपे गए धान को भी पंपसेट से पानी देना पड़ रहा है। हर साल इस समय तक बिचड़ा के उगने लायक पानी हो जाता था। कुछ जरूर हुई तो किसान पटवन कर लेते थे। इस बार तो खेत बारिश के पानी के लिए तरस रहा है। पर्याप्त बारिश नहीं होने से मैनाटांड क्षेत्र के किसान चिंतित हैं।



### मारुति और बाइक की भिड़ंत में बाइक चालक की मौत

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया रामनगर मार्ग में स्थित सुगौली मोड़ पर मारुति और बाइक के आमने सामने टक्कर में एक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि बाइक पर सवार दूसरे व्यक्ति की हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने उसे बेतिया गवर्मेंट अस्पताल रेफर कर दिया। घटना बीते शुक्रवार के रात करीब 8 बजे की है। मृतक की पहचान शनिचरी थाना क्षेत्र के ओझाबारवा गांव के सेराजुल मियां के पुत्र भोला अंसारी (35) के रूप में हुई है तो वहीं घायल व्यक्ति की पहचान योगापट्टी थाना क्षेत्र के पड़रौन निवासी आशिक मियां के पुत्र आफताब अंसारी के रूप में हुई है। भोला अपने दोस्त आफताब के साथ अपने घर से बाइक से रामनगर के छौघरिया जा रहे थे। इसी बीच रामनगर मार्ग में स्थित सुगौली मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रहे मारुति से आमने सामने दोनों का टक्कर हो गया, जहां सड़क पर दोनों गिर गए और मारुति चालक गाड़ी को छोड़कर भाग गया। पुलिस दोनों को लौरिया अस्पताल ले गई। चिकित्सकों ने भोला को मृत बताया तो आफताब की स्थिति काफी गंभीर देखकर प्राथमिक उपचार के बाद बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया।

### आगलगी में तीन घर जले, लाखों की सम्पति राख

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगही बसवरिया पंचायत के गबनाहा के वार्ड संख्या तेरह निवासी मोहित मियां कुदुस मियां महेंद्र ठाकुर के घर में शनिवार को अहले सुबह में बिजली के शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। जिसमें लाखो की सम्पति जलकर राख हो गया। मौके पर पहुची 112 की पुलिस तथा लौरिया से अग्निशमन गाड़ी तथा नरकटियागंज से बुलाया गया। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। मुखिया प्रतिनिधि इंतेखाब अहमद उर्फ गोलू मुखिया भी पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने की बात कही।

### बंद पड़े बिस्कोमान गोदाम संचालन को लेकर केंद्रीय मंत्री को दिया ज्ञापन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन ओझा ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे से मिलकर नरकटियागंज में करीब एक साल से बंद पड़े बिस्कोमान गोदाम को पुनः सुचारू रूप से संचालित कराने की मांग की है। ताकि क्षेत्र के किसानों को खाद की किल्लत न हो। बीस सूत्री अध्यक्ष ने बताया कि गोदाम का संचालन नही होने के चलते किसानों को समय से उर्वरक नही मिल पाता है। जिससे काफी परेशानी होती है। वही केंद्रीय मंत्री श्री दुबे ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक करवाई करते हुए गोदाम का संचालन कराने का निर्देश दिया है।

### अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में छह लोग घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में शनिवार को मारपीट की घटनाओं में कुल छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में कराया गया। पहली घटना गंगौली गांव की है, जहां आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में स्वर्गीय मथुरा सिंह के 52 वर्षीय पुत्र नरेंद्र सिंह एवं उनकी 19 वर्षीय पुत्री आशु कुमारी घायल हो गईं। पीड़ितों ने बताया कि पहले कहा-सुनी हुई, फिर गाली-गलौज और अंततः मारपीट की घटना घटी। दूसरी घटना देवरिया गांव की है, जहां आपसी विवाद में स्वर्गीय हसमत अली के 50 वर्षीय पुत्र सगीर आलम, उनकी 45 वर्षीय पत्नी जरीना खातून और 17 वर्षीय पुत्री नाजिया खातून घायल हो गए। आरोप है कि मिट्टी काटने को लेकर बड़े भाई और भतीजे ने मारपीट की। सभी मामलों में थाना पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### फोटो निर्वाचक सूची को शुद्ध करना सर्वोच्च प्राथमिकताः डीएम

**छपरा/तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के अंतर्गत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय तरैया में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी अमन समीर ने बैठक की अध्यक्षता की। डीएम ने बीएलओ व सुपरवाइजरों को



निर्देश देते हुए कहा कि शुद्ध और अद्यतन निर्वाचक सूची का प्रकाशन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नामांकन फॉर्म भरने की प्रक्रिया शनिवार को समाप्त हो गई है और ड्राफ्ट सूची का प्रकाशन 1 अगस्त को किया जाएगा। इसके बाद नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरना होगा, जिसमें 11 दस्तावेज और शपथ पत्र अनिवार्य होंगे। बैठक में सत्यापन पंजी, बीएलओ-बीएलए बैठक रजिस्टर, फॉर्म अनुक्रमणिका आदि को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल, ईआरओ धनंजय त्रिपाठी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### इको क्लब गठन को लेकर नोडल शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शुक्रवार को कन्या मध्य विद्यालय, तरैया में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी विद्यालयों के नोडल शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षकों मुन्ना प्रसाद और संतोष कुमार भारती ने इको क्लब की संरचना, उद्देश्य और क्रियाकलापों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इको क्लब के माध्यम से छात्र-छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता, स्वच्छता, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त परिसर जैसे प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाएगा। शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में क्लब के प्रभावी गठन और संचालन की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय प्रशासन की अहम भूमिका रही।

# असमिता योगासन सिटी लीग का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** योगासन भारत, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, बिहार योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन का संयुक्त आयोजन श्असमिता योगासन सिटी लीग 2025-26 का आयोजन खेल भवन सह व्यायामशाला भवन, बेतिया में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। लीग का उद्घाटन पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की मंत्री रेणु देवी, सांसद डॉ. संजय जायसवाल, बिहार योगासन खेल संघ की महासचिव डॉ. रानी कुमारी, वरीय उपाध्यक्ष बबीता देवी, रेड क्रॉस चेयरमैन डॉ. सुशील प्रसाद चौधरी, आईएमए अध्यक्ष, डॉ. एस.एन. क्योलियार ने



संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मंत्री रेणु देवी ने कहा कि भारत सरकार ने योगासन को खेल के रुप में मान्यता और प्रोत्साहन देकर खेल की दुनिया को विस्तार दिया है। बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक करने का महती प्रयास प्रशंसनीय है। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. जायसवाल ने कहा कि योगासन स्पोर्ट्स आपको स्वस्थ शरीर के साथ एक उज्वल भविष्य एवं कैरियर प्रदान कर रहा है। इसका लाभ सभी को लेना चाहिए। महिलाओं को योगासन खेल के प्रति जागृति एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रोत्साहन हेतु आयोजित इस लीग के स्थानीय आयोजक पश्चिम चम्पारण योगासन खेल संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. जगमोहन कुमार ने स्वागत भाषण एवं लीग के संयोजक सच्चिदानंद ठाकुर ने संचालन किया। अंडर 18 एवं 18 वर्ष से अधिक दो आयु वर्ग के एवं जिले के दर्जनों विद्यालयों/ महाविद्यालयों कुल 477 छात्राओं ने इस ट्रेडिशनल एवं आर्टिस्टिक इवेंट में शानदार प्रदर्शन कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। बिहार के विभिन्न जिलों से आये टेक्निकल ऑफिसियल (जजेज) पवन कुमार, पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा, हर्षिता, अमित कुशवाहा, अवनीश मिश्रा, प्रिया कुमारी अग्रवाल, रुपेश कुमार, कुमार शशि राज, रजनीश कुमार नीरज, प्रेमा, रुबी कुमारी, आलोका प्रसाद, एसपी कुमार आदि ने ऑनलाइन जजमेंट कर निर्णायक भूमिका निभाई। समाजसेवी आलमगीर अशरफ, दीपेन्द्र सर्राफ, संदीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ. संजय कुमार, मीना तोदी, रुपा सिंघानिया, सौरभ कुमार, पूनम झुनझुनवाला, रानी झुनझुनवाला एसोसिएशन के उपाध्यक्षद्वय इंदू कुमारी व कुमार शशि भूषण, कार्यकारिणी सदस्य कुंदन शांडिल्य की विशिष्ट उपस्थिति रही। योगा इंस्ट्रक्टर अनुष्का कुमारी, रितेश कुमार, सहयोगी राम कुमार, रोहित, अनिसुर्रहमान, रुपम, शिवम, रोहित, दिवाकर आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल अंतर्गत मैनाटाड़ प्रखंड के भिरभिरिया गांव स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में शनिवार को अभिवावक- शिक्षक गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक सह अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ओमप्रकाश नारायण सिंह ने कहा कि अभिभावक विद्यालय से अपने बच्चों को अनावश्यक घर लेकर नही जाए। बिना किसी विशेष प्रयोजन के बच्चों को घर लेकर जाने से उनके शिक्षा पर असर होता है और उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। एसडब्लूओ ने गोष्ठी के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधान शिक्षक को बच्चों में शिक्षा के प्रति गुणात्मक सुधार को लेकर आवश्यक जानकारी दी।

## लौरिया से सुमन कुमारी तो मरहिया से रघुराज प्रताप सिंह बने पैक्स अध्यक्ष

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया और मरहिया में हुए पैक्स अध्यक्ष के चुनाव में मतदाताओं ने पुराने पैक्स अध्यक्षों पर भरोसा जताते हुए उन्हें पुनः अध्यक्ष का ताजपोशी किया। फर्क इसमें केवल इतना है कि पूर्व पैक्स अध्यक्ष इस बार चुनाव नहीं लड़े हैं। लौरिया पैक्स अध्यक्ष मनु सिंह ने अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाकर जिताया है तो मरहिया पैक्स अध्यक्ष जो नगर पंचायत की उपसभापति श्रीमती किशोरी देवी हैं ने अपने पोता को चुनाव लड़ाकर जिताया है। विजेता अध्यक्ष के पिता लड्डू सिंह भी पैक्स अध्यक्ष रह चुके हैं। इधर पैक्स चुनाव के वोटों की गिनती की समाप्ति पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि लौरिया से पैक्स अध्यक्ष के चुनाव में सुमन देवी को 893 मत मिले हैं तो वहीं प्रतिद्वंदी कुणाल कुमार को 526 वोट प्राप्त हुआ है। सुमन कुमारी ने अपने विपक्षी को 293 मतों से पराजित किया है तो वहीं



मरहिया से रघुराज प्रताप सिंह उर्फ निहाल सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी सगीर मियां को 250 मतों से हराया है। रघुराज प्रताप सिंह को 930 मत मिला तो सगीर मियां को 680 मत पाकर संतोष करना पड़ा। विदित हो कि जीते पैक्स अध्यक्ष रघुराज की उम्र अभी 20 वर्ष है। इधर जीत की खबर मिलते ही विजेता पक्षों ने जीत की खुशी में जमकर अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामना दी।

## टीपीवर्मा कॉलेज का 55 वां स्थापना दिवस मनाया गया

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टीपी वर्मा कॉलेज का 55 वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अथिति आशीष वर्मा उर्फ मधु बाबू, प्राचार्य डॉ सुरेंद्र राय,एमजेके कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके चौधरी,डिग्री कॉलेज बगहा के प्राचार्य डॉ संजीव कुमार राम व भोट चतुवेर्दी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सुरेंद्र राय ने की।वही संचालन बीएड के डॉ आलोक रंजन ने किया। समारोह में प्राचार्य डॉ राय ने कॉलेज की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।प्राचार्य ने बताया कि इस नए सत्र में कॉलेज में तीन अलग अलग स्नातक विषयो की पढ़ाई शुरू की गई है।अक्टूबर माह में एनसीसी की मंजूरी मिल जाएगी। कार्यकम में छात्राओं ने लोक गीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी तो अन्य छात्र छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से मनमोह लिया।

## पशुपालकों को बेहतर पशु चिकित्सा कराएं उपलब्ध : जिलाधिकारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। बैठक में मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई (एमभीयू), कृत्रिम गभार्धान, टीकाकरण (लम्पी स्कीन डिजिज), बधियाकरण आदि की समीक्षा की गयी।जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिले के पशु चिकित्सालयों में डॉक्टरों एवं कर्मियों की ससमय उपस्थिति रहे, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाय। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ समय पर पशुपालकों को मिलना चाहिए। उन्होंने पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पशुपालकों को बेहतर पशु चिकित्सा उपलब्ध कराएं। पशु चिकित्सालयों के



भवनों के जीर्णोद्धार हेतु अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी पशु चिकित्सा पदाधिकारी विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुरूप कार्यो को निष्ठापूर्वक करें ताकि पशुपालकों के पशुओं को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के सभी प्रखण्डों में संचालित मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई के कार्यो का पर्यवेक्षण प्रखण्ड स्तरीय भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा कराएं। मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई निर्धारित रूटचार्ट को फॉलो करें। पशुपालकों को लाभान्वित करने के उपरांत राशि की उगाही की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। इस संदर्भ में शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत जांच करायी जायेगी और दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिलास्तरीय जांच दल का गठन कर जिले के सभी पशु चिकित्सालयों की जांच करायी जायेगी।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच, श्री कुमार रविन्द्र, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डॉ0 राम चन्द्र कुमार रवि, सहित सभी पशु चिकित्सक आदि उपस्थित थे।

## एकमा के स्कूलों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार सहित एकमा प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित हुई। बीआरसी परिसर स्थित कन्या मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में, अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय एकमा में प्रधानाध्यापिका सारिका द्विवेदी की अध्यक्षता में, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी की अध्यक्षता में, प्राथमिक विद्यालय देवीगंज रसूलपुर में प्रधान

**अभिभावकों व शिक्षकों ने मिलकर बच्चों के भविष्य पर की चर्चा**



शिक्षिका अनिता कुमारी पांडेय की अध्यक्षता में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में आयोजित संगोष्ठी में विद्यालय के शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव, अभिभावकों के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। संगोष्ठी में अभिभावकों के साथ मिलकर विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान व्यावसायिक कौशल, स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण आदि जैसे कई मुद्दों पर बातचीत हुई। अभिभावकों व शिक्षकों ने मिलकर शिक्षा व्यवस्था को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण बनाने व बच्चों को नियमित स्कूल भेजने, होमवर्क चैक करने, डेली डायरी में होमवर्क चेक कर अभिभावकों द्वारा अपने हस्ताक्षर कर भेजने व बच्चों को अनुशासित रखने आदि पर विशेष चर्चा की गई। प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी ने कहा कि इस संगोष्ठी आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों व शिक्षकों के बीच संवाद को बढ़ावा देना और बच्चों के शैक्षिक व व्यक्तिगत विकास में सहयोग करना है। अभिभावकों व शिक्षकों द्वारा मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करने का संकल्प लेने के बाद संगोष्ठी का समापन हुआ। संगोष्ठी में शिक्षिका अंजू कुमारी, सोनाली नंदा, छविनाथ मांझी, कमल कुमार सिंह, सनोज कुमार, राज मोहम्मद अंसारी, अरुण सिंह, संध्या देवी, राजकुमारी देवी, राजमुनी देवी मुन्नी देवी, जितेंद्र कुमार महतो आदि अन्य लोग शामिल रहे।

## विद्युत ऊर्जा चोरी में नगर के 17 उपभोक्ताओं पर एफआईआर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के विभिन्न वार्डो में विद्युत सहायक अभियंता के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान विभिन्न वार्डो से 17 उपभोक्ताओं को बिजली की चोरी व मीटर बाईपास कर बिजली उपयोग करने में पकड़ा गया है। इसमें हरदिया वार्ड 19 के राजन सिंह, रामा देवी, रमेश ओझा, वार्ड 20 के रामाधार प्रसाद,वार्ड 24 दियुलिया के सुधीर कुमार, शिवगंज वार्ड सात के रामदेव साह, वार्ड आठ के मुकेश कुमार, मंजीत मिलन, सच्चिदानंद चौधरी, मनोज गुप्ता वार्ड तीन कृषि बाजार रोड के मेहीलाल प्रसाद, नेयाज अहमद,सुमन विहार के अरफात हुसैन,वार्ड दो के सूरज कुमार, अनूप कुमार, मंटु राउत एवं वार्ड 12 के लक्ष्मी प्रसाद शामिल है। सभी लोगों के विरुद्ध जेई गौतम कुमार द्वारा शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। इधर शहर में बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा छापेमारी करने से विद्युत चोरी एवं मीटर बाईपास करने वाले लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ था। सहायक विद्युत अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि नगर के विभिन्न वार्डो में छापेमारी कर 17 उपभोक्ताओं को मीटर बाईपास एवं बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा गया है। सभी के ऊपर आठ लाख 80,010 रुपये जुमार्ना लगाया गया है। साथ ही शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है।

## मांझी कृषि विज्ञान केन्द्र में बकरी व गाय पालन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** किसानों की मांग और राज्य सरकार की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए मांझी स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में शुक्रवार से बकरी एवं गाय पालन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। यह प्रशिक्षण 26 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन जिले के पशुपालन पदाधिकारी ओबैदुल्लाह, डॉ. जी. विनायक, विजय कुमार और राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र मांझी के वरीय वैज्ञानिक डॉ. एस. के. राय ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक विधि से पशुपालन की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जिससे वे अपने व्यवसाय को



और अधिक लाभकारी बना सकें। प्रशिक्षण में जिले एवं बाहर से आए पशुपालन क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। इनमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा, समस्तीपुर से संबद्ध कृषि विज्ञान केन्द्र झ मधुबनी, परसौनी, पश्चिमी चंपारण, सरैया एवं मुजफ्फरपुर के वरीय वैज्ञानिक शामिल हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागी किसानों को आधुनिक पशुपालन तकनीक, पोषण प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं व्यवसायिक संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, सड़क जाम

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार दोपहर तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 मुख्य सड़क पर डेवढ़ी गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान डेवढ़ी मुस्लिम टोली निवासी 17 वर्षीय इब्रान के रूप में हुई है। जानकारी के



अनुसार, युवक अपनी चचेरी बहन की शादी के लिए आने वाले मेहमानों को रिसीव करने स्कूल के पास गया था, तभी तरैया की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को अवरुद्ध कर मुआवजे की मांग की। सूचना मिलते ही तरैया थाना अध्यक्ष, सीओ, बीडीओ एवं मढ़ौरा पुलिस मौके पर पहुंचे और समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजा गया। मृतक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से था।

### जनता दरबार में भूमि विवाद के 32 मामलों में 4 का हुआ निपटारा

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को मशरक थाना परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें भूमि विवादों के निपटारे हेतु 32 मामलों की सुनवाई की गई। सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष रणधीर कुमार की उपस्थिति में 4 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि एक नया मामला दर्ज हुआ। शेष मामलों की अगली जनता दरबार में सुनवाई की जाएगी।

## बनियापुर में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी संपन्न, कौशल विकास व पोषण पर दिया गया जोर

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के बलेसरा पंचायत स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बनियापुर में शुक्रवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में कार्य आधारित कौशल, जीवन उपयोगी दक्षताओं और पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना था। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष उदयशंकर गुड्डू ने की, जबकि संचालन सहायक शिक्षक अरविंद कुमार सिंह ने किया। अपने संबोधन में प्रधानाध्यापक गुड्डू ने कहा कि बच्चों को व्यवसायिक कौशल के साथ ही जीवनोपयोगी दक्षताओं से लैस करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्रों का शारीरिक व मानसिक विकास तभी संभव है जब उन्हें संतुलित और पोषक आहार मिले। इसके लिए अभिभावकों को विशेष जागरूकता दिखानी होगी। बैठक में



अभिभावकों ने भी अपने विचार रखे और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव उमरावती देवी, मुन्नीलाल प्रसाद, नकुल राय, विपुल कुमार, विजान्ती देवी, मुनीन्द्र सिंह, संगीता देवी, शकुंतला देवी, प्रकाश मिश्र, उमापति कुंवर और मीना देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। बैठक में महिलाओं की भागीदारी भी सराहनीय रही। अंत में धन्यवाद ज्ञापन उमरावती देवी ने किया।

# पंचायत समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर लिया गया प्रस्ताव

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक की गई। बैठक की शुरूआत करते हुए बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने आवास, कृषि, बिजली, मनरेगा, श्रम विभाग, आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस,पीएचईडी, समेत तमाम विभागों पर बारी बारी से चर्चा की। सदन के इस बैठक में शेरहवा मुखिया अनूपधर दुबे उर्फ पिंटू दुबे ने आवास योजना में गड़बड़ी का मामला उठाया। मुखिया ने कहा कि पूर्व में बगैर आमसभा के हीं कई लोगों को आवास का लाभ दे दिया गया। इतना हीं नहीं आवास सहायक, वार्ड सदस्यों के साथ मिलकर अवैध उगाही कर आवास का सर्वे कराए हैं। वहीं पंचायत के तकिया गाव में बने उप स्वास्थ्य केंद्र का संचालन नियमित नही होने का मामला उठाया। तकिया के विद्यालय में मेनू के अनुसार एमडीएम नही बनने का मामला उठाया। वही प्रखंड मुखिया संघ के उपाध्यक्ष सह

**आवास सर्वे व शौचालय भुगतान में उगाही का आरोप**



भेड़िहरवा मुखिया अभिजीत कुमार उर्फ सन्नी दुबे, मलदहिया पोखरिया मुखिया सनाउल्लाह अंसारी, शिकारपुर मुखिया राहुल जायसवाल, बीडीसी मिंकु वर्मा, रमेश कुमार आदि ने भी सदन में इसपर जांच करने का मुद्दा उठाया।वही आवास सहायकों और पर्यवेक्षकों के आज तक स्थानांतरण नहीं होने का मामला भी उठाया गया। इसके साथ ही मनवा परसी में पक्का मकान वालों का आवास सर्वे करने व झोपडी में रहने वाले दलित लोगों का सर्वे नहीं करने का आरोप बीडीसी रत्नेश पाठक ने लगाया। धूमनगर की मुखिया रश्मि कुमारी ने जमुनिया मुख्य सड़क में जलजमाव एवं स्कूल की चारदीवारी की मांग का मुद्दा उठाया और तत्काल इस समस्या के समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि इस सड़क से तीन पंचायत के दर्जनों गाव के लोगों का आवागमन है वावजूद प्रशाशन की शिथिलता के चलते ग्रामीण वोट वहिष्कार की बात कर रहे है। वही भेड़ीहरवा के बीडीसी मिंकु वर्मा ने ब्रह्मस्थान की भूमि और आंगनबाड़ी केंद्र भवन के अतिक्रमण को लेकर आठ बार अंचल प्रशासन को आवेदन के बाद भी करवाई नही करने का मामला उठाया। इसके साथ ही पैक्स में अनाज वितरण से पहले घर घर घूमकर अंगूठा लेने और अपने चहेते को राशन वितरण का मामला मुखिया सन्नी दुबे ने उठाया। इसके अलावा उन्होंने बेलवा के विद्यालय में आठवी तक कि पढ़ाई शुरू कराने की मांग उठाई। बीडीसी शौकत अली ने बरवा बरौली में जर्जर तार व पोल बदलने की मांग उठाई। सदन में सदस्यों ने किसानों को कृषि कनेक्शन देने की मांग प्रमुखता से उठाई। यह प्रस्ताव लिया गया कि सभी पंचायतों में जर्जर तार और पोल को बदला जाए। रखही चंपापुर में वर्ष 1984 के बाढ़ से ध्वस्त सायफन की मरम्मती का मामला उठाया गया। वहीं उप वितरणी से निकलने वाले सभी ब्रांच को अतिक्रमण करने का मुद्दा भी उठाया गया। ताकि किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सके। सोमगढ़ समेत अन्य पंचायतों में नल जल नहीं चलने व अनुरक्षकों को पारिश्रमिक नहीं मिलने का मामला सदन में रखा गया। रूपवालिया में स्थित प्राथमिक विद्यालय को उत्क्रमित विद्यालय में संचालित करने की मांग की गई। इसके साथ ही पिछले प्रस्ताव में मनरेगा द्वारा उठाये गए मुद्दों पर जवाब नही देने पर नाराजगी जताई। बैठक के अंत में बीडीओ ने सभी समस्याओं के समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजने की बात कही। इसके उपरांत पंचायत प्रतिनिधियों से बारी बारी विकास योजनाओं का प्रस्ताव लिया गया।

# श्रीकृष्ण सिंह आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के प्रतिष्ठित एस.एस. कॉलेज ने शनिवार को अपने 70वें स्थापना दिवस समारोह को उत्साहपूर्वक और भव्यता के साथ मनाया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में बिहार के पहले मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया, जो जनसहयोग से स्थापित की गई है। मुख्य अतिथि के रूप में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शशि प्रताप शाही समारोह में उपस्थित रहे। उन्होंने श्रीबाबू की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह का विराट व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। वहीं हुलासगंज मठाधीश्वर स्वामी हरेरामाचार्य जी महाराज ने प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा विधिपूर्वक संपन्न कराई। इस अवसर पर कुलपति डॉ. शाही ने क्रीड़ा परिसर, नवीनीकृत कैफेटेरिया सहित कई आधारभूत संरचनाओं का उद्घाटन किया तथा कॉलेज के शैक्षणिक हित में अनेक घोषणाएं कीं। इनमें स्नातकोत्तर स्तर पर कई विषयों में सीटों की संख्या दोगुनी करना, इतिहास विषय में पीजी स्तर पर पढ़ाई शुरू करना तथा नई शिक्षा नीति के तहत नवाचार और शोध कार्य को बढ़ावा देने पर बल देना शामिल है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दीपक कुमार ने अपने संबोधन में श्रीबाबू को एक महान प्रशासक और समाज सुधारक बताते हुए कहा कि वे बिहार के आर्थिक और सामाजिक विकास के प्रतीक थे। उन्होंने कॉलेज के विकास हेतु नामांकन वृद्धि, शैक्षणिक समावेशन और क्षमता निर्माण को अपनी प्राथमिकता बताया तथा अब तक की उपलब्धियों व भविष्य की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। समारोह का संचालन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. स्नेहा स्वरूप ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार राय ने किया। कार्यक्रम में गज़ल गायक मुन्ना दीवाना और कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बाँधा। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) बी.के. मंगलम, एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुधीर कुमार मिश्र, जगजीवन कॉलेज गया के प्राचार्य डॉ. शलभमणि श्रीवास्तव, प्रो. (डॉ.) कृष्णा नंद, डॉ. प्रीति रानी सहित कई अन्य कॉलेजों से आए प्राचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# 29 को मेंह पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे पूर्व सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह 29 जुलाई मंगलवार को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारुन प्रखंड के मेंह ग्राम पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। बारुण प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद 29 जुलाई की सुबह 10:30 बजे मेंह, 11 बजे भुईया बीघा, 11:30 बजे नरारी खुर्द, 12 बजे बेनी बीघा, 12:30 बजे नरारी कला, 1 बजे गोपी बीघा, 1:30 बजे कुड़वा, 2 बजे ओड़िया, 2:30 बजे अम्बा, 3 बजे बाधी, 3:30 बजे सदुरी कर्मा, 4 बजे किस्मत कर्मा, 4:30 बजे दरियाबाद, 5 बजे खैरा एवं 5:30 बजे परसा गांव में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी कार्यक्रम में जदयू के सभी वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।

# दाउदनगर महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** दाउदनगर महाविद्यालय, दाउदनगर में कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं कला सृजन इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद छात्राओं ने मगध विश्वविद्यालय कुलगीत प्रस्तुत किया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर एवं कला सृजन की संयोजिका ने कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो शशांक मिश्र को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। स्वागत भाषण देते हुए एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ देव प्रकाश ने कारगिल विजय दिवस के वीर शहीदों को याद करते करते हुए नमन किया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रोतागणों का स्वागत किया। उन्होंने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो डॉ एमएस इस्लाम को उनके सतत मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के लिए तहेदिल से धन्यवाद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो शशांक मिश्र ने दाउदनगर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो एमएस इस्लाम को उनके कारगिल विजय दिवस समारोह के आयोजन हेतु प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस आयोजन के लिए दाउदनगर महाविद्यालय के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ देव प्रकाश एवं कला सृजन की डॉ रोजी कांत को भी छात्र-छात्राओं को एकत्रित कर एक भव्य कार्यक्रम के आयोजन पर बधाई व धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन दर्शनशास्त्र विभाग की डॉ रोजी कांत ने किया। मंच संचालन सेमेस्टर-5 के हिंदी मेजर के छात्र लव-कुश ने किया। इस अवसर पर दाउदनगर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# समाजसेवी राज कमल खत्री को उपेंद्र कुशवाहा ने दी श्रद्धांजलि, कहा–समाज को हुई अपूरणीय क्षति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने शनिवार को हसपुरा बाजार के दक्षिण मोहल्ला स्थित दिवंगत समाजसेवी राज कमल खत्री के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और दुख की इस घड़ी में धैर्य रखने का संदेश दिया।

सांसद कुशवाहा ने कहा कि राज कमल खत्री जैसे समर्पित समाजसेवी का जाना समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते थे और जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। इस मौके पर प्रदेश महासचिव बसंत पटेल, विनोद कुमार सिन्हा, जिलाध्यक्ष अशोक मेहता, जिला पार्षद पुष्पलता कुमारी, लोजपा नेता विजय अकेला, प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सतेंद्र चौधरी, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, पूर्व मुखिया रंजीव रंजन उर्फ नन्हका बाबू, अजय कुशवाहा, चंद्रभूषण वर्मा, अनिल आर्य, श्रीकांत प्रसाद, राजेश कुमार विचारक, राजू वर्मा, रामबली सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# देशभक्ति के संकल्प के साथ मना कारगिल विजय दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में जहानाबाद शहर के कारगिल चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय, भूतपूर्व सैनिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शहीदों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की और उनके साहस एवं बलिदान को नमन किया। सभा को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने जो शौर्य और बलिदान दिखाया, वह भारतवर्ष के हर नागरिक के लिए गर्व की बात है। यह गाथा सिर्फ एक युद्ध की नहीं, बल्कि देश के लिए जीने-मरने वाले जज्बे की मिसाल है।

**भूतपूर्व सैनिकों ने साझा किए अपने सैन्य अनुभव**

कार्यक्रम के दौरान मौजूद भूतपूर्व सैनिकों ने अपने सैन्य अनुभव साझा करते हुए युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए हर नागरिक को सजग और समर्पित रहना चाहिए। इस दौरान सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए अपने राष्ट्र के वीर सपूतों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे गगनभेदी नारों के जयघोष के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में देश की सेवा और शहीदों के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

# रेलवे ट्रैक पार करते वक्त ट्रेन की चपेट में आया मजदूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** शनिवार की शाम मखदुमपुर रेलवे स्टेशन के निकट ट्रैक पार करते समय एक मजदूर ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान 32 वर्षीय संदीप तिर्की के रूप में हुई है, जो झारखंड का रहने वाला है और अपनी पत्नी व बच्चों के साथ मखदुमपुर में रहकर मजदूरी करता है।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को रेफरल अस्पताल मखदुमपुर पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, घायल युवक अब खतरे से बाहर है।

# कारगिल शहीद शिव शंकर गुप्ता के परिजनों को किया सम्मानित, नौकरी की मांग दोहराई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कारगिल युद्ध में शहीद हुए औरंगाबाद के वीर सपूत शिव शंकर गुप्ता की पुण्यतिथि पर पटना में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र कार्यवाह मोहन सिंह तथा बिहार प्रदेश के संगठन मंत्री भिखूभाई दलसानिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने शहीद शिव शंकर गुप्ता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर शहीद की पत्नी रेखा देवी एवं पुत्र राहुल कुमार को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गणमान्यजनों ने उनके साहस और बलिदान को याद करते हुए कहा कि शिव शंकर गुप्ता जैसे वीर सपूत का योगदान देश कभी नहीं भूल सकता। कारगिल युद्ध के दौरान उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों से लोहा लिया और वीरगति को प्राप्त हुए। उनका त्याग और बलिदान औरंगाबाद जिले के गौरव का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान शहीद पुत्र राहुल कुमार ने राज्यपाल और उपमुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि शहीद परिवार को सरकारी नौकरी देने की घोषणा के बावजूद अब तक उसे पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने आग्रह किया कि शीघ्र अति शीघ्र परिवार के किसी एक सदस्य को नौकरी प्रदान की जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित रहे और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# देसी कट्टा और गोली के साथ किशोर पकड़ाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** देसी कट्टा और गोली के साथ कार सवार 15 वर्षीय किशोर को पकड़ा किया गया है। यह कार्रवाई दाउदनगर थाना क्षेत्र के सिपहा लख पर पुलिस द्वारा की गई। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि कार सवार किशोर के पास अवैध देसी कट्टा और गोली है, जिसके आलोक में छापेमारी की गई। थाना क्षेत्र के सिपहा लख पर एक कार की तलाशी ली गई जिसमें अवैध देसी कट्टा और गोली बरामद किया गया है। साथ ही किशोर को हिरासत में लिया गया। आवश्यक पूछताछ के उपरांत किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

# सड़क पर जलजमाव से परेशान लोगों ने रोपा धान, अनोखे अंदाज में किया विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नगर परिषद क्षेत्र के अब्दुलपुर मोहल्ला स्थित वार्ड संख्या 3 में सड़क पर जलजमाव की समस्या से त्रस्त स्थानीय निवासियों ने शनिवार को अनोखे अंदाज़ में विरोध प्रदर्शन किया। मोहम्मद शाहिद के घर के समीप जलजमाव से भरे गड्ढों में लोगों ने धान के पौधे रोपकर अधिकारियों की उदासीनता के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन में मोहम्मद शाहिद, रतन लाल चौहान, ज्योति लाल चौहान, छोटेलाल, राहुल, अमरनाथ चौहान, प्रेमनाथ, मानती देवी, शकुंतला देवी सहित कई स्थानीय लोग शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में हर बारिश के बाद सड़क पर भारी जलजमाव हो जाता है, जिससे आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय नेता सड़क और विकास की बात करते हैं, लेकिन जीत के बाद समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई और सड़क की मरम्मत नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# विवेक कुमार ने लौटाया ट्रेन में मिला पर्स पेश की इमानदारी और मानवता की मिसाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** रेल यात्रा के दौरान एक यात्री द्वारा ट्रेन में मिला पर्स लौटाकर इमानदारी और मानवता की मिसाल पेश की गई है। यह सराहनीय कार्य जहानाबाद जिले के घोसी प्रखंड अंतर्गत सोनमा गांव निवासी विवेक कुमार ने कर दिखाया, जिनकी चहुंओर प्रशंसा हो रही है। जानकारी के अनुसार, विवेक कुमार अपने पिता के साथ पटना से वाराणसी जा रही गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें ट्रेन के कोच में एक पर्स गिरा हुआ मिला, जिसमें 10,030 रुपये नकद तथा महत्वपूर्ण पहचान पत्र मौजूद थे। उन्होंने कोच में यात्रा कर रहे सहयात्रियों से पर्स के स्वामित्व की जानकारी ली, लेकिन कोई दावा नहीं किया। इसके बाद विवेक ने तुरंत वाराणसी कैंट आरपीएफ पोस्ट को सूचित किया और रेलवे हेल्पलाइन के माध्यम से पर्स के असली स्वामी ऋषिकेश कुमार (निवासी पटना) का पता लगाकर उन्हें दस्तावेजों व नकदी सहित पर्स सौंप दिया। रेलवे और आरपीएफ अधिकारियों ने विवेक के इस कार्य को ईमानदारी और नागरिक कर्तव्य का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए सराहना की है। बता दें कि विवेक कुमार एनडीआरएफ की 02 बटालियन में डीसी पद पर कार्यरत हैं। उनके इस सदाचरण पर गांववासियों और परिजनों ने गर्व व्यक्त किया है।

# संकल्प महासभा में शामिल होने जहानाबाद से बड़ी संख्या में लोग रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** शनिवार को लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की अगुवाई में गया के गांधी मैदान में आयोजित नव संकल्प महासभा में भाग लेने के लिए जहानाबाद जिले के मखदुमपुर, घोसी और अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समर्थक रवाना हुए। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि अब बिहार की जनता बदलाव चाहती है और युवाओं को नया नेतृत्व चाहिए। उन्होंने चिराग पासवान को राज्य के युवा चेहरे के रूप में समर्थन देते हुए कहा कि बिहार की जनता उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है। समर्थकों ने दावा किया कि गया में आयोजित महासभा में जिले से हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। लोजपा (रामविलास) का यह आयोजन आगामी चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# प्रधान शिक्षक के रूप में पदोन्नति पर रविकांत गुप्ता को दी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा, औरंगाबाद।** नवसृजित प्राथमिक विद्यालय ढ़िबर में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत रविकांत गुप्ता को प्रधान शिक्षक के रूप में पदोन्नत किए जाने पर शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

रविकांत गुप्ता वर्ष 2013 से विद्यालय में अपनी सेवा दे रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी शिक्षक श्रीकांत कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि रविकांत गुप्ता न केवल एक योग्य शिक्षक थे, बल्कि अपने व्यवहार, कर्मनिष्ठा और बच्चों से आत्मीय जुड़ाव के कारण वे सभी के प्रिय बन गए थे। उनके शिक्षण और मार्गदर्शन की कमी विद्यालय में लंबे समय तक महसूस की जाएगी।विदाई समारोह में रविकांत गुप्ता ने भावुक होते हुए कहा कि यह सम्मान मेरे लिए अमूल्य है। विद्यालय, सहकर्मी और बच्चों के साथ बिताए गए पल मेरे जीवन की सबसे सुंदर यादें हैं। इस अवसर पर शिक्षकों और अतिथियों ने उनसे जुड़ी यादों और अनुभवों को साझा किया। पीएम पोषण योजना के तहत अतिथियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। समारोह में जिला पार्षद किरण सिंह, मध्याह्न भोजन योजना के जिला कार्यक्रम प्रबंधक आनंद प्रकाश, जिला लेखपाल अनिल प्रसाद, जिला साधनसेवी संतोष सिंह, प्रखंड साधनसेवी प्रभाकर सिंह, संकुल संरक्षक शक्ति सिंह, मध्य विद्यालय चौखड़ा के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र केशव, शिक्षकगण, कर्मी, अभिभावक और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# औरंगाबाद में आम आदमी पार्टी ने निकाली जनसंपर्क यात्रा, सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** आम आदमी पार्टी द्वारा शनिवार को औरंगाबाद शहर में व्यापक जनसंपर्क यात्रा निकाली गई। पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सैनी के नेतृत्व में निकली इस यात्रा का उद्देश्य आम जनता से संवाद स्थापित कर पार्टी की नीतियों और विचारों को साझा करना था। जनसंपर्क यात्रा की शुरुआत गेट हाई स्कूल से हुई, जो रमेश चौक, कारगिल चौक, जामा मस्जिद और लखन कॉलेज होते हुए गांधी मैदान में संपन्न हुई। इस यात्रा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार यादव, प्रदेश महासचिव केश्वर प्रसाद, औरंगाबाद जिला पर्यवेक्षक कृष्ण कुमार यादव, जिला सचिव मनोज कुमार यादव, संगठन मंत्री राकेश कुमार सिंह, मुन्ना कुमार यादव, निर्मला देवी, दीनदयाल पासवान और रमेश गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के दौरान पार्टी नेताओं ने आम लोगों से संवाद करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त शासन, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार तथा आम आदमी की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में पार्टी के संकल्प को दोहराया। नेताओं ने बताया कि आम आदमी पार्टी प्रदेश में सक्रिय रूप से संगठन विस्तार और जनसमस्याओं के समाधान को लेकर लगातार कार्यक्रम चला रही है। पार्टी का उद्देश्य है कि जनता से सीधा जुड़ाव हो और उनकी समस्याओं को राजनीतिक प्राथमिकता में शामिल किया जाए।

# अनियंत्रित ट्रक पोल व पेड़ से टकराया, बड़ा हादसा टला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कियाखाप गांव में शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक अनियंत्रित ट्रक बिजली के पोल और खजूर के पेड़ से टकरा गया। ट्रक रफीगंज से शिवगंज की ओर जा रही थी, तभी अचानक चालक नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार में ट्रक सड़क किनारे लगे पोल और पेड़ से टकराते हुए धान के खेत में जाकर रुक गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक की गति काफी तेज थी और वह पूरी तरह से अनियंत्रित हो चुका था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली का पोल क्षतिग्रस्त हो गया और खजूर का पेड़ भी टूट गया। सौभाग्यवश मौके पर मौजूद लोग किसी गंभीर हादसे का शिकार नहीं हुए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ट्रक किसी घर से टकरा जाता तो भारी जनहानि हो सकती थी। घटना के बाद चालक ट्रक से कूदकर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक नशे की हालत में था, जिससे यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही रफीगंज थाना से पीटीसी जनमेजय दुबे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# छह दिन बाद ट्रेन हादसे में मृत व्यक्ति की हुई पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर रफीगंज स्टेशन के समीप चरकावां नहर के पास पोल संख्या 505/27 एवं 505/25 के बीच बीते शनिवार को ट्रेन की चपेट में आए अज्ञात व्यक्ति की पहचान छह दिन बाद हो सकी है। मृतक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के आसिया गांव निवासी नन्हकू यादव के पुत्र सुरेंद्र यादव (उम्र लगभग 40 वर्ष) के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक शनिवार सुबह घर से खाना खाकर निकले थे और इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने उन्हें काफी खोजा और गोह थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवाई। शुक्रवार की दोपहर परिजनों को सूचना मिली, जिसके बाद वे रफीगंज थाना पहुंचे और शव की शिनाख्त की। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि शनिवार को ट्रेन हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत की सूचना मिली थी। शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल, औरंगाबाद में कराकर पहचान के लिए चार दिन तक रफीगंज थाना में रखा गया। परिजनों के नहीं पहुंचने पर शव का नियमानुसार डिस्पोजल कर दिया गया था। अब परिजनों के आने पर यूडी केस दर्ज कर कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र अनिल कुमार व भतीजे उदय कुमार ने बताया कि सुरेंद्र यादव मानसिक रूप से अस्वस्थ (विक्षिप्त) थे। परिजनों ने कहा कि उन्हें खोने का दुःख गहरा है, लेकिन अब उन्हें अंतिम विदाई देकर शांति मिलेगी।

# जमीन विवाद में युवक ने लगाई न्याय की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कडसारा गांव में भूमि विवाद को लेकर समता सिंह ने अंचल एवं थाना प्रशासन से न्याय की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार स्थानीय प्रशासन को शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे विवाद गहराता जा रहा है। समता सिंह ने बताया कि गांव के ही धीरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार एवं गुलशन कुमार जबरन उनकी भूमि पर बाउंड्री निर्माण कर रहे हैं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता और चाचा दो सगे भाई थे, जिन्हें पारिवारिक बंटवारे में बराबर की जमीन मिली थी। उनके चाचा ने अपने हिस्से की जमीन अन्य व्यक्ति को बेच दी, लेकिन अब वे लोग उनके हिस्से की जमीन पर भी कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। समता सिंह ने वरीय अधिकारियों से आग्रह किया है कि मौके पर भूमि की मापी कराकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। उन्होंने कहा कि जो हिस्सा मापी में उन्हें प्राप्त होगा, वे उसी को स्वीकार कर लेंगी। साथ ही प्रशासन से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है।

# मसौढ़ी पुलिस के खिलाफ अधिवक्ताओं ने फूंका बिगुल

## अधिवक्ता दयानंद पासवान की गिरफ्तारी का विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सिविल कोर्ट मसौढ़ी के अधिवक्ताओ ने शनिवार को पुलिस के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है और शनिवार को कोर्ट कैंपस में विरोध मार्च निकालते हुए न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर दिया है। दरअसल अधिवक्ता दयानंद पासवान को झूठे केस में फंसाने, हाजत में रखकर पिटाई करने को लेकर कोर्ट कैंपस में पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध किया, जहां आरोपी दारोगा को निलंबित करने एवं अधिवक्ता दयानंद पासवान को जेल से जमानत पर रिहा करने की मांग की है। अधिवक्ता संघ के सचिव राकेश कुमार ने कहा है कि कोर्ट कैंपस में पुलिसिया गुंडागर्दी चल रही है। कोर्ट कैंपस से ही किसी को भी पुलिस गिरफ्तार कर रही है, वही अधिवक्ता को झूठे केस में फंसा कर उसे हाजत में पिटाई कर रही है, यह पुलिस की दादागिरी है। हम मांग करते हैं कि आरोपी दारोगा को निलंबित करें और निर्दोष अधिवक्ता को जिसे झूठ केस फंसाया गया है उसे जेल से जमानत पर रिहा करें, और अधिवक्ताओं को सुरक्षा की गारंटी करें इसको लेकर सिविल कोर्ट मसौढ़ी के प्रभारी न्यायाधीश को पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा है। अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि न्यायिक कार्य का बहिष्कार रहेगा, अगर यह मांग पूरी नहीं हुई तो और भी उग्र आंदोलन होगा और चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव राकेश शर्मा, चंद्रकेत सिंह चंदेल कुमार, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह अशोक समेत कई अधिवक्ता शामिल रहे।




# अब तक नहीं बदली गई टूटी हुई पानी टंकी



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के बेर्रा पंचायत के पिपला गांव स्थित वार्ड नंबर 12 में बीते 4 महीने पहले तेज आए आंधी पानी में नल जल का लगा पानी टंकी क्षतिग्रस्त होकर टूटकर नीचे गिर गया था, लेकिन आज तक विभागीय उदासीनता के कारण पानी टंकी दोबारा नहीं लग सकी है, जिसके कारण नल जल का पानी लोगों को डायरेक्ट मोटर से मिल रहा है, ऐसे में लगातार चल रहे मोटर जल जाने की आशंका से वार्ड के लोग भयभीत हैं। और लगातार स्थानीय प्रशासन और पीएचडी विभाग को लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई हैं कि जल्द ही पानी टंकी लगाया जाए, ऐसे में पूर्व मुखिया नसीमुद्दीन ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर वार्ड नंबर 12 स्थित क्षतिग्रस्त टंकी को नये सिरे से लगाने की मांग की है और बताया है कि लगातार जल रहे मोटर के बीच ग्रामीणों में दहशत हैं की मोटर जल जाने से लोगों को नल जल से पानी के लिए कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि आसपास चापाकल भी खराब पड़े हुए हैं, तकरीबन 200 आबादी के लिए सिर्फ यही एक नल जल पानी लेने का सहारा मात्र है इसके अलावा कई जगह पर नल जल का पाइप फटा हुआ है और पानी बेतरतीब ढंग से इधर-उधर बह रहा है।

# देसी कट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**कामयाबी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** वरीय पुलिस अधीक्षक पटना के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी पटना के नेतृत्व में पियरपुरा थानाध्यक्ष ने पियरपुरा थाना क्षेत्र के डाढ़ापर गांव में अजीत पासवान के घर पर छापेमारी कर दो युवकों को एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। यह जानकारी नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी पटना के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि शुक्रवार को पियरपुरा थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि डाढ़ापर निवासी अजीत पासवान अपने भगिना राजा उर्फ रितिक से देशी कट्टा मंगवाया है। पियरपुरा थानाध्यक्ष ने इसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को दे दी। वरीय पुलिस अधीक्षक पटना के निर्देशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी पटना के नेतृत्व में पियरपुरा थानाध्यक्ष ने डाढ़ापर गांव में अजीत पासवान के घर छापेमारी कर अरवल जिले के किंजर थाने के मिर्ज़ापुर निवासी राजा कुमार उर्फ रितिक एवं रामकुमार उर्फ रॉकी कुमार पिता बृजनंदन को एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के ऊपर खिड़ीमोड़ (पियरपुरा) थाने में मामला दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# आहर में स्नान के दौरान एक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नदौल में एक आहार पाईन में स्नान करने के दौरान डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान रंजय चौधरी उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय महेंद्र चौधरी नदौल के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आसपास के खेतों में रंजय चौधरी धान रोपनी कर लौट रहा था, लौटने वक्त अत्यधिक गर्मी होने के कारण वह कुछ कुछ लोगों को आहार में स्नान करते देख वह भी स्नान करने चल गया। वही स्नान करने के दौरान गहरे पानी में वह चला गया, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही लोग आसपास के दौड़े और उसे किसी तरह से खोजबीन कर उसके शव को निकाला गया है, सूचना मिलते ही मसौढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची है।

# एसडीएम ने किया पुनपुन घाट का निरीक्षण

**पितृपक्ष मेला की तैयारी**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** आगामी 6 सितंबर से 21 सितंबर तक लगने वाला अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला की तैयारी को लेकर एसडीएम अभिषेक कुमार अपने पूरे प्रशासन की टीम के साथ पुनपुन पिंडदान स्थल का शनिवार को निरीक्षण किया। इसके साथ ही पुनपुन घाट, रेलवे लाइन एवं पुनपुन पार्क का जायजा लिया, इसके साथ ही एसडीएम अभिषेक कुमार ने पिंडदान स्थल में साफ सफाई, सुरक्षा लाइट, सीसीटीवी कैमरे पिंडदान यात्रियों की मूलभूत बुनियादी सुविधाओं से संबंधित है। अंचलाधिकारी और कार्यपालक पदाधिकारी को दिशा निर्देशित करते हुए ससमय सभी कार्य पूरा कर लेने और पूरे मेला के आयोजन से संबंधित डेटा बनाकर जल्द से जल्द कार्यालय को देने की बात कही। इसके साथ ही पंडा समिति के सचिव राकेश पांडे ऊर्फ रिंकू बाबा ने मांग की कि पिंडदान स्थल पर पिंडदानियों के लिए पोर्टेबल शौचालय लक्ष्मण झूला के बनने के दौरान तोड़ दी गई थी, इसके अलावा घाट की सीढ़ियां को भी दुरुस्त है करने की मांग की। इसके साथ ही पुनपुन बाजार स्थित धर्मशाला में यात्रियों की ठहरने की व्यवस्था की मांग की गई। एसडीएम अभिषेक कुमार ने सभी बुनियादी सुविधाओं को खाका तैयार करने के लिए अंचलाधिकारी को निर्देशित किया है। निरीक्षण क्रम में बीडीओ मानेनद्र सिंह, थानाध्यक्ष बेबी कुमारी, अंचलाधिकारी ममता कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी के साथ राकेश पंडित, मधुसूदन सिंह, मनीष कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# छात्राओं के हाथों में दिखी सावन की झलक

## मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सावन का पावन महीना चल रहा है। जहां हर तरफ मेहंदी का रंग हर हाथों में चढ रही है। ऐसे में शनिवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय भैंसवा में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने एक-दूसरे की हथेलियों पर मेहंदी लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। जहां छात्रा चांदनी कुमारी, तनीषा कुमारी, शोभा कुमारी, खुशी कुमारी, शिवानी कुमारी शिक्षिका संगीता कुमारी, सुनीता कुमारी, स्वेता कुमारी आदी शामिल रहे। इस बीच छात्राओं ने एक दूसरे के हथेलियां पर मेहंदी लगाया, जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता में प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने कहा कि मेहंदी सकारात्मक भावनाओं और सौभाग्य से जुड़ा एक पेस्ट है। यह प्रतियोगिता उनके बीच पारंपरिक मूल्यों की खोज और विकास के लिए आयोजित की गई थी। वही शिक्षक नेयाज अहमद ने बताया की छात्राओ ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने अपने हाथों पर मेहंदी की एक श्रृंखला के माध्यम से अपने कलात्मक डिजाइन प्रदर्शित किए। कुछ डिजाइन अनोखे और ट्रेंडी थे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल छात्रों के ड्राइंग कौशल को देखना नहीं था, बल्कि छात्रों की रचनात्मकता और उनके प्रतिनिधित्व के तरीके को भी देखना था जो बदले में छात्र के समग्र व्यक्तित्व में सुधार करेगा। इस मेहंदी प्रतियोगिता में अहम भूमिका निभाने वाली शिक्षिका अलीशा कुमारी जो कि बच्चों के प्रति हमेशा तत्परता रहते हैं और हर प्रतियोगिता में बच्चों का अच्छा ज्ञान देने का प्रयास करते हैं।



# डूबने से होने वाली मौतों की रोकथाम के लिए किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से डूबने से होने वाली मौतों की रोकथाम के लिए बांका जिले के इनारावरण, अबरखा और सूइया में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता के तहत विभिन्न जगहों पर सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच वाल्मी फुलवारी शरीफ पटना की प्रस्तुति 24 जुलाई से लेकर 27 जुलाई तक की जा रही है। नाटक की शुरुआत डूबने से वचाव गीत -ए भईया सुन बतिया हमार मानअ आपदा प्रबंधन के कहनवा, डूबे से बच के तू रहीअ ये भैइया् गहीर पानी में ना जइह ए भइया जिंदगी बड़ी अनमोल मानअ............ से हुई। नाटक में यह दिखाया गया कि नदियों/ तालाबों मैं स्नान करने, कपड़ा एवं बर्तन धोने जैसे रोजाना के काम के दौरान डूबने के कारण मृत्यु हो जाती है। इन बहुमूल्य ज़िंदगी को बचाने के लिए यह बताया गया कि बच्चों को नदी/ तालाब में स्नान करने से रोके । आसपास जल-जमाव के खतरनाक स्थानों, गड्ढो आदि को चिन्हित करते हुए चेतावनी संदेश लगाये। नदी, तालाब, पोखर में उतरते समय गहराई का ध्यान रखें। डूबते व्यक्ति को धोती, साड़ी, रस्सी या बांस की सहायता से बचाए। यदि तैरना नहीं जानते हो तो स्वयं पानी में न जाए और सहायता के लिए शोर मचाए।

## पेज 1 का शेष

### विकास योजनाओं के ...

कुमार झा, मधुबनी जिले की प्रभारी मंत्री सह खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, सांसद रामप्रीत मंडल, पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय, पूर्व विधायक सतीश कुमार साह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी, दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त कौशल किशोर, दरभंगा प्रक्षेत्र की पुलिस उपमहानिरीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम, जिलाधिकारी आनंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### सरकारी स्कूलों में ...

हैं। शौचालयों में रनिंग वाटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कई स्कूलों के शौचालयों में मिट्टी भरा हुआ पाया गया है। शिक्षा विभाग के एसीएस ने सभी स्कूलों में बालक एवं बालिकाओं के लिए तीन-तीन शौचालय और महिला शिक्षिकाओं के लिए भी अलग से शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। एस सिद्धार्थ ने स्कूलों के गलियारों में बेतरतीब तरीके से रखे गए टूटे हुए फर्नीचर और कबाड़ को भी हटाने का निर्देश दिया है।

### प्राकृतिक सिंदूर की ...

रहे हैं। इस विश्वविद्यालय के द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे बहुउपयोगी कार्यों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल गई है। इसके पहले बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आर डी सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

# ससमय उपयोगिता प्रमाण पत्र करें अपलोड

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को अनुग्रह नारायण सिंह 10+2उच्च विद्यालय बाढ़ के गुप्ता हॉल में मध्य विद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानों की बैठक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बाढ़ सुजीत कुमार सोनू के अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रधानों को ई शिक्षा कोश एवं यू डाइस पल्स पोर्टल में विभिन्न प्रोफाइल को अपडेट करने तथा विभिन्न मद की उपयोगिता अविलंब जमा करने का निर्देश दिया। अद्यावधि में उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं करने वाले विद्यालय प्रधानों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया गया।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया गया याद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** करगिल युद्ध विजय दिवस की 26 वीं वर्षगांठ पर शनिवार को बिहार रेजिमेंट केंद्र के अमर जवान (शहीद स्मारक ) पर झारखंड व बिहार सब एरिया मुख्यालय के जीओसी मेजर जनरल विकास भारद्वाज (वीएसएम) ने पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया. जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी। रेजिमेंट के डिप्टी कमांडेंट कर्नल तजिंदर पाल सिंह हुंदल (वीएसएम) ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ने कहा कि कारगिल युद्ध 1999 में बीआरसी के प्रथम बटालियन के जांबजों जवानों ने शौर्य, आदम्य, साहस व वीरता के साथ पाक सैनिकों को जुबार हील व बटालिक सेक्टर से मार कर खदेड़ भागया था और भारतीय तिरंगा लहराया था। इन वीर जवानों की स्मृति में 26 जुलाई को विजय दिवस मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों को भी याद किया। मेजर जनरल श्री भारद्वाज ने कारगिल विजय को प्रेरणा की विषयवस्तु बताते हुए कहा कि इस विजय ने यह संदेश दिया है कि लड़ाई हथियारों से ही नहीं हौसलों से जीती जाती हैं। यह महान कार्य रेजिमेंट के शूरवीरों ने बखूबी अंजाम दिया। संकट में साहस, जंग में जुनून, गर्मी में पसीना बहाकर, देश के दुश्मनों को चीर, उनको उन्ही के खून से नहला कर , ठंडी बर्फ और ऊंचे पहाड, फिर भी न मानी उन्होंने हार, आओ करें कारगिल के वीरों को नमन। धर्मगुरुओं द्वारा शहीदों के लिए प्रार्थना की गयी। दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को याद करते हुए प्रार्थना की गई। सेना के अन्य अधिकारियों और जवानों ने भी शहीद हुये अपने साथियों को सलामी दी। मौके पर सैन्य अधिकारी ,जेसीओ व अग्निवीर मौजूद थे।



# महावीर कैंसर संस्थान में रक्त कैंसर पर सेमिनार का आयोजन

**फुलवारीशरीफ।** महावीर कैंसर संस्थान द्वारा रक्त कैंसर के इलाज और नवीनतम तकनीकों को लेकर सीएमई सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के कैंसर विशेषज्ञों ने भाग लिया. इस अवसर पर बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) से ठीक हुए 50 से अधिक मरीजों को पारितोषिक और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनिता कुणाल और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने संस्थान की चिकित्सकीय उपलब्धियों के लिए डॉक्टरों और कर्मियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में महावीर स्थान न्यास समिति के सदस्य सायन कुणाल भी उपस्थित थे। स्वागत भाषण में संस्थान की चिकित्सा निदेशक एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ। मनीषा सिंह ने रक्त कैंसर की जटिलता और संस्थान की आधुनिकतम चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी साझा की। उन्होंने हेमेटोलॉजिकल कैंसर के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एलबी सिंह ने बताया कि संस्थान में पहले से बीएमटी की सुविधा उपलब्ध है और आगामी 15 अगस्त से एलोजेनिक बीएमटी सेवा की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने आचार्य किशोर कुणाल को याद करते हुए कहा कि उनके सपनों का 'महावीर कुणाल किशोर बाल कैंसर अस्पताल' अगले वर्ष उनकी पुण्यतिथि तक प्रारंभ कर दिया जाएगा। नई दिल्ली से आए बीएमटी विशेषज्ञ डॉ. राहुल भार्गव ने एलोजेनिक बीएमटी में तकनीकी सहयोग का आश्वासन दिया और अप्लास्टिक एनीमिया के उपचार पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि संस्थान जल्द ही इस बीमारी के इलाज के लिए अत्याधुनिक केंद्र स्थापित करेगा। वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डा. अविनाश उपाध्याय ने बताया कि एपीएमएल टाइप रक्त कैंसर के इलाज से अब तक 20 से अधिक मरीज पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। सेमिनार में डॉ. अभिषेक राज (फरीदाबाद), डॉ. सिद्धार्थ शर्मा (नई दिल्ली), डॉ. मुकेश भारती (दरभंगा), डॉ. सुधाकर सिंह, डॉ. गौरव कुमार (मुजफ्फरपुर), डॉ. रिशु, डॉ. रूची सिन्हा, डॉ. तान्या (एम्स पटना), डॉ. रश्मी सिंह, डॉ. राजन, डॉ. रवि व्याहुत, डॉ. आकांक्षा सिंह (पीएमसीएच), डॉ. दिनेश कुमार सिन्हा, डॉ. ऋचा माधवी, डॉ। श्रद्धा राज, डॉ. कुणाल, डॉ. सीमा देवी (आईजीआईएमएस), डॉ. निशांत गौरव, डॉ. अमरेन्द्र अमर (मेदांता), डॉ. शेखर केशरी (पारस), डॉ. अनिता कुमारी (एनएमसीएच), डॉ. विश्वजीत सन्याल, डॉ. सी. खंडेलवाल, डॉ. विनिता त्रिवेदी, डॉ. अशोक कुमार घोष, डॉ. रीता रानी, डॉ. ऋचा चौहान, डॉ. उषा सिंह, डॉ. मुकुल मिश्रा, डॉ. खुर्शीद मल्लिक, डॉ. अमित, डॉ. अन्नु सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम में रोशन आरा और हिना ने सक्रिय भागीदारी की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एल. बी. सिंह ने किया।

## एक नजर

### बाइक चोर धराया

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केवड़ा ओपी पुलिस ने पुनपुन थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव से चोरी की बाईक के साथ एक बाईक चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम नीतीश कुमार उम्र 22 वर्ष पिता चंदेश्वर पासवान जो मरांची गांव बताया जाता है। केवड़ा ओपी थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि यह काले रंग की पल्सर गाड़ी जलालपुर से तीन साल पहले चोरी हुई थी। बीते शुक्रवार को यह युवक गाड़ी का नंबर प्लेट बदलकर जलालपुर गांव आया हुआ था, इसका ससुराल धनरूआ का पभेडी गांव है, जहां किसी काम से जलालपुर गांव आया हुआ था, जहां गुप्त सूचना पर जानकारी मिली और बाईक की जांच की तो नंबर प्लेट बदला हुआ दिखा और पूरी जानकारी ली गई तो पता चला कि इसी गांव से लालेश कुमार सिंह जो अपने के बगल मे बाईक लगाये हुए थे जिसे मौका देखते ही बाइक की चोरी कर लिया था, हलांकि सबसे बड़ी बात यह हुई की जहां से जिस गांव से चोरी हुई थी वहीं से गिरफ्तारी हुई है जिसकी चर्चा जोरों पर हो रही है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार बाईक चोर का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

### दो पल्सर बाइक के साथ देसी शराब जब्त

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहा है अभियान के दौरान कादिरगंज पुलिस ने शनिवार को लोदीपुर के पास में दो पल्सर बाइक के साथ 55 लीटर देसी शराब को जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली थी कि बलवा पर गांव से शराब सप्लायर दो पल्सर बाइक के साथ बोरे में शराब भरकर लोदीपुर डिलीवरी करने जा रहे हैं, जिसे रंगे हाथ दबोचने के लिए छापेमारी की गई, जहां पुलिस को आता देख शराब धंधेबाज बाइक छोड़ फरार हो गए। पुलिस ने मौके से दो पल्सर बाइक और बोरे में 55 लीटर देसी शराब जो पॉलिथीन में भरा हुआ था जिसे जप्त करके थाना लाई है और जब्त बाइक के नंबर से उसके मालिकों का पता लगाया जा रहा है।

### पिकअप वाहन का ड्राइवर जख्मी

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार की देर रात्रि पटना मोकामा फोरलेन पर पंडारक थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हो गया हादसे में एक ट्रक ने पिकअप को जबरदस्त से टक्कर मार दी। जिसके चलते पिकअप का ड्राइवर वहान में ही फंस गया घटना की जानकारी मिलने पर जब पंडारक थाना की पुलिस मौके पर पहुंची तो ड्राइवर दर्द से कर रहा था और वह वहान से बाहर नहीं निकल पा रहा था। पुलिस ने प्रयास के बाद ड्राइवर को बाहर निकाल कर पहले पंडारक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया उसके बाद बेहतर इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां जख्मी ड्राइवर का इलाज चल रहा है। ड्राइवर की पहचान बाल्मीकि मिश्रा पिता मुकेश मिश्रा गया जिला का बताया जाता है।

### जेसीबी मशीन जलाने वाला नक्सली गिरफ्तार

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वर्ष 2019 में खिरीमोड़ थाना क्षेत्र के कोडिहरा गांव में सड़क निर्माण कंपनी से लेवी की मांग को लेकर जेसीबी में आग लगाने के मामले में नामजद अभियुक्त को गुप्त सूचना पर पुलिस ने आखिरकार बिहटा से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान दहिया गांव निवासी जग्गू यादव उर्फ जज यादव (पिता स्व. कपिल यादव) के रूप में हुई है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। पुलिस के मुताबिक, साल 2019 में जब कोडिहरा गांव में सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था, उस दौरान लेवी की मांग को लेकर जेसीबी को आग के हवाले कर दिया गया था। इस मामले में कई नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। जग्गू के ऊपर खिड़ीमोड़ थाने दो तथा पालीगंज थाने मे भी मामला दर्ज है।

### बिना बैंक से कर्ज लिए किसान को भेजा नोटिस

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिचली मलाही गांव निवासी सत्येंद्र कुमार सिंह पर 25000 रुपए लोन लेने का नोटिस मिलते ही किसान परेशान हो गया। किसान के पुत्र ने बताया कि मेरे पिताजी ने कभी कोऑपरेटिव बैंक से लोन लिया ही नहीं लेकिन 25000 और उसका बैंक का शुद्ध 18630 के साथ नोटिस भेजा गया है। जो कि गलत है। मामले को लेकर अब पीड़ित किसान न्यायालय में जाकर इसकी शिकायत करने की तैयारी में है। वही जब बैंक मैनेजर से बात की गई थी उन्होंने मामले का मिलान करने के बाद कुछ भी कहने की बात कहीं है।

### अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एसडीभी विद्यालय में अंग्रेज़ी वाद-विवाद प्रतियोगिता एक महत्वपूर्ण सह-पाठ्यक्रम गतिविधि के रूप में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिए गए विषय पर पक्ष और विपक्ष में अपने विचार अंग्रेज़ी भाषा में प्रस्तुत किये। इस प्रकार की प्रतियोगिता न केवल भाषा कौशल को निखारती है, बल्कि आत्मविश्वास, तार्किक सोच और सार्वजनिक बोलने की क्षमता को भी बढ़ाती है। वाद-विवाद में छात्रों को अनुशासन, धैर्य और दूसरों के विचारों को सुनने का भी अभ्यास होता है इससे उनकी तर्कशक्ति और नेतृत्व गुणों का विकास होता है। इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों को भविष्य में एक सफल वक्ता और जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं. इसलिए कहा जा सकता है कि अंग्रेज़ी वाद-विवाद प्रतियोगिता ज्ञान, भाषा और आत्म-प्रकाशन का बेहतरीन मंच है.प्रतियोगिता के पश्चात विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया. प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय निदेशक राजेश्वर प्रसाद उपनिदेशक अनिल कुमार, बलवंत कुमार प्रिंसिपल सुरेंद्र प्रसाद समेत मौजूद शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

### मतदाता पुनरीक्षण में गड़बड़ी पर भड़के विधायक

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड कार्यालय में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुंचे विधायक गोपाल रविदास. समाजसेवी सुरेन्द्र यादव व सूरज कुमार सहित अन्य लोग भी थे मौजूद. निरीक्षण के दौरान वार्ड 51 के बी.एल.ओ. बबलू कुमार से फार्म की संख्या पूछने पर पता चला कि 1164 मतदाताओं के लिए 1164 ही फॉर्म मिले हैं। इस पर विधायक ने कहा कि हर मतदाता को दो फॉर्म मिलने चाहिए। बी.डी.ओ. द्वारा जांच रोकने की कोशिश पर मामला गरमाया। विधायक ने फर्जी हस्ताक्षर और लापरवाही का आरोप लगाया कहा किसी गरीब या पिछड़े मतदाता का नाम सूची से नहीं छूटना चाहिए।

# मैनचेस्टर टेस्ट-इंग्लैंड पहली पारी में 669 आल आउट

## स्टोक्स ने 37 पारियों के बाद शतक लगाया; बुमराह ने डॉसन को बोल्ड किया



**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जा रहा है। शनिवार को मैच का चौथा दिन है और पहले सेशन का खेल जारी है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन पर आल आउट हो गई थी। कप्तान बेन स्टोक्स और ब्रायडन कार्स क्रीज पर हैं। स्टोक्स शतक बना चुके हैं। उन्होंने 37 पारियों के बाद शतक लगाया है।

स्टोक्स ने करियर का 14वां शतक बनाया है। लियाम डॉसन 26 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड कर दिया। इंग्लिश टीम ने आज 544/7 के स्कोर से खेलना शुरू किया। भारतीय टीम पहली पारी में 358 रन पर ऑलआउट हो गई थी।

**बेन स्टोक्स का शतक पूरा, करियर की 14वीं संेचुरी** – 146वें ओवर में बेन स्टोक्स ने अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 37 पारियों के बाद टेस्ट शतक बनाया है। उन्होंने आखिरी शतक 28 जनवरी 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में लगाया था। जसप्रीत बुमराह ने डॉसन को बोल्ड किया। 140वें ओवर में इंग्लैंड ने 8वां विकेट गंवाया। यहां लियाम डॉसन 26 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड कर दिया।

### भारत ने शून्य पर दो विकेट गंवाए, जायसवाल-सुदर्शन का खाता भी नहीं खुला, वोक्स को लगातार 2 बॉल पर विकेट

मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन भारतीय टीम मुश्किल में है। इंडियन टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में शून्य पर दो विकेट गंवा दिए हैं। ओपनर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए हैं।

### दोनों टीमें

भारत – शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अंशुल कम्बोज।

इंग्लैंड – बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ, लियम डॉसन, ब्रायडन कार्स, जोफा आर्चर और क्रिस वोक्स।

## बुमराह के नाम जुड़ा एक और रिकॉर्ड, इंग्लैंड में 50 टेस्ट विकेट वाले तीसरे एशियाई तेज गेंदबाज बने





भारतीय अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड में 50 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह वसीम अकरम (53) और इशांत शर्मा (51) के बाद इंग्लैंड में 50 टेस्ट विकेट लेने वाले सरे एशियाई गेंदबाज बन गए। उन्होंने शुक्रवार को ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट मैदान पर चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। अब बुमराह के नाम 12 मैचों में 26.38 की औसत और मात्र 2.79 की इकॉनमी रेट के साथ 50 विकेट हो गए हैं। उन्होंने 4 विकेट हॉल भी अपने नाम किए हैं। बुमराह ने चौथे टेस्ट के तीसरे दिन 15 ओवर फेंके, 48 रन दिए और विकेटकीपर जेमी स्मिथ का केवल एक विकेट लिया। दूसरे दिन की गेंदबाजी को ध्यान में रखते हुए उनका कुल स्पेल 28 ओवरों में 1/95 रहा।श्रृंखला में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के बावजूद उन्होंने पांच पारियों में 26.69 की औसत से 13 विकेट लिए, जिसमें 2 बार पांच विकेट भी शामिल हैं, लेकिन आंकड़े अभी भी निराशाजनक लग रहे हैं क्योंकि वह चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद टेस्ट मैचों में वापसी कर रहे थे, जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024/25 के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर से दूर हुई थी, जिसके दौरान उन्होंने 13.06 की औसत से रिकॉर्ड तोड़ 32 विकेट लिए, जिसमें दो बार चौके और तीन बार पांच विकेट शामिल हैं।

### एशिया जूनियर बैडमिंटन

## तन्वी शर्मा और वेन्नला कालागोटला ने विमेंस सिंगल्स में ब्रॉन्ज जीता

### पहली बार एक ही टूर्नामेंट में दो मेडल







**सोलो (एजेंसी)।** भारत की दो महिला बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पहली बार एशिया जूनियर चैंपियनशिप में एक ही टूर्नामेंट में दो मेडल जीते। इंडोनेशिया के सोलो में आयोजित इस टूर्नामेंट में तन्वी शर्मा और वेन्नला कालागोटला को सेमीफाइनल में हार के बाद ब्रॉन्ज मेडल से संतुष्ट होना पड़ा। इस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में हारने वाले खिलाड़ियों को ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किया जाता है।

**वेन्नला को चीन की खिलाड़ी ने हराया** – वेन्नला कालागोटला को सेमीफाइनल में चीन की लियू सी या ने 37 मिनट तक चले मुकाबले में 15-21, 18-21 से हराया। दूसरी गेम में 15-20 से पीछे होने के बावजूद, वेन्नला ने हार नहीं मानी और तीन मैच पॉइंट बचाकर वापसी की उम्मीद जगाई। हालांकि, आखिरी क्षणों में एक छोटी-सी गलती के कारण लियू ने सीधे गेम में जीत हासिल कर ली। इससे पहले वेंनला ने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की जान्यापोर्न मीपैंथॉन्ग के खिलाफ 58 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। वेंनला ने पहला गेम 21-18 से जीता, लेकिन दूसरा गेम 17-21 से हार गईं। निर्णायक गेम में उन्होंने 21-17 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।वेंनला ने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की जान्यापोर्न मीपैंथॉन्ग को हरा कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई थी।

## मौजूदा दौर में बल्लेबाजी करना 20-25 साल पहले की तुलना में आसान : पीटरसन



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज केविन पीटरसन ने यह दावा करके नई बहस छेड़ दी है कि मौजूदा दौर में बल्लेबाजी 20-25 साल पहले की तुलना में 'काफी आसान' हो गई है क्योंकि टेस्ट खेलने वाले देशों के गेंदबाजी स्तर में गिरावट आई है। पीटरसन की सोशल मीडिया पर यह टिप्पणी उस समय आई है जब एक दिन पहले ही इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़कर टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। पीटरसन ने एक्स पर लिखा, 'मुझ पर चिल्लाइए मत, लेकिन आजकल बल्लेबाजी करना 20-25 साल पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गई है। शायद तब बल्लेबाजी करना आज की तुलना में दोगुना मुश्किल था।% पीटरसन ने 2005 से 2013 के बीच इंग्लैंड के लिए 104 टेस्ट, 136 एकदिवसीय और 37 टी-20 मैच खेले। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 23 शतक और 35 अर्द्धशतकों के साथ 47.28 की औसत से 8,181 रन बनाए।

पीटरसन ने अपने जमाने के कई गेंदबाजों के नाम लिए और अपने फॉलोअर्स को चुनौती दी कि वे 10 समकालीन गेंदबाजों के नाम बताएं जिनकी तुलना उनके साथ की जा सके। उन्होंने लिखा, 'वकार, शोएब, अकरम, मुश्ताक, कुंबले, श्रीनाथ, हरभजन, डोनाल्ड, पोलाक, क्लूजनर, गॉ, मैक्ग्रा, ली, वार्न, गिलेस्पी, बॉन्ड, विटोरी, केर्न्स, वास, मुरली, कर्टली, कर्टनी और यह सूची बहुत लंबी हो सकती है। पीटरसन ने कहा, 'मैंने ऊपर 22 गेंदबाज़ों के नाम बताए हैं। कृपया मुझे वर्तमान समय के 10 ऐसे गेंदबाज़ों के नाम बताइए जो ऊपर दिए गए नामों से मेल खा सकें।

# ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया

## सीरीज में 3-0 की बढ़त बनाई; टिम डेविड टी-20 में सबसे तेज शतक जड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई





**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली है। बासेटेरे में खेले गए पांच मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज टिम डेविड ने 37 गेंदों में नाबाद 102 रन की पारी खेली। डेविड ने अपना शतक 37 गेंदों में पूरा किया। यह ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे तेज टी-20 शतक का रिकॉर्ड है।

**वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी-शाई होप की शतकीय पारी** – टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिच मार्श ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। वेस्टइंडीज के लिए सलामी बल्लेबाज शाई होप और ब्रैंडन किंग ने शानदार शुरुआत दी, पहले विकेट के लिए 125 रनों की साझेदारी की। होप ने 57 गेंदों में नाबाद 102 रन बनाए और टी-20 में अपनी पहली सेंचुरी पूरी की। वह क्रिस गेल के बाद वेस्टइंडीज के लिए सभी फॉर्मेट में शतक बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। ब्रैंडन किंग ने 36 गेंदों में 62 रन जोड़े। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 214 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से शॉन एबॉट ने 4 ओवर में 21 रन देकर किफायती गेंदबाजी की, जबकि नाथन एलिस ने डेथ ओवरों में 4 ओवर में 37 रन देकर 1 विकेट लिया। लेग स्पिनर एडम जंपा (4 ओवर में 51 रन, 1 विकेट) और बेन ड्वारशुइस (4 ओवर में 46 रन) महंगे साबित हुए। ग्लेन मैक्सवेल ने भी पावरप्ले में 2 ओवर में 31 रन दिए।शाई होप क्रिस गेल के बाद वेस्टइंडीज के लिए सभी प्रारूपों में शतक बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने।

**ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी-टिम डेविड ने 102 रन की नाबाद पारी खेली** – 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन पावरप्ले में मिच मार्श (22), ग्लेन मैक्सवेल (20) और जोश इंग्लिस (15) के विकेट गिरने से स्कोर 6 ओवर में 65/3 हो गया। वेस्टइंडीज उस समय 6 ओवर में 66/0 पर थी, जिससे मेजबान टीम का पलड़ा भारी लग रहा था। कैमरन ग्रीन (14 गेंदों में 11) के आउट होने के बाद स्कोर 87/4 था। यहां से टिम डेविड और मिच ओवेन ने मोर्चा संभाला। डेविड ने गुडाकेश मोती के एक ओवर में चार छक्के जड़कर माहौल बदल दिया। दोनों ने शतकीय साझेदारी कर 16वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। डेविड की 37 गेंदों में नाबाद 102 और ओवेन की नाबाद पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 16.1 ओवर में 4 विकेट पर 215 रन बनाकर जीत हासिल की।

# मेसी-आल्बा पर एक मैच का बैन

## एमएलएस ऑल-स्टार गेम में न खेलने के कारण एक्शन



**मियामी (एजेंसी)।** इंटर मियामी के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी और जोर्डी आल्बा को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने एक-एक मैच के लिए बैन कर दिया है। यह फैसला दोनों खिलाड़ियों के इस साल के एमएलएस ऑल-स्टार गेम में भाग नहीं लेने के कारण लिया गया। इसके चलते, दोनों खिलाड़ी इंटर मियामी के अगले लीग मैच में एफसी सिनसिनाटी के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। इंटर मियामी के मालिक जॉर्ज मास ने इस फैसले को कठोर और अनुचित बताया है।

**एमएलएस का बयान** – एमएलएस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि लीग नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो बिना पूर्व स्वीकृति के ऑल-स्टार गेम में भाग नहीं लेता, वह अपनी क्लब की अगली प्रतियोगिता में खेलने के लिए अयोग्य माना जाता है।

**एमएलएस ऑल-स्टार गेम क्या है** – मेसी और आल्बा को प्रशंसकों ने ऑल-स्टार गेम के लिए चुना था, जिसमें एमएलएस की टीम का मुकाबला मेक्सिको की लीगा एमएक्स की टीम से था। मेसी ने व्यस्त कार्यक्रम के कारण आराम करने का फैसला किया, जबकि आल्बा पुरानी चोट से जूझ रहे थे। इस वजह से इंटर मियामी ने दोनों खिलाड़ियों को इस मैच में नहीं उतारने का निर्णय लिया। इस गेम में एमएलएस ऑल-स्टार टीम ने 3-1 से जीत हासिल की। पिछले साल भी मेसी ने चोट के कारण ऑल-स्टार गेम में हिस्सा नहीं लिया था।

## दीक्षा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ के कट में प्रवेश करने वाली इकलौती भारतीय





**नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड) (एजेंसी)।** दीक्षा डागर संयुक्त रूप से 59वें स्थान के साथ 2025 आएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय रही। दीक्षा ने पार-72 के कोर्स पर दूसरे दिन चार ओवर 76 का कार्ड खेल कुल एक ओवर के स्कोर के साथ कट में प्रवेश किया। कट में कुल 71 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। दीक्षा ने पहले दिन तीन अंडर 69 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन लय बरकरार नहीं रख सकी। पेशेवर गोल्फ में पदार्पण कर रही इंग्लैंड की लॉटी वोड दूसरे दिन 65 का कार्ड खेलने के बाद कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। दीक्षा आखिरी दो होल में बर्डी लगाकर कट में प्रवेश करने में सफल रही। इस दौर के 16वें होल तक उनका स्कोर छह ओवर का था। टूर्नामेंट में खेल रही दो अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स (75-73) और त्वेसा मलिक (77-77) कट से चूक गईं।

## अरविंद चितांबरम बने 58वें बील शतरंज महोत्सव के उपविजेता





**बील ,स्विट्ज़रलैंड (एजेंसी)।** 58वें बील शतरंज महोत्सव के ग्रांडमास्टर ट्रायथलॉन में स्लोवेनिया के ग्रांडमास्टर व्लादिमीर फेडोसीव ने खिताब अपने नाम कर लिया है । अंतिम राउंड में फेडोसीव ने यूएई के ग्रांड मास्टर सालेम सालेह को हराया, जबकि भारत के ग्रांडमास्टर अरविंद चितांबरम ने विश्व रैपिड चैंपियन रूस के वोलोदार मुरजिन से ड्रॉ खेला। दोनों खिलाड़ियों ने समान 28.5 अंक बनाए, पर फेडोसीव ने फ्रीस्टाइल शतरंज स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर टाई-ब्रेक से खिताब जीता। अरविंद को दूसरा स्थान मिला। सालेम सालेह 24.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

इससे पहले चैलेंजर्स वर्ग में ग्रीस के ग्रांडमास्टर निकोलस थियोडोरू ने एक राउंड पहले ही खिताब अपने नाम कर लिया था। उन्होंने कुल 33.5 अंक हासिल किए। आर्मेनिया के अराम हाकोब्यान 28.5 अंकों के साथ दूसरे और कजाकिस्तान के रिनात जुमाबायेव 20 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

उधर मास्टर्स टूर्नामेंट में भारत के पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन ग्रांडमास्टर कार्तिकेयन मुरली ने 10 में से 8 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि ग्रांड मास्टर प्रणव आनंद 7.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

## स्टीव स्मिथ की इंग्लैंड क्रिकेट टीम को चेतावनी, मुश्किल समय के लिए तैयार रहें



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज घरेलू मैदान पर 'सपाट' पिचों पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज में बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एक बिल्कुल अलग चुनौती होगी और दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने उन्हें चेतावनी दी है।

भारत-इंग्लैंड के बीच मौजूदा श्रृंखला में बल्लेबाजी की सहजता बहस का विषय बन गई है और स्मिथ का मानना है कि ब्रिटिश बल्लेबाजों को बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों की आदत नहीं डालनी चाहिए। दोनों टीमें कम से कम एक बार एक पारी में 500 से अधिक रन बनाने में सफल रही हैं और लगातार 400 से अधिक रन बनाए हैं। स्मिथ के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया, उनके (इंग्लैंड के) बल्लेबाजों को इंग्लैंड में पिछले कुछ समय से देखी जा रही पिचों की तुलना में थोड़ी अलग चुनौती मिलेगी, जो काफी सपाट और बल्लेबाजी के लिए अच्छी रही हैं।

स्मिथ ने कहा, पिछले तीन-चार सालों में ऑस्ट्रेलिया के विकेट शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल रहे हैं। यह उनके लिए एक अच्छी चुनौती होगी। लेकिन यह एक शानदार सीरीज होने वाली है। एशेज की तैयारी के तहत स्मिथ इंग्लैंड और भारत के बीच होने वाले मुकाबले पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, %मैं भारत और इंग्लैंड की सीरीज देख रहा हूं और वहां शानदार क्रिकेट खेला गया है, इसलिए मुझे लगता है कि इस साल एशेज बेहद शानदार होने वाली है।

स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड ने अपने आक्रामक रवैये पर लगाम लगा दी है और दर्शकों का मनोरंजन करने की बजाय मैच जीतने पर ज़्यादा ध्यान केंद्रित कर रहा है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने कहा, पिछले कुछ हफ़्तों में उन्होंने परिस्थितियों के हिसाब से थोड़ा अलग खेलना शुरू कर दिया है, बजाय इसके कि वे मैदान पर जाकर वैसा मनोरंजन करने की कोशिश करें जैसा वे कहते थे कि वे बनना चाहते हैं। वे अब असल में मैच जीतने की कोशिश कर रहे हैं, जो शायद उनकी पिछली टिप्पणियों से अलग है।

ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम इस समय वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेल रही है, लेकिन स्मिथ, जो आगामी हंड्रेड टूर्नामेंट में वेल्श फायर की कप्तानी करेंगे, इंग्लैंड में हैं। हालांकि उन्होंने इस साल फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था, लेकिन स्मिथ 2028 लॉस एंजिल्स खेलों तक, जहां क्रिकेट की वापसी होगी, सबसे छोटे प्रारूप में खेलना जारी रखना चाहते हैं ताकि ओलंपियन बन सकें। स्मिथ ने कहा, मैंने वनडे क्रिकेट खेलना बंद करने का फैसला किया ताकि मैं और अधिक फ्रेंचाइजी के लिए खेल सकूं और ओलंपिक टीम में जगह बना सकूं। इसलिए दुनिया भर में और अधिक छोटे प्रारूप के टूर्नामेंट खेलना फायदेमंद ही होगा। यह मेरे लिए एक लंबा सफर रहा है, और मैं लंबे समय से ऐसा कर रहा हूं। मैं अभी भी इसका आनंद ले रहा हूं, खासकर छोटे प्रारूपों का और मैं अपना नाम वहां दर्ज कराना चाहता हूं।

## बुमराह जल्द ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं, पूर्व भारतीय क्रिकेटर कैफ का चौंकाने वाला खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने चौंकाने वाला खुलासा किया है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे चौथे टेस्ट मैच में मैदान पर अपना 100 प्रतिशत देने में विफल रहने के बाद लाल गेंद के क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। बुमराह ने अब तक इंग्लैंड की पहली पारी में 28 ओवर फेंके हैं और 1/95 रन देकर एक विकेट के आंकड़े के साथ लौटे हैं।

शुक्रवार को खेल के अंतिम सत्र में उनका एकमात्र आउट जेमी स्मिथ था। यह विकेट लेने के बारे में नहीं था, लेकिन चल रहे चौथे टेस्ट में उनकी गति में उल्लेखनीय गिरावट आई है, जहां वह ज्यादातर 130-135 किमी प्रति घंटे की रेंज में चल रहे हैं। हेडिंग्ले में श्रृंखला के पहले मैच के दौरान उनकी गति से काफी गिरावट आई है। लीड्स और लॉर्ड्स दोनों टेस्ट मैचों में, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने लगातार 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को छुआ।

कैफ ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह आगामी टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे और शायद संन्यास भी ले लें। वह अपने शरीर के साथ संघर्ष कर रहे हैं और इस टेस्ट मैच में उनकी गति कम हो गई है। वह एक ईमानदार इंसान हैं और अगर उन्हें लगता है कि वह देश को अपना शत-प्रतिशत नहीं दे पा रहे हैं, तो वह खुद को बाहर कर लेंगे। विकेट न मिलना एक बात है, लेकिन गति भी 125-130 किमी प्रति घंटे तक गिर गई है।

चिंताएं तब और बढ़ गईं जब बुमराह को दूसरे सत्र के दौरान अपने टखने को पकड़ते हुए देखा गया, हालांकि वह बाद में गेंदबाजी करने के लिए वापस लौटे। यहां तक कि कमेंटेटरों ने भी कहा कि वह खुद को संभालते हुए अपने आप में ही गेंदबाजी करते हुए और सावधानी से क्रीज पर आते हुए दिखाई दिए। कार्यभार प्रबंधन के कारण बुमराह पहले से ही 5 में से केवल तीन टेस्ट मैचों में ही खेल पाएंगे, कैफ ने सुझाव दिया कि प्रशंसकों को आगे चलकर उन्हें लंबे प्रारूप में कम देखने की संभावना के साथ तालमेल बिठाना शुरू करना होगा।

पूर्व बल्लेबाज ने आगे कहा, उनके जुनून और प्रतिबद्धता पर कोई शक नहीं है, लेकिन उनका शरीर कमजोर पड़ रहा है। इस टेस्ट में उनका खराब प्रदर्शन साफ दर्शाता है कि उन्हें आगे टेस्ट मैच खेलने में दिक्कत होगी और शायद वह टेस्ट मैच भी न खेलें। विराट कोहली, रोहित शर्मा और अश्विन के बाद भारतीय प्रशंसकों को बुमराह के बिना खेलने के लिए खुद को तैयार करना होगा। मुझे उम्मीद है कि मेरी भविष्यवाणी गलत निकलेगी, लेकिन मैंने जो देखा, मैं वही कह रहा हूं।

# विभागीय कार्यों में बरतें पारदर्शिता : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में विशेष केन्द्रीय सहायता, आकांक्षी जिला कार्यक्रम, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न और जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (एल.ए.ई.ओ.) के कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि विशेष केन्द्रीय सहायता योजना एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं नियत समय-सीमा के भीतर, विशेषतः अगस्त 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के माध्यम से संचालित



योजनाओं के क्रियान्वयन में संवेदकों से समन्वय स्थापित कर समस्त कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तावित आकांक्षा हाटके सफल आयोजन हेतु सभी संबंधित विभागों को तैयारी आरंभ करने तथा परिवर्तन के चैंपियन के सभी प्रमुख सूचकांकों स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन तथा आधारभूत संरचना में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि योजना कार्यान्वयन के क्रम में आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या की जानकारी त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जाए ताकि आवश्यक समाधान सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही विशेष केन्द्रीय सहायता योजनाओं से संबंधित सभी पूर्ण योजनाओं के विरुद्ध डी.सी. विपत्र यथाशीघ्र समर्पित किए जाएं तथा सभी योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियत समय सीमा में उपलब्ध कराया जाए। बैठक में सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, डी.पी.ओ., जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, खनिज विकास पदाधिकारी, सहायक निदेशक (उद्यान), सहायक योजना पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन), सहायक अभियंता (लघु सिंचाई प्रमंडल), सहायक अभियंता (भवन प्रमंडल), जिला पशुपालन पदाधिकारी, डी.पी.एम. (जीविका), डी.पी.एम. (स्वास्थ्य) सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# डायरिया से किशोरी की मौत, 10 से अधिक आक्रांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के परसडीह पंचायत अंतर्गत सिनवारी एवं करमुखाप गांव में पिछले चार दिनों में डायरिया के 10 मरीज सामने आए हैं। इन मरीजों में से एक नाबालिग बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है, जबकि चार मरीजों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पातल रेफर किया गया है। मृत बच्ची की पहचान सिनवारी गांव निवासी सलीम मियां की 10 वर्षीय बेटी अफसाना खातून के रूप में हुई है। उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर उसे धंधवा के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। डायरिया से किशोरी की मौत की खबर सुनते ही स्वास्थ्य महकमा सक्रिय हो गया है। डायरिया के 10 से अधिक केस मिलने की शिकायत के बाद सिनवारी और



करमुखाप गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची और लोगों के इलाज में जुट गई। मेडिकल टीम की ओर से गांव में कई जगहों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने लोगों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्याम कुमार ने बताया कि नाबालिग बच्ची की मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों का कहना है कि डायरिया के चपेट में आकर ही उसकी मौत हुई है। करमुखाप गांव में स्थिति नियंत्रण में है। वहीं सिनवारी गांव में लगभग 10 लोग डायरिया से आक्रांत हैं। सिनवारी गांव के रहने वाले 55 साल के राम प्रजापति, बसंत यादव की बेटी 14 साल की खुशी कुमारी और गुप्त प्रजापति की बेटी भूमि कुमारी को सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं, एक दिन पहले शुक्रवार को सिनवारी गांव के रहने वाले बसंत यादव की पत्नी मुन्नी देवी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया था। फिलहाल उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। चार दिन पहले सिनवारी गांव में कुछ लोगों में उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हुई तो मरीजों को निजी क्लिनिक के साथ-साथ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि देखते ही देखते धीरे-धीरे लोगों की संख्या बढ़ने लगी। रात के समय तक करीब 6 से 7 लोग डायरिया के शिकार मिले। शुक्रवार की सुबह अचानक मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। पति को इलाज के लिए लेकर सदर अस्पताल पहुंची रामा प्रजापति की पत्नी प्रमिला देवी ने बताया कि घर में सबसे पहले मुझे उल्टी और दस्त की शिकायत हुई थी, दो दिनों में मैं ठीक हो गई। इसके बाद मेरी बेटी 8 साल की सलोनी और 9 साल की मधु डायरिया के चपेट में आ गई। दोनों पूरी तरह से ठीक भी नहीं हुई थी कि मेरे पति रामा को उल्टी-दस्त शुरू हो गया।

# नहर में डूबने से दो चचेरी बहनों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के वार पंचायत के सलुपरा गांव में नहर में डूबने से दो चचेरी बहनों की मौत हो गई। मृतकों में उस गांव निवासी सुनील यादव की 11 वर्षीय पुत्री आरती कुमारी एवं कमलेश यादव की 14 वर्षीय पुत्री गुड़िया कुमारी शामिल है। इस घटना से आसपास चीख पुकार मच गया। जानकारी के मुताबिक दोनों किशोरी अपने खेत पर गई और इसी क्रम में शौच के लिए केशहर नहर की ओर गई जहां पैर फिसलने से नहर में जा गिरी। जब काफ़ी देर तक दोनों वापस नहीं लौटी तो मां पुष्पा देवी और मंजू देवी नहर किनारे पहुंची तो देखा कि दोनों नहर में गिरी हुई है। शोर मचाने पर खेत में काम कर रहे आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन जब तक बचाव कार्य किया जाता तब तक काफी देर हो चुकी थी। पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना सीओ मो. अकबर हुसैन एवं थानाध्यक्ष राजेश कुमार को दी गई। सूचना के आलोक में वे घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने आपदा राहत के तहत जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि नहर में डूबने से दो किशोरियों की मौत हुई है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए पोषण आवश्यक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अंबा (औरंगाबाद)।** पीएमश्री मध्य विद्यालय कुटुम्बा में शनिवार को व्यवसायिक कौशल और स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण थीम पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में बच्चों ने प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के अंतर्गत बनाए गए प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी भी लगाई। प्रदर्शनी का अवलोकन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी गंगाधर महतो, हेडमास्टर चंद्रशेखर प्रसाद साहू, विज्ञान व गणित की शिक्षिका पूनम उपाध्याय, सतीश कुमार सिंह व अभिभावकों ने किया। प्रदर्शनी में वायु प्रदूषण, सोलर पैनल,प्रकाश संश्लेषण, तड़ित चालक, जल मंडल, सौरमण्डल, सोलर वाटर हीटर आदि विज्ञान तथा भिन्न से परिचय, घन-घनाभ, संख्या पहेली,संख्याओं



की पहचान, वर्ग, घन, पूर्णांक संख्याओं पर आधारित गणित के बनाये गए प्रोजेक्ट दिखाये गए। प्रोजेक्ट को देखकर सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा कि इस पद्धति से बच्चे कर के सीखते हैं। इससे बच्चों में विज्ञान और गणित विषय में अभिरुचि का विकास होता है। छात्रा रितु, अमृता, शिवानी, अंशु, रूपा, आशी, जूही, जुली, लक्ष्मी, अंशु, निभा, पल्लवी, प्रिया, आयत, इंशरा, पायल, सुनैना, हनी, निधि, प्रीति, रिया, चांदनी, पुष्पांजलि और छात्र अमन, प्रिंस, भीम, अभिषेक, रवि, सन्नी, रौशन, साकेत, धीरज, अंकित के द्वारा ये प्रोजेक्ट बनाए गए थे। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों के साथ बच्चों के भविष्य की तैयारी के लिए आवश्यक व्यवसायिक विकल्पों, कार्य आधारित कौशलों और जीवनोपयोगी दक्षताओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने यह भी चर्चा की कि घर हो या स्कूल, दोनों स्तरों पर बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ये सब बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए आवश्यक है। संगोष्ठी में अभिभावक अरुण सिंह, सुषमा देवी, अतीका खातून, रंजनी देवी, कलावती देवी, ललिता देवी, कुसुम देवी, गुड़िया देवी, रेणु देवी, पूनम देवी, सरस्वती देवी, ज्ञानती देवी, ममता देवी, रेखा देवी, किरण देवी, संगीता देवी आदि व शिक्षक अहमद रज़ा, बिमल चौहान, रीता देवी, कुमारी नंदिनी, कमाल फातमा, संगीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

# आरएमजीआई में नये पाठ्यक्रम संचालन की रुपरेखा तैयार : निदेशक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के सभी महाविद्यालयों की तरह शहर के राजन ममता ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में नये सत्र से नये पाठ्यक्रम संचालन की रूप रेखा लगभग तैयार है। अब फार्मेसी सहित अन्य रोजगार युक्त पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को पलायन करने की आवश्यकता नहीं होंगी। राजन ममता ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के डायरेक्टर अंकित राज ने कहा कि नए अकादमी सत्र में महाविद्यालय द्वारा एम फार्मा, नर्सिंग, ए.एन.एम, जी.एन.एम को शुरू करने की पुरी तैयारी कर ली गई है। पाठ्यक्रम से सम्बंधित सभी आवश्यक दस्तावेज का निरिक्षण भी सम्बंधित विभाग से लगभग हो गया है बस कुछ ही दिनों में बाकी के भी आवश्यक काजगी कार्य पूरे कर लिए जायेंगे और अगस्त माह के दूसरे या तीसरे सप्ताह से नामांकन प्रारम्भ कर शीघ्र ही कोर्स का संचालन किया जायेगा। राजन ममता डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमित मिश्रा ने भी आधिकारिक रूप से बताया कि इस सत्र में अखिल भारतीय तकनिकी शिक्षा परिषद् को महाविद्यालय द्वारा सीट बढ़ाने के लिए प्रार्थना पत्र भेजा गया था। तत्पश्चात परिषद् द्वारा आवश्यक दस्तावेजों का मूल्यांकन कर 60 सीट अतिरिक्त वृद्धि का आदेश पत्र भी विगत दिनों महाविद्यालय को प्राप्त हुआ है जिससे स्नातक स्तर पर सीटों की संख्या पूर्व से दोगुनी हो गई है। छात्रों की विशेष मांग पर ऐसा निर्णय लिया गया जिसमें महाविद्यालय सफल हुआ।

# नगर परिषद नहीं करा रहा नाला की सफाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर परिषद के द्वारा जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। वर्षा के बाद सड़क पर दो फीट से अधिक पानी जमा रहता है। मामला शहर के वार्ड नं- 10 स्थित जामा मस्जिद से कुरैशी मोहल्ला एवं पठान टोली होते हुए टिकरी रोड जाने वाली सड़क की है। सड़क पर नाला का पानी भरने से नागरिकों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि मोहल्ले में ड्रेनेज सिस्टम ठीक नहीं है। नाला जाम होने के कारण सड़क पर पानी आ जाता है। वर्षा बंद होने के बाद पानी उतरने में कम से कम दो घंटे का समय लगता है। वर्षा से पहले नाला की सफाई तक नहीं कराई गई है। बता दें कि जब वर्षा के बाद कुरैशी मोहल्ला स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय में भी जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। जिसके कारण विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों को परेशानी होती है। साथ ही बच्चों के बीमार होने की भी आशंका बनी




रहती है। सड़क कई मोहल्लों को जोड़ती है। जामा मस्जिद से पठान टोली, कुरैशी मोहल्ला, अली नगर, अंसाबाग के लोग इस सड़क से होकर आते-जाते हैं। इसके अलावा यह सड़क मिनी बिगहा होते हुए शहर के बाइपास तक जाती है। नागरिकों ने नगर परिषद के अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है। इधर वार्ड पार्षद अल्ताफ कुरैशी ने बताया कि पहले नाला की सफाई हुई थी परंतु नागरिक उसमें कचरा फेंक देते हैं जिसके कारण नाला जाम हो गया है। जल्द ही नाले की सफाई करा दी जाएगी।

# कारगिल के वीरों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय में शनिवार को कारगिल विजय दिवस पर स्मृति रैली एवं श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन कॉलेज के एनसीसी यूनिट एवं प्रशासनिक विभाग के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं एनसीसी कैडेट्सों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज परिसर से कारगिल विजय चौक तक रैली निकालकर की गई। देशभक्ति नारों से गूंजती इस रैली का नेतृत्व आर्यन कुमार एवं




विशाल कुमार ने किया। उनके साथ सीनियर अंडर ऑफिसर मनीष कुमार, अंडर ऑफिसर विकास कुमार, कैडेट गौतम, राहुल, निखिल, पीयूष, आयुषी, ऋचा, श्वेता, काजल सहित अन्य ने अनुशासित ढंग से रैली को संयोजित किया। रैली के समापन पर कारगिल विजय चौक स्थित शहीद शिव शंकर गुप्ता के स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक सैन्य सफलता नहीं बल्कि यह भारतीय सेना के शौर्य, त्याग और समर्पण की अमर गाथा है। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम भी अपने-अपने क्षेत्रों में देश के प्रति ईमानदारी से योगदान दें। महाविद्यालय के बर्सर एवं सहायक एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध भारतीय सेना के धैर्य, रणनीति और बलिदान का प्रतीक है। एनसीसी जैसे प्लेटफॉर्म युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्सों ने अनुशासन, एकता और देशभक्ति का परिचय देते हुए न सिर्फ रैली में भाग लिया बल्कि माल्यार्पण और मौन श्रद्धांजलि जैसे अनुष्ठानों को भी गरिमापूर्वक संपन्न किया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और देश सेवा के मूल्यों से जोड़ना था, जो पूरी तरह सफल रहा।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनी लोगों की फरियाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जनता दरबार में कुल 18 परिवादी उपस्थित हुए जिनके द्वारा स्थानांतरण, जमाबंदी, एलपीसी निर्माण में रिश्वत की मांग, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका की नियुक्ति, आहार वितरण, पईन उड़ाही, भूमि विवाद, भू-अर्जन, नाली एवं गली निर्माण, नल-जल योजना सहित अन्य लोकहित से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत की गईं। इस दरबार में देव अंचल के ढिबरा थाना क्षेत्र के बरंडा गांव निवासी सुरेन्द्र मेहता द्वारा राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार पर एलपीसी निर्माण के एवज में 60 हजार रूपये रिश्वत मांगने की शिकायत की गई। उसी गांव निवासी सुरेश मेहता द्वारा दाखिल-खारिज की प्रक्रिया में घूस लेने के बावजूद कार्य पूर्ण नहीं करने की शिकायत दर्ज कराई गई। हसपुरा थाना क्षेत्र के टनकुपी गांव निवासी स्वच्छताग्राही उदय कुमार ने डीआरपी एवं मुखिया द्वारा स्वच्छता पर्यवेक्षक में बहाली नहीं किए जाने की शिकायत की। बारून प्रखंड क्षेत्र के करमडीह गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने पंजाब नेशनल बैंक द्वारा मकान की नीलामी पर रोक लगाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए गए जिसपर जिला पदाधिकारी ने तत्परता से संज्ञान लिया। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच कर तय समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों के निपटारे में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जनता दरबार की समाप्ति के पश्चात जिलाधिकारी ने उपस्थित नागरिकों को यह आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु पूरी तरह से संवेदनशील, प्रतिबद्ध एवं उत्तरदायी है।

## आहर-तालाब के बगल से कीचड़ में होकर विद्यालय जाते हैं बच्चे, कभी भी बड़ा हादसा संभव

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** भदुकी कलां पंचायत आखरी गांव डिहवा के स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों को को जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। पक्की सड़क के अभाव में स्कूली बच्चों को कीचड़ भरे रास्तों में होकर विद्यालय जाना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में स्कूली छात्र-छात्राओं को फिसलकर चोटिल होना पड़ रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यक लक्ष्मी नारायण ने पत्र लिखकर विभिन्न कार्यालयों में सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों को कीचड़ में होकर स्कूल जाना पड़ता है। खासकर बारिश के मौसम में स्कूली छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण संजय यादव, विनय कुमार, गणेश भुइयां, प्रदीप कुमार एवं शंकर यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से बराबर विद्यालय तक पांच सौ फिट का सड़क निर्माण को लेकर गोहर लगते रहे हैं लेकिन अबतक सभी मांगों को अनसुना कर दिया जाता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

